माघ कृष्ण पक्ष चतुर्थी 8:54 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
हल्द्वानी, मंगलवार, 30 जनवरी 2024
वर्ष 3, अंक 347, पृष्ठ 16
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com

ब्रह्मांड की घटनाओं को उजागर करेंगे नासा-इसरा 16
रणबीर-आलिया को सर्वश्रेष्ठ कलाकार का पुरस्कार 15

## एक हफ्ते के भीतर देश में लागू होगा सीएए

### केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने किया दावा

कोलकाता, एजेंसी



केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने सोमवार को दावा किया कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) एक सप्ताह के भीतर देशभर में लागू कर दिया जाएगा। दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इस दावे को 'चुनावी बयानबाजी' कहकर खारिज कर दिया और राज्य में सीएए के क्रियान्वयन को रोकने का संकल्प जताया।

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के मटुआ समुदाय बहुल बोंगांव से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ठाकुर ने कहा कि कानून को सात दिन के भीतर तेजी से कार्यान्वित किया जाएगा। वर्ष 2019 में केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लाए गए सीएए का उद्देश्य 31 दिसंबर 2014 से पहले बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आकर भारत में बसे हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाइयों सहित प्रताड़ना झेल चुके गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है।

दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप में रविवार शाम एक जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री ठाकुर ने कहा कि राम मंदिर का उद्घाटन हो गया है। अगले एक सप्ताह में न केवल पश्चिम बंगाल में बल्कि पूरे देश में सीएए को लागू किया जाएगा। कोलकाता में सोमवार को संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने दोहराया कि मैंने कल जो कहा था, उस पर कायम हूं। सात दिन के अंदर सीएए को लागू किया जाएगा। यह मेरी गारंटी है।

## उत्तराखंड में जल्द लागू होगा यूनिफॉर्म सिविल कोड

ब्यूरो, देहरादून

» मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर दी जानकारी

**अमृत विचार :** राज्य में जल्द ही समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। यूसीसी को लेकर गठित विशेषज्ञों की कमेटी आगामी 2 फरवरी को यूसीसी का ड्राफ्ट राज्य सरकार को सौंप देगी। फिर ड्राफ्ट का आकलन करने के बाद विधेयक पेश किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर बताया कि बीते विधानसभा चुनाव से पहले समान नागरिक संहिता लागू करने का संकल्प लिया था। सरकार का गठन होने के बाद बीती 23 मार्च 2022 को हुई पहली कैबिनेट बैठक राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने पर मुहर लगी। इसके बाद बीती 27 मई 2022 को सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजना देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ कमेटी का गठन किया गया। कमेटी ने राज्य भर में दौरे किए और समाज के हर तबके का रुझान लिया।

उन्होंने बताया कि कमेटी आगामी 2 फरवरी को यूसीसी का ड्राफ्ट सौंप देगी। इस ड्राफ्ट का आकलन करने के बाद विधेयक बनाने के लिए विधानसभा में पेश किया जाएगा। जल्द ही राज्य में समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। देश में समान नागरिक संहिता लागू करने वाला पहला राज्य बनेगा।

### समान नागरिक संहिता

समान नागरिक संहिता में सभी धर्म-समुदाय के लोगों के लिए समान कानून की वकालत की गई है। अभी हर धर्म-जाति का अलग कानून है। इसके हिसाब से ही शादी, तलाक जैसे व्यक्तिगत मामलों में निर्णय होते हैं। यूसीसी लागू होने के बाद हर धर्म-जाति के नागरिकों के लिए विवाह पंजीकरण, तलाक, बच्चा गोद लेना और संपत्ति के बंटवारे जैसे मामलों में समान कानून लागू होगा।

## हरिद्वार से अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन



**हरिद्वार, अमृत विचार :** तीर्थनगरी हरिद्वार से राम जन्मभूमि अयोध्या के लिए रेल सेवा शुरू हो गई है। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरी झंडी दिखाकर आस्था स्पेशल ट्रेन को रवाना किया। पहली बार अयोध्या के लिए चली ट्रेन में 1,504 श्रद्धालु रामधाम को रवाना हुए।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आस्था स्पेशल ट्रेन के चलने से हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून सहित गढ़वाल व कुमाऊं मंडल के रामभक्तों को सहूलियत मिलेगी। इस दौरान महानिर्वाणी के सचिव रविन्द्र पुरी, महामंडलेश्वर रूपेन्द्र प्रकाश, पदम, विधायक मदन कौशिक, संजय गुप्ता, जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल, एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल मौजूद रहे।




## लालू से ईडी की 10 घंटे पूछताछ

### जमीन के बदले रेलवे में नौकरी देने के मामले में भेजा गया था समन

पटना, एजेंसी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख एवं पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद 'जमीन के बदले नौकरी' घोटाले में पूछताछ के लिए सोमवार को पटना स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय पहुंचे। राजद प्रमुख के साथ उनकी बेटी मीसा भारती भी रहीं। वे पूर्वाह्न 11:05 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी कार्यालय के बाहर भारी संख्या में राजद समर्थक भी जुट गए और नारेबाजी की। स्थिति यह हो गई कि अधिकारियों को सीआरपीएफ बुलानी पड़ गई। ईडी ने 19 जनवरी को लालू और उनके बेटे तेजस्वी यादव को मामले में नया समन भेजा था। उनसे 10 घंटे पूछताछ की गई।

जदयू अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महागठबंधन से अलग होने के एक दिन बाद लालू प्रसाद केंद्रीय एजेंसी के सामने पेश हुए। इस गठबंधन में राजद सबसे बड़ा घटक दल है। ईडी कार्यालय में लालू को प्रवेश कराने के बाद मीसा ने कहा कि जब भी कोई केंद्रीय जांच एजेंसी हमारे परिवार के किसी सदस्य को पूछताछ के लिए बुलाती है तो हम वहां जाते हैं और उनके साथ सहयोग करते हैं और उनके सभी सवालों का जवाब देते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी (लालू) स्वास्थ्य स्थिति के कारण उनके लिए अकेले जाना मुश्किल है। यही कारण है कि जब भी वह कहीं जाते हैं तो किसी को उनके साथ जाना पड़ता है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महागठबंधन से अलग होने के बाद भाजपा के साथ जुड़ने के सवाल पर भारती ने कहा कि बेहतर होगा कि आप उनसे (नीतीश से) पूछें। कहने के लिए कुछ नहीं बचा।



### लालू को गिरफ्तार करेंगे... वे डरे हुए हैं: मीसा

लालू प्रसाद यादव से ईडी की पूछताछ पर राजद सांसद और लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने कड़ी आपत्ति जाहिर की। उन्होंने कहा कि लालू यादव का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। वह खुद खा भी नहीं सकते हैं। किसी को उनको खाना खिलाना पड़ता है। मीसा ने आगे कहा कि ईडी का कोई अधिकारी बोलने के लिए तैयार नहीं है। चूंकि चुनाव नजदीक हैं। इसलिए प्रधानमंत्री डरे हुए हैं और ऐसी चीजें ही करेंगे। यह सरकार मेरे पिता को भी (गिरफ्तार) कर सकती है, लेकिन एक बीमार आदमी को गिरफ्तार करके उन्हें क्या मिलेगा।

### राबड़ी के पूर्व कर्मी ने घूस में ली संपत्ति हेमा के नाम की

**नई दिल्ली।** लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी की गोशाला के एक पूर्व कर्मचारी ने रेलवे में नौकरी के इच्छुक एक व्यक्ति से संपत्ति हासिल की और बाद में इसे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी हेमा यादव को हस्तांतरित कर दिया। यह आरोप ईडी ने सोमवार को लगाया, जो जमीन के बदले नौकरी मामले की जांच कर रहा है। केंद्रीय एजेंसी ने दिल्ली की एक अदालत में एक आरोप-पत्र दायर किया था, जिसमें कुछ अन्य लोगों के अलावा लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी और उनकी बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव को आरोपी बनाया गया था।

### सोरेन 31 को होंगे हाजिर ईडी को दी जानकारी



**नई दिल्ली।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी को पूछताछ के लिए 31 जनवरी को समय दिया है। झामुमो से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि ईडी को सोमवार को एक मेल भेजा गया है। ईडी ने 27 जनवरी को मुख्यमंत्री को समन भेजा था। इससे पहले सोमवार को ईडी का एक दल जांच के सिलसिले में सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचा।

## राज्यसभा चुनाव के लिए 8 फरवरी को जारी होगी अधिसूचना

**देहरादून, अमृत विचार :** राज्य चुनाव आयोग ने राज्यसभा सदस्य के चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. वी षणमुगम ने सोमवार शाम सूचना जारी कर बताया कि राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी का कार्यकाल 2 अप्रैल 2024 को पूरा हो रहा है।

कार्यकाल समाप्ति के बाद राज्यसभा सांसद के निर्वाचन के लिए, केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने कार्यक्रम जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि 8 फरवरी को अधिसूचना जारी की जाएगी। इसी तिथि से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 15 फरवरी, नामांकन पत्रों की जांच 16, नाम वापसी की अंतिम तिथि 20, मतदान 27 फरवरी को सुबह 9 बजे से 4 बजे तक होगी और 5 बजे मतगणना होगी।

29 फरवरी को निर्वाचन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। उन्होंने मतदान में मतदाता रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से दिए गए वायलट कलर स्केच पेन का ही इस्तेमाल करेंगे। अन्य किसी पेन का इस्तेमाल मान्य नहीं होगा।

## सेंसेक्स 1,241 अंक उछला निफ्टी भी 21,700 के ऊपर

मुंबई, एजेंसी

» स्थानीय व एशिया के अन्य शेयर बाजारों में तेजी का दिखा असर

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को तेजी के चलते दोनों मानक सूचकांक में जोरदार उछाल आया। एशिया के अन्य बाजारों में तेजी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज में भारी लिवाली के साथ बीएसई सेंसेक्स जहां 1,241 अंक मजबूत हुआ, वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 21,700 अंक के आंकड़े को पार कर गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,240.90 अंक यानी 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,941.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,309.55 अंक तक उछल गया था। निफ्टी भी 385 अंक यानी 1.80 प्रतिशत उछलकर 21,737.60 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ गया। इसके अलावा टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ आईटीसी, इन्फोसिस, जेएसडब्ल्यू स्टील, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज नुकसान में रहे।



### वित्त वर्ष 2024-25 में आर्थिक वृद्धि 7 फीसदी रहने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा किए गए सुधारों और उपायों से उत्पन्न मजबूत आर्थिक गतिविधियों की बदौलत वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत के करीब बढ़ने की उम्मीद है। अगले वित्त वर्ष का केंद्रीय बजट प्रस्तुत किए जाने से कुछ दिन पहले वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट के अनुसार चालू वित्त वर्ष में वृद्धि सात प्रतिशत या अधिक रहेगी। वित्त मंत्रालय की इस रिपोर्ट में सुधारों को गांव स्तर पर ले जाकर उस स्तर तक शासन को नागरिक और व्यवसाय-अनुकूल बनाने पर बल दिया गया है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2024 को लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं।

## एक नजर

### दिल्ली-कश्मीर में आठ जगहों पर सीबीआई छापे

**श्रीनगर।** सीबीआई ने सिविल कार्यों के लिए निविदा देने में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक मामले की जांच के तहत सोमवार को दिल्ली और जम्मू-कश्मीर में लगभग आठ स्थानों पर तलाशी ली। किरू जलविद्युत परियोजना का क्रियान्वयन चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (सीवीपीपीपीएल) द्वारा किया जा रहा है। सीबीआई ने बताया कि तलाशी में लगभग 21 लाख रुपये से अधिक की नकदी के अलावा डिजिटल उपकरण, कंप्यूटर, संपत्ति दस्तावेज तथा आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए।

### पुलिस मालखाने में आग से 250 वाहन हुए खाक

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के वजीराबाद इलाके में स्थित 'मालखाना' (यार्ड) में सोमवार तड़के आग लगने से कम से कम 250 वाहन जलकर खाक हो गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि आग तड़के 4 बजे लगी। सूचना मिलने पर दमकल की पांच गाड़ियों को आग बुझाने के काम में लगाया गया है। उन्होंने बताया कि आग बुझाने का काम करीब दो घंटे तक चला और सुबह छह बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।

### आतंकवादियों को मदद देने वाले की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** बड़गाम में आतंकवादियों को जानबूझकर पनाह देने और लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करने वाले व्यक्ति की संपत्ति सोमवार को कुर्क कर ली गई। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मध्य कश्मीर जिले में रुडबुघ मागम इलाके के निवासी मोहम्मद रमजान मीर के मकान को कुर्क कर लिया।

## आतंकवादी समूह सिमी पर 5 वर्ष के लिए प्रतिबंध बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

» केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को जारी की अधिसूचना

सरकार ने देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने और शांति व सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने में संलिप्तता के लिए आतंकवादी समूह स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर लगा प्रतिबंध को सोमवार को पांच वर्ष के लिए बढ़ा दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आतंकवाद को 'बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने (जीरो टॉलरेंस)' के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को मजबूत करते हुए, सिमी को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत पांच साल के लिए 'विधि विरुद्ध संगठन' घोषित किया गया है।

सिमी पर पहली बार अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 2001 में प्रतिबंध लगाया गया था। तब से हर पांच साल में प्रतिबंध बढ़ाया जाता रहा है। सिमी पर पिछला प्रतिबंध 31 जनवरी, 2019 को लगाया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि सिमी अपनी गैरकानूनी गतिविधियों को जारी रखे हुए है और अपने कार्यकर्ताओं को फिर से संगठित कर रहा है, जो अब भी फरार हैं।

## पड़ोसी से विवाद पर व्यापारी ने कुत्ते को कार से कुचल कर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

» पशु प्रेमियों में रोष, आरोपी के खिलाफ थाने में दी तहरीर

**अमृत विचार :** लग्जरी कार सवार कारोबारी का गली में कुत्ता टहला रहे युवक से विवाद हो गया। नाराज कारोबारी ने लग्जरी कार से कुचल कर कुत्ते को मार डाला। जब कुत्ते के मालिक युवक ने विरोध किया तो कारोबारी ने पिता के साथ मिलकर उसकी भी पिटाई लगा दी। आरोपी पर कार्रवाई को लेकर पुलिस चौकी में लोगों की भीड़ जमा रही। कुत्ते के मालिक व पशु प्रेमियों ने अलग-अलग तहरीर सौंपी है।

शौर्य कक्कड़ निवासी पंत मार्ग, ठंडी सड़क भोटियापड़ाव ने बताया कि वह 28 जनवरी की रात करीब 9 बजे अपने पग कुत्ते को गली में टहला रहा था। तभी उनका पड़ोसी एवं स्पेयर पार्ट्स कारोबारी अपनी लग्जरी कार से गली से गुजरा। गली में किसी बात को लेकर उसकी शौर्य से कहासुनी हो गई। नाराज कारोबारी ने तेजी से अपनी कार शौर्य के कुत्ते पर चढ़ा दी। पहला पहिया कुत्ते के ऊपर से गुजरा और वह पिछले पहिये में फंस गया। शौर्य ने कार पीछे करने के लिए कहा, लेकिन उसने कुत्ते को फंसे रहने दिया। भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी कुमकुम धानिक ने बताया कि कुत्ते के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ कुत्ते के मालिक के अलावा पशु प्रेमियों ने भी तहरीर दी है।

### पशु प्रेमियों ने दी तहरीर

घटना की जानकारी पर श्रीश्री 1008 ज्योतिर्मठ गौ सेवा न्यास से जुड़े दीपक जोशी, नीरज मिश्रा और प्रथम बिष्ट भी पुलिस चौकी पहुंच गए। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी और भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 429 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1) और मोटर वाहन अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

## रामलला के दर्शन में वीवीआईपी के लिए होगी अलग व्यवस्था

अयोध्या कार्यालय

» मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों के साथ किया मंथन

**अमृत विचार :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद लगातार भक्तों का सैलाब दर्शन करने पहुंच रहा है। कल 31 जनवरी से अलग-अलग राज्यों के भी वीवीआईपी अतिथियों के आने का क्रम शुरू होने जा रहा है।

इसके लिए राम मंदिर में दर्शन की अलग व्यवस्था बनाई जाएगी। जिसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं तैयारियों का जायजा लेने सोमवार दोपहर अयोध्या पहुंचे। मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं के संदर्भ में न केवल जानकारी ली, बल्कि खुद जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को परखा और दर्शनार्थियों से भी बातचीत करके फीडबैक लिया। मंदिर परिसर में ही जिला प्रशासन और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ समन्वय बैठक की। अधिकारियों को योजना बनाएं जाने की जिम्मेदारी दी। मुख्यमंत्री के अयोध्या में निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## नाबालिग ने दिया नवजात को जन्म, बड़े भाई पर पॉक्सो कानून में एफआईआर

संवाददाता, टनकपुर

» भाई के साथ टनकपुर में रहकर कर रही थी पढ़ाई



**अमृत विचार :** चम्पावत जिले में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। सगे भाई के दुष्कर्म का शिकार बनी एक नाबालिग ने शिशु को जन्म दिया है। मामला नाबालिग से जुड़ा होने की वजह से उप जिला अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। नाबालिग के पिता ने भी बेटे पर संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज की है।

चंपावत जनपद के दूरस्थ गांव की नाबालिग छोटे भाई के साथ टनकपुर में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी। कुछ दिन पूर्व तबीयत खराब होने पर परिजनों ने निजी अस्पताल में दिखाया, जहां पता चला कि वह गर्भवती है। इसके बाद परिजनों ने टनकपुर व खटीमा के निजी अस्पतालों में भी उसकी जांच कराई गई। बताया जा रहा कि छात्रा के नाबालिग होने के कारण निजी चिकित्सालयों ने प्रसव कराने से इनकार कर दिया। रविवार को छात्रा की हालत बिगड़ने पर उप जिला अस्पताल टनकपुर पहुंचे, जहां रात में उसने एक स्वस्थ्य शिशु को जन्म दिया। बाद में नाबालिग के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी है।

पिता ने आरोप लगाया कि नाबालिग के बड़े भाई ने ही उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। एसएसआई बीएस बिष्ट ने बताया कि नाबालिग छात्रा टनकपुर में अपने छोटे भाई के साथ रहकर पढ़ाई कर रही थी। पिता की तहरीर पर पीड़िता के बड़े भाई के विरुद्ध धारा पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज की है।

## कोटा में जेईई की तैयारी कर रही छात्रा ने की आत्महत्या

**कोटा।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रही 18 वर्षीय एक छात्रा ने सोमवार को अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक छात्रा ने अंग्रेजी में लिखे सुसाइड नोट में कहा कि मम्मी, पापा मैं जेईई की परीक्षा की तैयारी नहीं कर सकती। इसलिए मैं आत्महत्या कर रही हूं। छात्रा की पहचान स्थानीय निहारिका सिंह के रूप में की गई है। उसने अपने माता-पिता से माफी भी मांगी है। निहारिका ने सुसाइड नोट में लिखा है कि मैं एक असफल व्यक्ति हूं। मैं सबसे बुरी बेटी हूं। मुझे माफ करें, मम्मी-पापा। मेरे पास यही आखिरी विकल्प था।

ज्ञानवापी मामला

### शीर्ष अदालत में शिवलिंग और वजू स्थल के सर्वेक्षण की रखी मांग

## हिंदू पक्ष ने दाखिल की सुप्रीम कोर्ट में याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी



वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस याचिका में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) के महानिदेशक से अपील की गई है कि वे परिसर में मिले शिवलिंग का सर्वे करें, ताकि उसकी वास्तविकता का पता लगाया जा सके।

याचिका में कहा गया है कि सर्वे करने के लिए शिवलिंग के आसपास की आर्टिफिशियल या मॉडर्न दीवार और फ्लोर को हटाया जाए। बिना शिवलिंग को नुकसान पहुंचाए सील किए गए पूरे इलाके का वैज्ञानिक सर्वे किया जाए। इससे पहले 19 मई 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने ज्ञानवापी के सर्वे पर रोक लगा दी थी। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने याचिका में ज्ञानवापी परिसर में सीलबंद वजूखाना का सर्वे कराने की मांग करने की बात कही थी। उन्होंने दावा किया है कि 10 सीलबंद तहखानों में हिंदू मंदिर के सबूत और कलाकृतियां हैं।

एएसआई की रिपोर्ट के वाल्यूम-1 में पश्चिमी दीवार का एक पूरा चैप्टर है। इसमें बताया गया है कि दक्षिणी प्रवेश द्वार की सीढ़ियों के ऊपर की छत पर भी राजमिस्त्री के निशान पाए गए हैं। उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिम की ओर उत्तरी हॉल और दक्षिणी हॉल के अवरुद्ध प्रवेश द्वारों में भी बड़े संरचनात्मक परिवर्तन हुए हैं। दोनों प्रवेश द्वारों को पत्थर और गारे से बंद कर दिया गया। प्रवेश द्वारों के अग्रभागों का वास्तुशिल्प डिजाइन भी पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया है।

रिपोर्ट में बताया गया कि पश्चिमी दीवार में ईंटों और चूने के मोर्टार का उपयोग करके बनाए गए मोरल आर्ट पहले से मौजूद संरचना के मूल वास्तुशिल्प पैटर्न से बिल्कुल विपरीत हैं।

### शाही ईदगाह परिसर के सर्वे पर रोक जारी

सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से लगे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर की अदालत की निगरानी में सर्वेक्षण के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक जारी रखने का सोमवार को आदेश दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंधन समिति द्वारा दायर याचिका की अगली सुनवाई अप्रैल के प्रथम पखवाड़े के लिए निर्धारित कर दी। पीठ ने कहा कि जहां कहीं भी अंतरिम आदेश जारी किया गया है, वह जारी रहेगा।

### टीवी, लैपटॉप, मोबाइल के माध्यम से दिखाया प्रसारण, विकासखंड के 42 हजार से ज्यादा बच्चों ने देखा कार्यक्रम

# स्कूलों में बच्चों ने सुनी प्रधानमंत्री की परीक्षा पे चर्चा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को विकासखंड हल्द्वानी के समस्त विद्यालयों में दिखाया गया। इस दौरान बच्चों ने परीक्षा में तनाव मुक्त रहने और बेहतर अंक प्राप्त करने का मार्गदर्शन लिया।

जीजीआईसी हल्द्वानी के सभागार में शिक्षा विभाग की ओर से बड़ी टीवी स्क्रीन लगाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दर्जाधारी डॉ. अनिल कपूर डब्बू, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रधानाचार्य सुधा जोशी, प्रीति बिष्ट, राखी मठपाल रहे। जीआईसी हल्दुचौड़ में विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जीआईसी कठघरिया में कार्यक्रम को


हल्द्वानी ब्लॉक के एक स्कूल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम देखतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

देखने के लिए छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया रहीं। खंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने के लिए विद्यालयों में व्यवस्थाएं की गईं थीं। बताया कि विकासखंड में 162 स्कूलों में टेलीविजन स्क्रीन के माध्यम से 42326 छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा। इसके साथ ही कंप्यूटर/लैपटॉप के माध्यम से 32 स्कूलों में 2143 छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम को देखा।

98 स्कूलों में 12367 छात्र-छात्राओं ने वर्चुअल क्लास के माध्यम से कार्यक्रम को देखा। दूर-दराज के 16 स्कूलों के 1431 बच्चों को कार्यक्रम मोबाइल के माध्यम से दिखाया गया। इसके साथ ही जीआईसी लामाचौड़, जीआईसी लालकुआं, जीआईसी दौलतपुर, जीजीआईसी किशनपुर, जीआईसी राजपुरा आदि स्कूलों में कार्यक्रम का प्रसारण हुआ। प्राइवेट स्कूलों में यूनिवर्सल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट लॉरेंस स्कूल, महर्षि विद्या मंदिर, सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल, क्वींस पब्लिक स्कूल आदि में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का प्रसारण दिखाया गया।

### परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए डीएसबी के छात्र



**नैनीताल।** डीएसबी परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। भूगोल विभाग के सेमिनार कक्ष में आयोजित कार्यक्रम को शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को उत्साह के साथ देखा। कार्यक्रम में निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, संकायाध्यक्ष विज्ञान चित्रा पांडे, कार्यकारी डीएसडब्ल्यू एवं निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय ललित तिवारी, डॉ. रीना सिंह, डॉ. मासूम रजा, डॉ. प्रभा पंत आदि उपस्थित रहे।

## योजनाबद्ध तैयारी से ही दूर होगा परीक्षा का भय

**भीमताल।** शिक्षा विभाग उत्तराखंड के तत्वावधान में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बोर्ड परीक्षार्थियों को तनाव मुक्त करने के लिए परीक्षा पे चर्चा एक उत्सव कार्यक्रम शुरू किया गया। इसके अंतर्गत विशेषज्ञों द्वारा विद्यालयों में जाकर बोर्ड परीक्षार्थियों का परीक्षा भय काउंसलिंग के माध्यम से दूर किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत डायट भीमताल प्रवक्ता डॉ. ज्योतिर्मय मिश्र ने पीएम श्री अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज हल्दूचौड़ में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन करते हुए बताया कि परीक्षा को एक उत्सव के रूप में लें, जिस प्रकार उत्सव के लिए तैयारी करने के साथ ख़ुशी मिलती है, उसी प्रकार बोर्ड परीक्षा आने पर भी खुश होना चाहिए।


भीमताल में बोर्ड परीक्षा के लिए टिप्स देते गुरुजन।

## 50 से अधिक पक्षी प्रजातियां हुईं रिकार्ड

**नैनीताल।** इनहेयर संस्था व माउंटेन आर्गेनिक प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से आयोजित तीन दिन बर्ड वॉचिंग कार्यशाला में नैनीताल के साथ ही देहरादून व दिल्ली के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें प्रतिभागियों को नैनीताल व समीपवर्ती क्षेत्रों में पाये जाने वाले पक्षियों व वनस्पतियों के संबंध में जानकारी दी गई।

संस्था की ओर से प्रतिभागियों को ठंडी सड़क, टिफिन टॉप और हनुमानगढ़ी क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। कार्यशाला संचालक पक्षी विशेषज्ञ घनश्याम पांडे ने बताया कि हिमालय ब्लूटेल, स्टेपी इगल, ब्लैक थ्रोटेट थ्रश, हिमालयन वुडपेकर, एशियन बार आउलेट, यूरेशियन जे, स्लेटी हेडेड पैराकीट समेत 50 से अधिक पक्षी प्रजातियां रिकार्ड की गईं। इस दौरान रोहित बिष्ट, शुभम जोशी, दीपक बुधलाकोटी, श्वेता सेमवाल, आध्या, अजय पांडे आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### खुले वाहन में कूड़ा ले जाने पर प्रदूषित हो रहा पर्यावरण

**भीमताल।** भीमताल के आसपास के नगर से वहां के निकाय द्वारा अपने क्षेत्र के कूड़े को हल्द्वानी भेजा जा रहा है। इनको विभिन्न वाहनों के माध्यम से भेजा जा रहा है। पर जिस वाहन में इसको भेजा जाता है, वह खुले होने के कारण क्षेत्र में प्रदूषण फैल रहा है। मेहरागांव, गोरखपुर बाइपास मार्ग के प्रभावित लोगों ने संबंधित नगर निकाय के प्रशासकों से कूड़े को बंद वाहनों में ही भेजने की मांग की है।

### बैठकी होली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करो और इनाम पाओ

**भीमताल।** ध्येय संस्था के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस बार भी हम ले कुमाऊनी छूं कुमाऊनी होली प्रतियोगिता ऑनलाइन 2024 का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक राहुल जोशी ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 60 हजार का इनाम रखा गया है, जिसमें प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रुपये और तीसरा पुरस्कार छह हजार है। बताया कि प्रतियोगिता में केवल संगीत मय बैठक होली गायन पर विचार किया जाएगा। प्रतियोगिता में किसी भी उम्र की महिला और पुरुष प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके लिए कम से कम 5 मिनट की वीडियो व्हाट्सएप नंबर 7456975566 पर भेजनी होगी। वीडियो भेजने की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2024 निश्चित है।

### माघी खिचड़ी के भंडारे में उमड़े भक्त


विश्व हिंदू परिषद भीमताल इकाई की ओर से खिचड़ी बांटते कार्यकर्ता।

**भीमताल।** विश्व हिंदू परिषद भीमताल इकाई के तत्वावधान में भीमेश्वर महादेव मंदिर में माघी खिचड़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान कमल देवका, मनोज भट्ट, अर्जुन सिंह, राहुल जोशी, रवि कुमार, आशु पाठक, सूरज कनेरा आदि मौजूद रहे।

### शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

**हल्दूचौड़।** हल्दूचौड़ पुलिस चौकी के प्रभारी सोमेंद्र सिंह के नेतृत्व में सोमवार को नशे की तस्करी के आरोपी अनिल सिंह निवासी हरिपुर फुटकुआं रामपुर रोड हल्द्वानी को 96 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली लालकुआं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम में कांस्टेबल अनिल शर्मा और मनीष कुमार भी शामिल रहे।

### भू कानून लागू करने को लेकर उग्र आंदोलन होगा

**भीमताल।** उत्तराखंड में भू कानून लागू करने व मूल निवास को लागू करने की मांग को लेकर उग्र आंदोलन चलाया जाएगा। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी प्रेम सिंह कुलियाल ने कहा कि यह राज्य आंदोलनकारियों की शहादत के बाद बना हुआ है परंतु जो राज्य आंदोलनकारी इस आंदोलन में शहीद हुए उनके सपनों का राज्य आज भी अधूरा है। प्रेम सिंह कुलियाल भीमताल में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। अवगत कराया कि हल्द्वानी में सैकड़ों संगठनों ने इस आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। अब आंदोलन के लिए गांव–गांव जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

### शिविर में 50 से अधिक लोगों की आंखों की जांच


जांच शिविर में आंखों की जांच करते डॉ. इरफान।

**हल्दूचौड़।** ग्राम पंचायत जयपुर खीमा के जन मिलन केंद्र में आई क्यू अस्पताल की ओर से निशुल्क आंखों की जांच का शिविर लगाया गया। इसमें 50 से अधिक लोगो ने जांच कराई। इसमें काफ़ी लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण मिले। इस दौरान डॉक्टर इरफान, ओटी टेक्नीशियन धर्मेंद्र अधिकारी, बीपी जोशी, ग्राम प्रधान सीमा पाठक, उप प्रधान राकेश कविदयाल, समाजसेवी कीर्ति पाठक, दीपचंद, नंदा बल्लभ पांडे, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

### एमसी पांडे उत्तराखंड आईकॉन अवार्ड से सम्मानित

**रामनगर :** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पांडे को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्यों के लिए उत्तराखंड आईकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। प्रोफेसर पांडे को यह अवार्ड उत्तराखंड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के एडिटर डॉ. प्रमोद अग्रवाल 'गोल्डी' ने महाविद्यालय आकर प्रदान किया। इस दौरान पर चीफ प्रॉक्टर आरडी सिंह, डॉ. आरएस कन्नौजिया, एसएस मौर्य, जेएस नेगी, डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. निवेदिता अवस्थी, डॉ. योगेश चन्द्र, डॉ.अल्का, डॉ. मूलचन्द्र शुक्ल ने शुभकामनाएं दी हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मूलचन्द्र शुक्ल ने किया।


प्रोफेसर को अवार्ड देते डॉ. प्रमोद गोल्डी।

## रात और दिन के तापमान में 19 डिग्री का अंतर

**हल्द्वानी।** असमान्य मौसम की वजह से जहां दिन में चटक धूप निकल रही और पारा चढ़ रहा है तो वहीं रात को तापमान में भारी गिरावट आ रही है। दिन और रात के तापमान में 19 डिग्री का अंतर दर्ज किया जा रहा है। हल्द्वानी में सुबह से ही धूप खिली रही। यहां पिछले कुछ दिनों से दिन के समय धूप निकल रही है जिससे दिन में ठंड से लोगों को राहत मिल रही है। हालांकि शाम होने के साथ ही ठंड बढ़ने लगी और रात को पारे में भारी गिरावट आने लगी। शहर में अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री तो वहीं न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान जहां सामान्य के आसपास दर्ज किया गया वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम था। दिन और रात के तापमान में भारी गिरावट आ रही है। जिस वजह से दिन में समय जहां लोगों को ठंड से राहत मिल रही है तो वहीं रात को कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने आने वाले दिनों में बारिश का अनुमान जताया है। 31 जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। चार से पांच फरवरी तक पश्चिमी विक्षोभ बने रहने के आसार हैं। अगर ऐसा होता है तो राज्य में पड़ रही सूखी ठंड से लोगों को राहत मिलेगी।

# टैक्सी यूनियन ने वार्ता के बाद की हड़ताल समाप्त

### सर्किट हाउस में परिवहन विभाग के अधिकारियों और फिटनेस सेंटर के अधिकारियों के बीच बनी सहमति


सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में मौजूद परिवहन अधिकारी और महासंघ टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** टैक्सी यूनियन ने परिवहन विभाग के अधिकारियों और ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर के अधिकारी के बीच हुई वार्ता के बाद हड़ताल समाप्त कर दी है जिसके बाद टैक्सियों का संचालन सुचारू हो गया है।

काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में सोमवार को यूनियन के पदाधिकारियों की आरटीओ प्रशासन संदीप सैनी व आरटीओ प्रवर्तन नंद किशोर की उपस्थिति में निजी फिटनेस सेंटर के अधिकृत अधिकारी के बीच मांगों को लेकर सहमति बनी जिसके बाद यूनियन ने हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया।

महासंघ टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष भरत भूषण ने कहा कि जिन मुद्दों पर सहमति बनी है, भविष्य में ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर यदि उन मुद्दों से मुकरता है तो फिर से हड़ताल पर जाने को बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह निजी फिटनेस सेंटर की होगी। इस मौके पर एसडीएम पारितोष वर्मा, आरटीओ प्रशासन संदीप सैनी, आरटीओ प्रवर्तन नंद किशोर, नैनीताल महासंघ व टैक्सी यूनियन के सभी पदाधिकारी सहित केमू के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

### हड़ताल समाप्त होने के बाद यात्रियों को मिली राहत

टैक्सी यूनियन की हड़ताल सोमवार को आधे दिन तक रही जिस कारण कई यात्रियों ने परिवहन निगम और केमू की बसों में सफर किया हालांकि आधे दिन बाद हड़ताल समाप्त होने के बाद यात्रियों को राहत मिली। टैक्सी में नैनीताल, दिल्ली सहित अन्य पर्वतीय मार्गों को जाने वाले यात्री सफर करते हैं। नैनीताल के पर्यटक और स्थानीय लोग यात्रा करते हैं। हड़ताल के कारण यात्रियों ने चार दिन तक परेशानी का सामना किया। हड़ताल समाप्त होने के बाद यात्रियों को राहत मिली है।

### वाहन स्वामियों की मांगों के बाद प्रमुख बिंदुओं पर किए बदलाव

**हल्द्वानी।** महासंघ टैक्सी यूनियन की परिवहन विभाग, पुलिस और प्रशासन के साथ बैठक में यूनियन ने अपनी समस्या को लेकर कुछ प्रमुख बिंदुओं के माध्यम से अपनी मांगें उठाईं। इसके बाद कुछ प्रमुख बिंदुओं पर बदलाव के साथ यूनियन की मांगें पूरी की गईं हैं। यूनियन पदाधिकारियों ने ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर के कार्मिकों की ओर से वाहन स्वामियों से फिटनेस के एवज में अतिरिक्त रुपये वसूले जाने की शिकायत की गई थी जिस पर सेंटर में परिवहन विभाग ने एक प्रशासनिक अधिकारी को तैनात किया गया है। सेंटर में वाहन के फिटनेस में फेल होने पर दोबारा फीस ली जाती है जबकि पूर्व में परिवहन विभाग एक ही बार फीस लेता था। इस संबंध में उसी दिन फिटनेस टेस्ट कराने का हरसंभव प्रयास करने और उसी दिन वाहन दोबारा लाने का समय अंकित किये जाने के निर्देश दिये गए हैं। इसके साथ ही 48 घंटे की अतिरिक्त व्यवस्था के लिये परिवहन आयुक्त से वार्ता कर व्यवस्था करने को आश्वस्त किया गया है। फिटनेस के दौरान अंदर जाने की अनुमति की मांग पर वाहन स्वामी या चालक में से एक व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति दी गई है। फिटनेस सेंटर को एमवी एक्ट 1989 के अंतर्गत मानक पूरा करने और मेरिट के आधार पर फिटनेस सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए हैं जिससे कि वाहन स्वामियों को परेशानी न हो। आरटीओ संदीप सैनी ने बताया कि वाहन स्वामियों की मांगों पर सहमति बन गई है जिसके बाद टैक्सियों का संचालन शुरू कर दिया गया है। कहा कि परिवहन आयुक्त से भी वार्ता की गई जिसके बाद सभी प्रमुख बिंदुओं पर सहमति बनी।

### नैनीताल में भी टैक्सी चालकों की हड़ताल खत्म

**नैनीताल।** दो दिनों की लगातार हड़ताल के बाद सोमवार को सर्किट हाउस काठगोदाम में आरटीओ विभाग एवं फिटनेस सेंटर के मेंबर के साथ मीटिंग रखी गयी। इस अवसर पर टैक्सी यूनियन काठगोदाम, भवाली टैक्सी यूनियन, नैनीताल टैक्सी यूनियन, भीमताल टैक्सी यूनियन, हल्द्वानी टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी मौजूद थे। प्रशासन की ओर से उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान दीपक मटियाली, किशन पाण्डेय, भारत भूषण, रोहित, संजय लोहनी, सुशील गुप्ता, पंकज तिवारी, संतोष कोहली आदि उपस्थित थे।

## 30 में से 19 हजार परिवारों को मिला पेयजल कनेक्शन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में तकरीबन 19 हजार परिवारों को कनेक्शन मिल गया है, लेकिन 11 हज़ार पेयजल सप्लाई से वंचित हैं। जल जीवन मिशन तहत ये कनेक्शन लगाए गए हैं। ये परिवार अब भी जैसे-तैसे पानी की व्यवस्था कर रहे हैं।

जेजेएम के तहत जनपद के पांच ब्लॉक में पेयजल कनेक्शन देने की योजना तैयार की गई है। इसमें रामगढ़, धारी, ओखलकांडा, बेतालघाट और भीमताल के गांवों को चयनित किया गया है।

लेकिन अभी तक बहुत सी जगहों में काम शुरू नहीं हुआ है। जल जीवन मिशन योजना की वेबसाइट से मिले आंकड़ों के अनुसार नैनीताल जिले में 533 गांवों को चिन्हित किया गया था। इनमें 30693 परिवारों को चिन्हित किया गया था। चिन्हित में 19 हजार से ज्यादा परिवारों को पेयजल सप्लाई मिल रही है। जबकि 11 हजार परिवारों को पानी सप्लाई सुचारू नहीं हुई है।

> जेजेएम योजना से वंचित गांवों के लिए जल संस्थान और पेयजल निगम की ओर से टेंडर जारी किए हैं। ऐसे में जल्द ही सभी टेंडरों की कार्रवाई पूरी होकर कार्यादेश जारी होने की संभावना है। साथ ही कई जगहों में योजनाओं का काम जारी है। वहीं मार्च 2024 तक काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में पेयजल कनेक्शनों से वंचित परिवारों को 3 माह का इंतजार करना पड़ सकता है।
>
> **– डीएसए बिष्ट, सहायक अभियंता जल संस्थान नैनीताल**

## उप चिकित्सालय को पीपीपी मोड में देने को लेकर आक्रोश

**लालकुआं।** विधानसभा क्षेत्र के हाथीखाल में स्वीकृत 200 शैय्या वाले जिला उप चिकित्सालय को पीपीपी मोड में दिए जाने की अटकलों को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। इसको लेकर मंगलवार सुबह 11 बजे हल्दूचौड़ क्षेत्र के समाजसेवी गोविंद बल्लभ भट्ट के नेतृत्व में ग्रामीण निर्माणाधीन जिला उप चिकित्सालय के सामने प्रदर्शन कर पीपीपी मोड में दिए जाने का विरोध करेंगे। आरटीआई कार्यकर्ता गोविंद बल्लभ भट्ट ने कहा कि पूर्व विधायक नवीन दुम्का के प्रयासों से लालकुआं विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत 200 बेड वाले जिला उप चिकित्सालय को शासन गुपचुप ढंग से पीपीपी मोड पर देने की तैयारी कर रहा है जिसका खुलकर विरोध किया जाएगा।

## पंत की पुत्रवधू ने किए राम लला के दर्शन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पं. गोविन्द बल्लभ पंत की पुत्रवधू इला पंत ने अयोध्या में राम लला ने दर्शन किए। बातचीत में इला पंत ने बताया 22 दिसंबर 1949 को अयोध्या में रामलला की मूर्ति प्रकट हुई।

इसके बाद राम भक्तों ने क्षेत्र में रामलला की पूजा अर्चना शुरू कर दी। कुछ ही दिनों में हजारो राम भक्त अयोध्या पहुंचकर पूजा अर्चना करने लगे। इससे क्षेत्र में रहने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों को नमाज पढ़ने में दिक्कत होने लगी। ये बात तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू तक जा पहुंची। इसके बाद नेहरू ने तत्कालीन मुख्यमंत्री गोविन्द बल्लभ पंत को टेलीग्राम भेजकर क्षेत्र से राम मूर्ति हटाने के आदेश दे दिए ताकि सामाजिक माहौल खराब न हो। लेकिन गोविन्द बल्लभ पंत ने प्रधानमंत्री के आदेश को न मानते हुए रामलला की मूर्ति को हटाने से इनकार कर दिया। आज पंडित गोविन्द बल्लभ पंत के प्रयास और उनके कार्यों की वजह से राम मंदिर बन सका है।



पं. पंत की पुत्रवधू इला पंत का स्वागत करते योगी आदित्यनाथ।



## एक नजर

### अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**भीमताल :** भीमताल पुलिस ने सोबन सिंह को 50 पव्वे अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष जगदीप नेगी, सुमित कुमार चौधरी, कांस्टेबल नरेश परिहार ने अमृतपुर में चैकिंग के दौरान यह गिरफ्तारी की।

### लंबे समय से फरार चल रहा वारंटी गिरफ्तार

**नैनीताल :** कोतवाली पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया है। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि सदर लाइन मल्लीताल निवासी पवन यादव दंगा, मारपीट समेत अन्य मामलों में वांछित चल रहा था। कई बार कोर्ट में पेश नहीं होने पर आरोपित का वारंट जारी हो गया। बताया कि कोर्ट के आदेशों पर आरोपित को मल्लीताल क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे कोर्ट पेश किया जा रहा है।

### होटल में मिलीं दो लड़कियां ले गई हरियाणा पुलिस

**हल्द्वानी :** हरियाणा से गायब लड़कियों की तलाश में सोमवार को हरियाणा पुलिस हल्द्वानी पहुंची। कोतवाली पुलिस के साथ हरियाणा पुलिस ने रोडवेज स्थित एक होटल में छापा मारा, जहां से दो लड़कियों को बरामद किया गया। जिसके बाद हरियाणा पुलिस दोनों को अपने साथ ले गई। जानकारी देते हुए एसएसआई महेंद्र प्रसाद ने बताया कि दोनों लड़कियां हरियाणा से लापता थीं। हरियाणा पुलिस को उनकी लोकेशन हल्द्वानी में मिली थी। दोनों लड़कियों को होटल से बरामद कर उनके सुपुर्द कर दिया गया है।

### बिना सत्यापन किरायेदार रखने पर किया चालान

**नैनीताल :** मल्लीताल बाजार क्षेत्र में घर पर बिना सत्यापन किरायेदार रखना भवन स्वामी बड़ा बाजार निवासी अशरफ हुसैन को महंगा पड़ गया। अभियान पर निकली पुलिस टीम ने दस हजार का चालान किया है। सोमवार को एसएसआई दीपक बिष्ट ने बाजार क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाया।

# बनभूलपुरा में बुलडोजर चलाकर अवैध कब्जा तोड़ा

## मलिक का बगीचा में अतिक्रमण हटाया, भूमिगत मस्जिद भी मिली, मालिकाना हक दिखाने को नोटिस भेजा जाएगा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में बनभूलपुरा स्थित मलिक का बगीचा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। शाम तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चली। कब्जेदार ने नगर निगम की जमीन पर कब्जा करके उसे बेच दिया था। अतिक्रमण वाली जगह में भूमिगत मस्जिद भी मिली है। नगर प्रशासन की ओर से मालिकाना हक दिखाने को लेकर नोटिस भेजा जाएगा।

नगर निगम और प्रशासन रविवार को मलिक का बगीचा में अतिक्रमण पर कार्रवाई की थी। यहां नगर निगम की जमीन पर कब्जा करके कब्जेदार ने प्लॉट बनाकर उसे बेच दिया था। पूर्व में उक्त कब्जेदार ने यहां अवैध दुकानें बना दी थीं। जिसे बाद में नगर निगम ने तुड़वा दिया। अब खाली जमीन देखकर कब्जेदार ने फिर से यहां कब्जा कर लिया। जमीन पर पक्का निर्माण करवा दिया। नगर निगम और प्रशासन की टीम ने रविवार को यहां से कब्जा हटाना शुरू कर दिया था। सोमवार की सुबह संयुक्त टीम ने फिर से कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू की। बुलडोजर चलाकर कब्जे को तोड़ा गया। निर्माण इतना ज्यादा था कि उसे पूरी तरह से हटाने में दूसरा दिन भी लग गया। साथ ही जमीन के आसपास के अन्य कब्जेदारों को भी हटाया गया। एक एकड़ से ज्यादा जमीन पर कब्जा किया गया था। जिसका बाजार मूल्य करोड़ों रुपये में है। बुलडोजर चलता देख यहां देखने वालों का तांता लग गया। बुलडोजर ने यहां टीनशेड डालकर बनाए गए अवैध निर्माण को भी ढहा दिया। नगर निगम अब यहां बाउंड्री बनाकर कब्जा करेगा। जिससे यहां दोबारा कब्जा न हो सके। कार्रवाई के दौरान संयुक्त टीम को यहां भूमिगत मस्जिद के बारे में भी पता चला। अधिकारियों ने अंदर जाकर देखा तो बेसमेंट में पूरा हॉल बनाया गया है। मौके पर मौजूद मौलाना ने बताया कि मस्जिद से जुड़े कागज हैं। हालांकि वह कार्रवाई के दौरान कागज नहीं दिखा पाए। संयुक्त टीम ने बताया कि मस्जिद भी अतिक्रमण वाली जगह में भूमिगत बनाई गई है। मस्जिद के भी मालिकाने हक से जुड़े से दस्तावेज के लिए जल्द ही नोटिस भेजा जाएगा। इस दौरान नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट आदि अधिकारी मौजूद रहे।


मलिक का बगीचे में अतिक्रमण तोड़ती नगर निगम की जेसीबी। ● अमृत विचार


मौलाना से बात करते सिटी मजिस्ट्रेट और नगर आयुक्त। ● अमृत विचार

### लोग रिक्शा और ठेला लेकर भागे

अतिक्रमण वाली जगह पर रिक्शे और ठेला भी खड़े थे। जब बुलडोजर चला तो लोग उन्हें लेकर वहां से लेकर चले गए। कार्रवाई के दौरान भारी भीड़ मौजूद रही। हालांकि आगे की कार्रवाई अब बाद में किए जाने की बात कही जा रही है।

### बोले नगर आयुक्त

मलिक का बगीचा में एक एकड़ से ज्यादा जमीन पर अवैध कब्जा था। यहां कब्जे वाली जमीन पर भूमिगत मस्जिद भी मिली है। मस्जिद को भी नोटिस भेजे जाने की तैयारी की जा रही है। -**पंकज उपाध्याय**, नगर आयुक्त, हल्द्वानी


युवक को पकड़कर ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

### दुकानदारों के मामले में दो दिन और लगेंगे

सड़क चौड़ीकरण को लेकर नैनीताल और बरेली रोड से सटी 65 दुकानों को हटाया जाना है। पूर्व में सड़क को दोनों ओर 12-12 मीटर चौड़ा किया जा रहा था। अब सीएम के आदेश के बाद सड़क को दोनों ओर 11-11 मीटर ही चौड़ा किया जा रहा है। दुकानदारों में नगर निगम के किराएदार भी शामिल हैं। जिनकी सुनवाई पूरी हो चुकी है। अब सिटी मजिस्ट्रेट और नगर आयुक्त उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों का परीक्षण कर रहे हैं। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बताया कि अभी आगे की कार्रवाई में दो दिन और लग सकते हैं।

# प्राधिकरण की सील तोड़ने पर तीन लोगों पर मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**कार्रवाई**
- स्वीकृत मानचित्र से भिन्न निर्माण करने पर सील की गई थीं तीन इमारतें
- गौजाजाली में एक महिला ने बार-बार तोड़ी सील, चला रही थी क्लीनिक

**अमृत विचार :** दो भवनों में लगी प्राधिकरण की सील तोड़कर निर्माण करने पर जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इनमें से एक निर्माण बनभूलपुरा थाना क्षेत्र का है। जहां एक महिला क्लीनिक संचालित कर रही थी। प्राधिकरण ने इस इमारत को जितनी बार सील किया, महिला ने उनती बार सील तोड़ कर क्लीनिक का संचालन शुरू कर दिया।

जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण में तैनात अपर सहायक अभियंता राजेंद्र कुमार ने बनभूलपुरा थाना पुलिस को दी तहरीर में कहा, गौजाजाली उत्तर में शकीरा पत्नी अशरफ के भवन को प्राधिकरण ने सील किया था।

भवन स्वीकृत मानचित्र से भिन्न बनाया गया था। भवन के प्रथम तल में संचालित क्लीनिक और द्वितीय तल में संचालित जिम को 1 मई 2023 को सील किया गया था, लेकिन शकीरा ने सील तोड़कर फिर से क्लीनिक का संचालन शुरू कर दिया। इसी 12 जनवरी को प्राधिकरण ने दोबारा इमारत सील की और शकीरा ने फिर से सील तोड़ डाली। प्राधिकारण ने द्वितीय तल को भी 28 जनवरी को सील कर दिया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वहीं रामपुर रोड स्थित रामबाग कालोनी में सील किए गए भवन की सील हटाकर अवैध निर्माण करने के मामले में प्राधिकरण की ओर से दो लोगों के खिलाफ मुकदमा कराया गया है। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता रघुवीर भारती ने पुलिस में दी तहरीर में कहा है कि रामपुर रोड स्थित मानपुर पश्चिम में वरूण माहेश्वरी पुत्र सत्य प्रकाश माहेश्वरी और कन्हैया लाल जायसवाल पुत्र प्यारे लाल जायसवाल ने स्वीकृत मानचित्र से भिन्न भवन का निर्माण कराया था। जिस पर प्राधिकारण ने उक्त भवन को 10 फरवरी 2023 को सील किया गया था।

प्राधिकरण की टीम ने जब वहां का स्थलीय निरीक्षण किया तो भवन की सील हटी पाई। जिस पर प्राधिकरण की ओर से दोनों के खिलाफ हल्द्वानी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

### आईसीयू शिफ्ट करने को दोबारा भेजा पत्र

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सड़क चौड़ीकरण की जद में आए बेस अस्पताल के इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाना है। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन ने आईसीयू का निर्माण करने वाली एचएल नामक कंपनी को दूसरी बार पत्र भेजा है। अस्पताल के प्रभारी पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि इससे पूर्व कंपनी व ठेकेदार को पत्र भेजा गया था, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। इसलिए दूसरी बार कंपनी को पत्र भेजा गया है। डॉ. पांडे ने बताया कि अगर फिर भी जवाब नहीं आता है तो अस्पताल स्तर पर ही आईसीयू को शिफ्ट करने पर विचार किया जाएगा।

# ढेला और झिरना में रोकी पर्यटकों की राह

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** बाघ द्वारा महिला को मारने के बाद सोमवार को गुस्साए ग्रामीणों ने सावल्दे में बीच सड़क पर धरना देकर जाम लगा दिया। इससे कॉर्बेट के ढेला और झिरना पर्यटन जोन में पर्यटकों की आवाजाही पूर्णतया ठप हो गई। ग्रामीणों ने कॉर्बेट प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाते हुए जाम खोलने का अनुरोध किया लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक ग्रामीण सड़क पर धरना देते रहे। जाम की वजह से जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के झिरना एवं ढेला रेंज में पर्यटकों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई। इसी बीच पंजाब राज्य के जेड प्लस सुरक्षा प्राप्त वीवीआईपी पूर्व विधायक विक्रम सिंह मजीठिया भी इसी मार्ग से गुजरने वाले थे। पुलिस ने ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया तो उनके बीच तीखी नोकझोंक भी हुई, लेकिन ग्रामीणों ने जाम नहीं खोला। इसी बीच पंजाब के वीआईपी की फ्लिट भी मौके पर पहुंच गई जिसे देखकर ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए अपना प्रदर्शन उग्र कर दिया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखकर वीआईपी को आखिरकार अपने सुरक्षा कर्मियों सहित लौटना पड़ा। ग्रामीणों की मांग है कि हमलावर बाघ को शीघ्र ट्रेंकुलाइज कर उसे गोली मारी जाए और ग्रामीणों को वन्यजीवों के आतंक से सुरक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो 11 फरवरी को रामनगर में एक राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया है। इसमें एक बड़े आंदोलन को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी।

इस बीच कॉर्बेट पार्क के ढेला और झिरना पर्यटन जोन की ओर सफारी पर जा रहे पर्यटकों को कॉर्बेट पार्क में गर्जिया व बिजरानी जोन में डाइवर्ट किया। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक दिगंन्थ नायक ने बताया कि दुख का विषय है कि कल बाघ द्वारा महिला को निवाला बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बाघ को पकड़ने को लेकर उच्चाधिकारियों से अनुमति मिल चुकी है। मौके पर पिंजरा लगाने के साथ ही कैमरा ट्रैप लगाया गया है। जल्द ही बाघ को ट्रेंकुलाइज कर लिया जाएगा। धरने में ललित उप्रेती, मुनीष कुमार, श्यामा देवी, गंगा सुप्याल, रेनू, बसंती मंजू मेहरा, राशिद, सोवन तड़ियाल, ललित पांडे, तुलसी, ललिता रावत, मनोज बेलवाल समेत चुकम ग्राम आदि के ग्रामीणों ने भागीदारी की।


सांवल्दे में बीच सड़क पर बैठकर रोष जतातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### पूर्व ब्लाक प्रमुख ने दी आत्मदाह की धमकी



**रामनगर।** पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी ने बाघ को अभी तक न पकड़े जाने पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि यदि तीन फरवरी तक बाघ नहीं पकड़ा गया तो वह चार फरवरी को कार्बेट पार्क के झिरना गेट पर आत्मदाह करने के लिए विवश होंगे। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# बाघों का कुनबा बढ़ने से मानव वन्य जीव संघर्ष का संकट छाया

विनोद पपनै, रामनगर

**अमृत विचार :** जिम कार्बेट नेशनल पार्क में बाघों की संख्या में दिनों दिन बढ़ोत्तरी होने से मानव वन्य जीव संघर्ष टालने की कवायद आसान नहीं है। यह बात दीगर है कि विभाग लोगों को लिविंग विथ टाइगर के लिए जागरूक भले ही कर रहा हो मगर बढ़ती बाघों की संख्या से आम जनमानस चिंतित जरूर है।

यदि कार्बेट टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या के विषय में देखा जाए तो 2006 में बाघों की संख्या 137 से बढ़कर 2022 में 260 तक पहुंच चुकी है। यह देश और दुनिया में बाघों का सर्वाधिक घनत्व है। ऐसे हालातों में एक बाघ के पास केवल पांच स्क्वायर किलोमीटर का दायरा आता है जबकि एक बाघ का आम तौर पर 15 से 20 स्क्वायर किलोमीटर का दायरा टेरिटरी माना गया है। ऐसे हालातो में जंगल के भीतर वर्चस्व की जंग होना लाजिमी है। जो कमजोर बाघ होगा वह जंगल से निकलकर आबादी की ओर आएगा। यही सब इस क्षेत्र में होने की वजह से ही मानव वन्य जीव संघर्ष का खतरा कम होने के बजाय बढ़ रहा है। मानव वन्य जीव संघर्ष को कम किए जाने के लिए सुझाव देते हुए वाइल्ड लाइफ फ़ोटो ग्राफर दीप रजवार ने कहा कि जब तक वन ग्रामों और खत्तों का विस्थापन नहीं होता तब तक मानव वन्य जीव संघर्ष जारी रहेगा। क्योंकि इन गांवो में एक गरीब तबका निवास करता है जो जलौनी लकड़ी और पशुचारे के लिए पूर्णतः जंगल पर निर्भर है। अधिकतर यही लोग मानव वन्य जीव संघर्ष की भेंट चढ़ते हैं। सरकार को इस ओर गंभीरता से मनन करना होगा।

वन्य जीव विशेषज्ञ संजय छिम्वाल का कहना है कि जंगल में से सागौन, यूके लिप्टिस, लेंटाना घास का समूल नाश किया जाना जरूरी है। जंगलों के अंदर चारागाहों और पानी के स्रोत जैसे तालाब आदि का निर्माण कर जल संचय भी जरूरी है। अधिक घनत्व वाले आबादी वाले बाघों को अन्य जंगलों में शिफ्ट करना होगा।


संजय छिम्वाल।


दीप रजवार।


आक्रमक मुद्रा में बाघ। ● अमृत विचार

# जज के आदेश का उल्लंघन, रीडर ने दर्ज कराया मुकदमा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश का उलंघन एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत न होने पर उसके खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस अब आरोपी की गिरफ्तारी की तैयारी कर रही है।

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हल्द्वानी में रीडर के पद पर कार्यरत धर्मेंद्र लाल आर्या ने पुलिस को दी तहरीर में कहा, न्यायालय में एक मामला विचाराधीन है। कोर्ट ने इस मामले में मलाड वेस्ट लिंक रोड मुंबई महाराष्ट्र निवासी कवल शर्मा को कोर्ट में उपस्थित होने के आदेश दिए थे। आदेश के तहत कवल को बीते वर्ष 5 सितंबर को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होना था, लेकिन वह हाजिर नहीं हुआ। कोर्ट ने माना कि तय तिथि पर कोर्ट में पेश न होने और जमानत शर्तों का भी कवल ने उलंघन किया है। जिसके बाद कोर्ट ने मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। कोर्ट के आदेश पर रीडर ने कवल शर्मा के खिलाफ कोतवाली थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

# नैब पहुंची प्रशासन की टीम बच्चों से की व्यक्तिगत पूछताछ

**जायजा**
- श्याम सिंह धानक प्रकरण के बाद नैब का हाल देखने पहुंची टीम
- बच्चों को परोसा जाने वाला खाना जांचा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दिव्यांग बच्चों के साथ दुष्कर्म जैसे आरोपों से चर्चा में आए नैब का हाल जानने सोमवार को प्रशासन की टीम पहुंची। टीम ने यहां बच्चों से पूछताछ की और कर्मचारियों के काम-काज के बारे में जाना।

जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी वर्षा, जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्ष आरपी पंत और सदस्य रविंद्र रौतेला अचानक नैब पहुंचे। टीम के पहुंचने के जानकारी मिलते ही नैब की अध्यक्ष सविता लाहोटी भी मौके पर पहुंच गईं।

टीम ने यहां एक-एक बच्चों से बात की। उनसे उनकी व्यक्तिगत समस्याओं के बारे में पूछा। साथ ही पूछा कि नैब का स्टाफ उनके साथ कैसा बर्ताव कर रहा है। इसके अलावा टीम ने बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता जांची। बच्चों की पढ़ाई और क्लास रूम के साथ अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि नैब में सभी व्यवस्थाएं सही पाई गईं। बच्चे भोजन उपरांत ब्रेल लिपि पढ़ते व कंप्यूटर में कार्य करते पाए गए।


नैब में बच्चों से बात करतीं सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, साथ में नैब की अध्यक्ष सविता लाहोटी।

# शादी से पहले वायरल किए फोटो और वीडियो

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शादी से ठीक एक माह पहले युवती की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गईं। इसको लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। पुलिस ने पार्षद सहित 12 लोगों के खिलाफ क्रास एफआईआर दर्ज की है।

राजपुरा वार्ड 13 निवासी गुड्डो ने बताया कि उन्हीं के पड़ोस में उनके बेटी और दामाद रहते हैं। उनके दामाद की छोटी बहन की मार्च में शादी होनी है। आरोप है कि क्षेत्र के ही रहने वाले विजय उर्फ भोला ने युवती के फोटो और वीडियो फेसबुक पर अपलोड कर दिए। इसकी वजह से रिश्ता टूटने की कगार पर आ गया। जब उनके दामाद ने इसका विरोध किया तो विजय ने अपने साथी राजपुरा पड़ाव निवासी निक्की, विक्की, विवेक, सुभाष, बबलू और सोनू के साथ मिलकर घर में घुसे और उनकी गर्भवती बेटी और उसके पति से मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब वह बचाने पहुंची तो आरोपियों ने उन्हें भी पीट डाला। गर्भवती बेटी को अस्पताल लेकर पहुंची उसी बीच आरोपी फिर घर में घुसे और उनकी बेटियों से मारपीट कर डाली। मारपीट की सूचना उन्होंने पार्षद मुन्नी कश्यप को दी तो वह अपने बेटे के साथ मौके पर पहुंची। तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। वहीं दूसरी तरफ राजपुरा पड़ाव निवासी सुभाष का आरोप है कि पार्षद मुन्नी कश्यप उनका बेटा ध्रुव कश्यप अपने साथी राजन, अमन और बबली के साथ उनके घर पहुंचे और उनके बेटे विशाल को घर से निकालकर पुलिस के सामने ही बुरी तरह पीटा। पुलिस ने महिला पार्षद सहित दोनों पक्षों के 12 लोगों के खिलाफ क्रॉस एफआईआर दर्ज की है।

# सरकारी अस्पतालों में लगेगी आयुष्मान इंपैनल्ड निजी अस्पतालों की सूची

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अटल आयुष्मान कार्ड का लाभ ले रहे लोगों को राहत देने की योजना है। जल्द ही सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड इंपैनल्ड निजी अस्पतालों की सूची लगाई जाएगी। इस सूची में अस्पताल का नाम और बीमारी के इलाज की जानकारी होगी। जिससे मरीज को निजी अस्पताल पहुंचने में आसानी होगी।

उत्तराखंड में अटल आयुष्मान योजना, आयुष्मान भारत योजना के साथ चल रही है। इसमें प्रदेश के प्रत्येक परिवार का पांच लाख रुपये तक प्रतिवर्ष निशुल्क इलाज की सुविधा है। सरकार ने इसके लिए लगभग 102 सरकारी और 146 निजी अस्पताल सूचीबद्ध किए हैं। जनपद नैनीताल में करीब 14 निजी अस्पतालों को आयुष्मान कार्ड के लिए इंपैनल्ड किया गया है। इस योजना के तहत सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को कई बार गंभीर बीमारी के इलाज से संबंधित चिकित्सक नहीं मिल पाते हैं। ऐसे में उन्हें निजी अस्पतालों की शरण लेनी पड़ती है।

लेकिन आयुष्मान कार्ड इंपैनल्ड निजी अस्पताल की सही जानकारी न मिलने पर मरीजों को इधर से उधर भटकना पड़ता है। मरीजों की इस परेशानी को देखते हुए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद ने सभी सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड इंपैनल्ड निजी अस्पतालों की सूची लगाने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारियों को सूची लगाने को कहा गया है। इस सूची इंपैनल्ड निजी अस्पतालों का नाम और वहां आयुष्मान से मिलने वाले लाभ की जानकारी दर्ज होगी। इससे मरीजों को काफी लाभ मिलेगा।






कौन-कौन से निजी अस्पतालों में आयुष्मान की सुविधा है और किन-किन बीमारियों में आयुष्मान लागू होता है, इसकी जानकारी के लिए सरकारी अस्पतालों में सूची लगाने को कहा गया है। इससे निश्चय ही मरीजों को राहत मिलेगी।
– **सुरेश भट्ट**, उपाध्यक्ष राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद उत्तराखंड

## सार-संक्षेप

### ब्रायोफाइट का पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण योगदान

**हल्द्वानी :** महिला महाविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभाग में ब्रायोफाइट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता प्रो. (डॉ.) एसडी तिवारी (पूर्व विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग) ने विभिन्न ब्रायोफाइट के बारे में जानकारी दी। पारिस्थितिकी तंत्र में ब्रायोफाइट के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही ब्रायोफाइट का चिकित्सा में होने वाले उपयोगों के बारे बताया। इस दौरान प्रभारी डॉ. सरस्वती बिष्ट, संजू, डॉ. प्रतिभा रावल के अलावा शोध छात्राओं, बीएससी व एमएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

### सेल्फी फ्रेम बढ़ा रहे युवाओं में क्रेज



**हल्द्वानी :** जिले के सभी विकासखंडों में मतदाता जागरूकता अभियान सतत रूप से जारी है। जिला निर्वाचन की स्वीप टीम के सह समन्वयक गौरी शंकर कांडपाल ने बताया कि लोगों में जागरूकता के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं, जिनसे फोटो खींचकर युवा सोशल मीडिया पर शेयर कर रहे हैं। स्वीप के सह समन्वयक ललित मोहन पांडे का कहना है कि विद्यालयों व शिक्षण संस्थानों के माध्यम से आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बनाकर छात्र जागरूकता संदेश लिखकर भेजे रहे हैं। विशिष्ट हस्तियों, आइकॉन व जनप्रतिनिधियों के फोटो को सेल्फी पॉइंट में शामिल कर इसे जन-जन का अभियान बनाया जाएगा।



इंटर कॉलेज लाखनमंडी में पुरस्कारों के साथ विजेता टीम।

### कबड्डी प्रतियोगिता में दिखाया दम

**चोरगलिया :** इंटर कॉलेज लाखन मंडी चोरगलिया में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि खेलकूद प्रकोष्ठ सहसंयोजक पान सिंह मेवाड़ी ने खिलाड़ियों के बीच पहुंचकर उनका मनोबल बढ़ाया और विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान राजू जागी, प्रकाश बेलवाल, नवीन जोशी, विक्रम बिष्ट आदि मौजूद थे।

### राशन की दुकान में प्लास्टिक के चावल होने का संदेह



**चोरगलिया :** सरकारी राशन की दुकानों से मिलने वाला चावल पानी में डालते ही तैरने लग रहे हैं जिससे लोगों में उनके प्लास्टिक के होने संदेह पैदा हो रहा है। रेखाल खत्ता निवासी नैन सिंह बिष्ट व देवेंद्र सिंह का कहना है कि राशन की दुकान से जो चावल लाए थे उसे धोने के लिए पानी में डाला तो उसमें से कुछ चावल तैरने लगे जिससे मन में आशंका हो रही है। इसी बात की कुछ और ग्रामीणों ने भी पुष्टि की। जब इस मामले में राशन विक्रेता से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि खाद्य आपूर्ति सप्लाई इंस्पेक्टर ने उन्हें बताया है कि यह फैटी फाइड चावल है जो विशेष रूप से तैयार किया जाता है और इस चावल का सेवन करने से लोगों में कुपोषण व एनीमिया का खतरा कम होता है। इसलिए लोगों से अपील है कि वह इसे प्लास्टिक का चावल न समझें और लोगों को भी इस बारे में जागरूक करें।

# मंडलायुक्त ने मावा आढ़त का किया औचक निरीक्षण, मिलीं खामियां

## आढ़ती व खाद्य सुरक्षा विभाग की फटकार लगाई, सैंपल जांच के लिए लैब भेजने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर जांच करते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रशासन का मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान जारी है। मंडलायुक्त दीपक रावत ने अवैध ढंग से भंडार कर भारी मात्रा में रखा मावा पकड़ा है। मावा के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। बता दें कि एक दिन पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने देसी घी में मिलावट पकड़ी थी।

मंडलायुक्त दीपक रावत सोमवार को रामलीला मोहल्ले में साफ-सफाई का स्थलीय निरीक्षण करने जा रहे थे। इस बीच उन्होंने स्कूटी पर दो बैग भरकर मावा ले जाते देखा तो उन्होंने स्कूटी सवार से पूछताछ की। बाद में उन्होंने पूर्णानंद अम्बादत्त फुलारा रामनगर वाले मेवा आढ़ती के यहां छापेमारी की। यहां भारी मात्रा में अवैध ढंग से भंडार किया हुआ मवा मिला। दुकान में साफ-सफाई के भी समुचित इंतजाम नहीं थे। मावा कई दिनों पुराना था। आढ़ती मावा का बिल भी नहीं दिखा सका। वहीं, लाइसेंस में दुकान का पता भोलानाथ गार्डन था जबकि व्यापार रामलीला मोहल्ले में हो रहा है। इस पर उन्होंने आढ़ती व खाद्य सुरक्षा विभाग की फटकार लगाई। उन्होंने लाइसेंस की जांच करने, मावे के सैंपल जांच के लिए फूड लैब भेजने और जहां से मावा लाया जाता है, वहीं पर गुणवत्ता की जांच करने के इंतजाम करने को कहा। सख्त लहजे में कहा कि सैंपल फेल होने पर आढ़ती के खिलाफ जुर्माना व एफआईआर दर्ज की जाए। इस दौरान नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह मौजूद रहे।

# किसान ने किया नया प्रयोग नहीं मिला कोई प्रोत्साहन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** रिटायर प्रिंसिपल ने जिले में पहली बार दक्षिण अमेरिका के ड्रैगन फ्रूट की खेती की लेकिन सरकार की ओर से उन्हें कोई प्रोत्साहन नहीं मिला।

रिटायर प्रिंसिपल डॉ. एनएस नेगी ने गोरापड़ाव में साल 2022 में डेढ़ एकड़ जमीन में ड्रैगन फ्रूट की खेती शुरू की। इसके लिए उन्होंने उद्यान विभाग का रूख किया लेकिन वहां से उन्हें कोई खास सहयोग नहीं मिल पाया।

डॉ. नेगी ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट के किसानों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार के पास फिलहाल कोई नीति नहीं है। उद्यान विभाग के अधिकारियों ने उनसे कहा कि अभी मिशन एप्पल योजना में 80 प्रतिशत सब्सिडी उपलब्ध है।

डॉ. नेगी ने कहा कि तेलंगाना से ट्रेनिंग लेकर उन्होंने अपनी जमा पूंजी से ड्रैगन फ्रूट की खेती शुरू की। इसमें उनका करीब 7 लाख रुपये का खर्च आया। उन्होंने बताया कि एक साल में तैयार हुई फसल से जुलाई से नवंबर तक करीब 12 कुंतल उत्पादन हुआ। हल्द्वानी मंडी में ही 17-18 हजार रुपए प्रति कुंतल से उनका सारा माल बिक गया।

उन्होंने बताया कि ड्रैगन फ्रूट के पौधे से 25 साल तक उत्पादन लिया जा सकता है। इसके लिए 8 डिग्री से 45 डिग्री सेल्सियस तक तापमान आवश्यक है व तराई का मौसम इसके अनुकूल है।

**हालात**

▶▶ ड्रैगन फ्रूट के किसानों के लिए राज्य सरकार के पास फिलहाल कोई नीति नहीं

ड्रैगन फ्रूट की खेती में निवेश काफी ज्यादा है। सरकार को इसके लिए भी नीति बनानी चाहिए, जिससे अन्य किसान भी इसके लिए प्रोत्साहित हो सकें। - **डॉ. एनएस नेगी,** रिटायर प्रिंसिपल

# बिजली कटौती से परेशान लोग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** सर्दियों में भी बिजली कटौती बरकरार है। खासतौर से सुबह लंबे समय तक बिजली काटी जा रही है। बिजली कटौती विगत कई दिनों से जारी है। जिस वजह से लोगों के बिजली संबंधी काम नहीं हो पा रहे हैं।

सोमवार की सुबह भी शहर में बिजली कटौती हो गई। सुबह 7 बजे से ही बिजली कटौती कर दी गई। पूर्वान्ह में ही बिजली आपूर्ति बहाल हो पाई। इसके अलावा दिन में भी कई बार बिजली कटती रही। सर्दियों में जब बिजली की खपत कम हो जाती है तब बिजली कटौती बढ़ने से लोग परेशान हैं। लोगों का कहना है कि सर्दियों में पानी गर्म करने के लिए गीजर, बिजली की रॉड का इस्तेमाल करना पड़ता है। रोज सुबह बिजली कट रही है, इस वजह से पानी तक गर्म नहीं हो पा रहा है। यही नहीं बिजली नहीं होने से हीटर भी नहीं जल रहे हैं। दिन में भी बिजली की असमान्य कटौती हो रही है। लोगों को लैपटॉप, मोबाइल चार्ज करने में परेशानी हो रही है।



बिजली विभाग को ज्ञापन सौंपते पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट व अन्य।

### बिजली कटौती के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी :** कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र बिजली कटौती बंद नहीं की गई तो उग्र धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बिष्ट ने कहा कि बिजली विभाग मनमाने ढंग से अघोषित कटौती कर रहा है, इस वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। बोर्ड की परीक्षाएं नजदीक है अघोषित कटौती से विद्यार्थियों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। इस दौरान राजकुमार यादव, विक्की तिवारी, विपिन तिवारी, संतोष कुमार, राजेश बिष्ट, जगदीश कुमार आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, नैनीताल

E-mail : nainitalcvo@gmail.com PH. 9412944175

पत्रांक : 5094/लेखा/विज्ञापन/2023-24 **पशुपालन विभाग जनपद नैनीताल** दिनांक : 29-01-2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश पत्र संख्या 36254/xv-1/23/7(14)/22 दिनांक 04.07.2023 के अनुरूप प्रदेश के स्थानीय निकायों द्वारा संचालित गोसदनों को मान्यताप्रदत्त गैरसरकारी पशुकल्याण संस्थाओं के माध्यम से संचालित कराया जाना है। तदक्रम में दिनांक 11.09.2023 को जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में आहूत जनपदीय गोआश्रय अनुश्रवण समिति की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार मान्यताप्रदत्त गैरसरकारी पशु कल्याण संस्थाओं के माध्यम से गोसदनों का संचालन कराये जाने हेतु इच्छुक संस्थाओं से आवेदन प्राप्त किये जाने हेतु समाचार पत्रों के माध्यम से अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण (Invitation for Expression of Interest) प्रकाशित किया जाना है। वर्तमान में जनपद नैनीताल के अन्तर्गत निम्न तहसीलों में निराश्रित गोवंश के आश्रय हेतु भूमि / स्थल का चयन किया जा चुका है तथा गोशाला निर्माण / स्थापना हेतु कार्यवाही गतिमान है। चयनित भूमि स्थल पर गौशाला के संचालन हेतु इच्छुक गैर सरकारी संगठन (NGO) से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। गोशाला के संचालन हेतु पूर्व कार्यानुभव होना आवश्यक है। गैर सरकारी स्वैच्छिक संस्थाओं जो सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अन्तर्गत पंजीकृत / किसी अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत धमार्थ संस्था द्वारा विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से 15 दिवसों के भीतर आवेदन मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी कार्यालय, नैनीताल में जमा किये जा सकते हैं। तहसीलवार चयनित गौशाला भूमि / स्थल का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र.सं. | नगर निकाय/तहसील | सम्बन्धित क्षेत्र | गोशाला हेतु चयनित स्थल | अनुमानित पशुशरण क्षमता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कालाढूंगी | ग्रामीण (जिला पंचायत) | ग्राम रतनपुर बैलपड़ाव | 200 |

(डॉ. डी.सी. जोशी)
मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी
नैनीताल


# विभागीय कार्यों को यूयूएसडीए व एडीबी से कराने का किया विरोध

संवाददाता, हल्द्वानी



जल निगम में विभिन्न मांगों को लेकर धरना देते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जल निगम व जल संस्थान संयुक्त मोर्चा ने सोमवार को विभागों के निजीकरण के विरोध में नैनीताल रोड स्थित जल निगम के मुख्य अभियंता कार्यालय में दो घंटे का सांकेतिक धरना दिया। जल निगम व जल संस्थान के अधिकारी व कर्मचारियों ने सरकार के सौतेले व्यवहार का विरोध किया।

उन्होंने विभाग के कार्यों को शहरी विकास विभाग के अंतर्गत यूयूएसडीए (उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलपमेंट एजेंसी) के हाथों में सौंपा जाना दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कहा कि जिन कार्यों को जल निगम और जल संस्थान करता आ रहा है उसे एडीबी (एशियन डेवलपमेंट बैंक) से कराने के पीछे सरकार पेयजल सेक्टर का निजीकरण कर रही है। इसके विरोध में संयुक्त मोर्चा बीते 20 जनवरी से लगातार धरना दे रहा है। इसी क्रम में आज (मंगलवार को) तिकोनिया स्थित जल संस्थान कार्यालय में दो घंटे का सांकेतिक धरना दिया जाएगा। धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता जल संस्थान के शाखाध्यक्ष हेमंत भट्ट और संचालन ललित प्रसाद ने किया। हेमंत भट्ट ने बताया कि बुधवार को भी धरना दिया जाएगा। इस दौरान कृष्ण कुमार बधानी, अरविंद कुमार, राजेंद्र कुमार, पंकज कुमार, पूरन सिंह, सागर पंत, हरीश चंद्र, भुवन चंद्र, यतेंद्र सिंह रावत आदि उपस्थित रहे।



अयोध्या के लिए रवाना होते कारसेवक। ● अमृत विचार

### अयोध्या के लिए रवाना हुए कार सेवक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** हल्द्वानी से अयोध्या के लिए कार सेवकों का दल सोमवार को रवाना हो गया। इस दल में कार सेवक पूर्व दर्जा राज्य मंत्री प्रकाश हर्बोला, देवेश अग्रवाल, त्रिलोक बिष्ट, भुवन भट्ट शामिल हैं। लोगों ने दल के सदस्यों को शुभकामनाएं देकर रवाना किया। इस दौरान प्रकाश हर्बोला ने कहा कि यह बहुत गौरवशाली क्षण है जो स्वप्न बचपन से देखते आ रहे थे वह आज पूर्ण हो गया है। आज साक्षात रामलला के दर्शन करने जा रहे हैं। कार सेवकों को रवाना करने वालों में रविंद्र बाली, कार्तिक हर्बोला, वीरेंद्र जायसवाल, विशु शर्मा, करन श्रीवास्तव, हितेश शर्मा, विशाल कुमार, लक्ष्मण जीना, योगेंद्र भट्ट शामिल रहे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखानी स्थिति कार्यालय से संघ के प्रांत संघचालक डॉ. बहादुर सिंह बिष्ट ने भगवा ध्वज दिखाकर श्रद्धालुओं को रवाना किया। इस दल में संघ परिवार के करीब 150 लोग शामिल हैं। इस दौरान सह प्रांत प्रचार प्रमुख बृजेश बनकोटी, सह प्रांत ग्राम्य विकास प्रमुख सतेंद्र रावत, विनीत टंडन, कमलेश, उत्तम नयाल मौजूद रहे।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उधमसिंह नगर

E-mail - cmousnagar@gmail.com Ph. 05944-242114 Fax : 05944-24739




**जल्द बीमारी का पता लगने से कुष्ठ रोग का पूर्ण इलाज हो सकेगा व शारीरिक अपंगता से भी बचाव होगा।**

जल्द बीमारी का पता लगने, सही इलाज और इलाज का पूरा कोर्स करने से कुष्ठ रोग से होने वाली शारीरिक अपंगता से बचा जा सकता है।

क्योंकि सपना है कुष्ठ मुक्त भारत का

National Leprosy Eradication Programme

**जिला कुष्ठ निवारण समिति, उधमसिंह नगर**

पत्रांक : एन.एच.एम./प्रचार/23-24/843 दिनांक : 27-01-2024


### जांच के घेरे में पंपिंग पेयजल योजनाएं

**गरमपानी :** ग्रामीणों की प्यास बुझाने में नाकाम साबित हो रही करोड़ों रुपये के लागत से बनी पंपिग पेयजल योजनाएं जांच के घेरे में आ गई है। जल निगम की अधिशासी अभियंता पल्लवी चौधरी ने लगातार मिल रही शिकायतों के देख बेतालघाट ब्लॉक के गांवों में बनी चार पंपिग पेयजल योजनाओं पर जांच बैठा दी है। योजनाओं के जांच के दायरे में आने से हड़कंप मचना तय माना जा रहा है। अधिशासी अभियंता पल्लवी चौधरी के अनुसार सभी योजनाओं की निरीक्षण भी होगा। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

सरकार ने गांवों में पानी का सूखा खत्म करने को करोड़ों रुपये की लागत से पंपिग पेयजल योजनाओं का निर्माण करवाया है बावजूद गांवों में बूंद बूंद पानी को हाहाकार मचा हुआ है। करोड़ों रुपये की लागत से बनी योजनाओं से लोगों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा।

# समूह 'ग' की भर्ती में स्थायी निवास की बाध्यता भी हो गई खत्म: पंवार

संवाददाता, हल्द्वानी



नैनीताल रोड स्थित रेस्टोरेंट में पत्रकारों से वार्ता करते बेरोजगार संगठन के अध्यक्ष बॉबी पंवार।

**अमृत विचार:** उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पवार ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि जहां जनता मूल निवासी की मांग के लिए लड़ रही है तो वहीं सरकार ने स्थायी निवास तक की बाध्यता समाप्त कर दी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कृपा के आधार पर ऊधमसिंह नगर जिले में एक अधिकारी को एसडीएम का चार्ज दिया है।

नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टारेंट में वार्ता के दौरान बॉबी पवार सरकार पर जमकर बरसे। कहा कि हाल ही मे यूकेएसएसएससीने एक विज्ञप्ति जारी की। जिसमें मूल निवास/स्थाई निवास न होने पर भी समूह 'ग' की भर्ती में उत्तराखंड राज्य से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की शर्त पर आवेदन कर सकते हैं। कहा कि सरकार यहां के मूल निवासियों के साथ धोखा कर रही है। कहा कि सरकार उक्त भर्तियों में मूल निवास की बाध्यता को लागू करे। कहा कि पिछले दिनों हमने साक्ष्यों के साथ ऊधमसिंह नगर जिले में तैनात एक एसडीएम की अवैध नियुक्ति का खुलासा किया था, लेकिन एसडीएम पर सरकार ने कार्रवाई तक नहीं की। कहा कि उस अधिकारी की ओर से हमें 10 करोड़ का नोटिस हमें थमा दिया गया। कहा कि इसी तरह अनुदेशक की भर्ती में कम अनुभव वालों को चयन किया जा रहा है। जब हमने जांच के लिए कहा तो जांच अधिकारी कह रहे हैं कि हम बार-बार जांच नहीं कर सकते हैं। आरोप लगाए कि पेपर लीक प्रकरण फिर से शुरू हो रहा है और जल्द ही तथ्यों के साथ इस बात का खुलासा करेंगे। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी की मां का कहना है कि उनके वकील को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने राज्य के युवाओं से अपील की कि वह मूल निवासी और भू कानून के आंदोलन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें। जिससे उनका हक बच सके। इस दौरान उत्तराखण्ड बेरोजगार संघ के उपाध्यक्ष राम कंडवाल, सूचना अभिप्रसार सचिव नितिन दत्त, भूपेन्द्र कोरंगा मौजूद रहे।


## राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जनपद नैनीताल

Ending Stigma, Embracing Dignity

Ministry of Health & Family Welfare Government of India

**कुष्ठ रोग पूरी तरह ठीक हो जाता है**

स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुफ्त इलाज उपलब्ध है

कुष्ठ रोग रोगाणुओं के कारण होता है
यह कोई अभिशाप नहीं है
यह वंशानुगत नहीं है, यानि एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में संचारित नहीं होता

कुष्ठ पीड़ित के स्पर्श से, जैसे हाथ मिलाने, साथ में खेलने या काम करने से कुष्ठ रोग नहीं फैलता

आमतौर पर कुष्ठ रोग की शुरूआत में त्वचा पर सुन्न धब्बा आता है
- छूने या दर्द का एहसास नहीं होता
- शरीर पर किसी भी जगह हो सकता है

त्वचा पर ऐसे बदलाव दिखने पर जरूरी है कि किसी स्वास्थ्यकर्ता या डॉक्टर से तुरन्त मिलें

कुष्ठ रोग 6-12 महीने तक दवाइयाँ लेने से पूर्णतः ठीक हो सकता है। नियमित रूप से एम.डी.टी. इलाज लेने पर
- पूर्णतः ठीक हो जाते हैं
- कोई शारीरिक विकृति नहीं आती
- अन्य व्यक्तियों में संचालित नहीं होता



**क्या आप जानते हैं? कुष्ठ रोग सिर्फ एक जीवाणु के कारण होता है**

कुष्ठ पीड़ित व्यक्ति किसी भी अन्य नागरिक की तरह ही एक सामान्य व सम्मानित जीवन जी सकता है
आओ एक साथ कदम बढ़ाएं, कुष्ठ रोग मुक्त भारत बनायें।

विकसित भारत अभियान

National Leprosy Eradication Programme — Let's Fight Leprosy & Make Leprosy a history

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नैनीताल**

पत्रांक : एन.एच.एम./कुष्ठ/आई.ई.सी./2023-24/720-24 दिनांक : 29-01-2024

## सार-संक्षेप

### दुकान से चोरी करने वाला चंद घंटों में पुलिस हिरासत में

**रामनगर :** पुलिस ने चोरी की घटना होने के कुछ समय बाद ही चोर को सलाखों के पीछे धकेल दिया। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि गोपाल दत्त पांडे उर्फ काकू निवासी भवानीगंज रामनगर द्वारा अपनी भवानीगंज स्थित दुकान से 28 जनवरी की रात्रि को किसी चोर ने दुकान से 1800 रुपये नकदी व अन्य सामान चोरी करने का मुकदमा दर्ज कराया था। इस संदर्भ में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी का अवलोकन कर आरोपी शोएब सैफी निवासी केला गोदाम रोड भवानीगंज रामनगर को मय चोरी किए माल के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया गया है।


खेल प्रकोष्ठ के संयोजक पांडे का स्वागत करते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

### पूर्व सैनिकों ने खेल प्रकोष्ठ के संयोजक पांडे का स्वागत

**हल्द्वानी :** सेवानिवृत्त खेल उपनिदेशक सुरेश पांडे को भाजपा ने खेल प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक बनाया है। सोमवार को पूर्व सैनिकों ने कार्यक्रम आयोजित कर उनका स्वागत किया। सोमवार को मेजर रि. बीएस रौतेला के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में मेजर (रि.) केएस महरा, कैप्टन (रि.) सोबन सिंह भड़, कैप्टन (रि.) त्रिवेणी पांडे, कैप्टन (रि.) नरेंद्र सिंह कार्की, कैप्टन (रि.) बहादुर सिंह मेहरा, कैप्टन (रि.) मदन सिंह राठौड़, कैप्टन (रि.) नारायण दत्त पांडेय, कैप्टन (रि.) भूपाल सिंह महरा, कैप्टन (रि.) खुशाल सिंह महरा, कैप्टन (रि.) कृपाल सिंह कोरंगा आदि मौजूद रहे।



स्वेटरों को पहनने के बाद खुशी का इजहार करते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

### स्वेटर पाकर स्कूली बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान

**रामनगर :** इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब ने बंबाघेर और मोतीमहल के प्राथमिक विद्यालयों में जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरित किए। गर्म स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे। अभियान के तहत मोतीमहल के प्राथमिक विद्यालय से 28, जबकि बंबाघेर के प्राथमिक विद्यालय से 20 ऐसे बच्चों को स्वेटर वितरित किए जो बिना स्वेटर के विद्यालय में बैठे थे। संस्था के संस्थापक संतोष मेहरोत्रा ने बताया कि सर्दियों में पायनियर क्लब जरूरतमंद स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरित करता है। इस दौरान विजय अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, दीपांशु अग्रवाल और वीरेन्द्र सिंह रावत मौजूद रहे।

# हाय ककड़ी झिल मा, नूण पिसो सिल मा...पर झूमे लोग

## पहले दिन लोक गायिका माया उपाध्याय ने बांधा समा, कलाकार श्वेता मेहरा के साथ थिरके लोग, बच्चों ने भी कार्यक्रम किए

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** श्रीश्री 1008 बाबा हैड़ाखान शरदोत्सव समिति की ओर से आयोजित दो दिवसीय शरदोत्सव का सोमवार को शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम के पहले दिन सांस्कृतिक संध्या में जहां लोक गायिका माया उपाध्याय ने अपने मधुर गीतों से समा बांधा। वहीं कलाकार श्वेता मेहरा के डांस पर लोग थिरकते नजर आए।

कठघरिया चौराहे के पास आयोजित शरदोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ सांय 4 बजे मुख्य अतिथि कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद स्थानीय बच्चों ने मंच पर सरस्वती वंदना और विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे।

वहीं सांस्कृतिक संध्या में लोक गायिका माया उपाध्याय ने अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरा। हाय ककड़ी झिल मा, नूण पिसो सिल मा..., चंदना गाड़ी चली पहाड़ लेन मा..., छोरी लछिमा सुरा सुरा हवा चली साड़ी सभाला..., पहाड़ की चेली छू में नाम छू म्यर मोहिनी..., ओ चंदू ड्राइवर माठू-माठू गाड़ी चला...आदि गीतों पर दर्शक झूम उठे। इसके बाद कलाकार श्वेता मेहरा ने मंच पर कई कुमाउनी गीतों पर शानदार डांस पेश किया। उनके साथ लोग भी ठुमके लगाते नजर आए।

इस अवसर पर आयोजन समिति के धीरज जोशी, मनीष आर्य, ललित जोशी, संजय बिष्ट आदि मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि मंगलवार को सांस्कृतिक संध्या में लोक गायक इंदर आर्य व पर्वतीय कला संगम दिल्ली के कलाकार प्रस्तुति देंगे।



शरदोत्सव में अपनी प्रस्तुति देतीं लोक गयिका माया उपाध्याय। ● अमृत विचार


शरदोत्सव में मुख्य अतिथि बंशीधर भगत का स्वागत करतीं महिलाएं।

# 54 पूर्व सैन्य अधिकारियों ने भाजपा की सदस्यता ली

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पूर्व भाजपा का सदस्यता अभियान तेज हो गया है। सोमवार को मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में भाजपा ज्वाइनिंग कमेटी के प्रदेश संयोजक गोविंद बिष्ट ने सेनि मेजर बीएस रौतेला के नेतृत्व में 54 पूर्व सैन्य अधिकारियों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। बिष्ट ने सभी का फूल माला व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि पूर्व सैन्य अधिकारियों ने जीवन भर देश के लिए समर्पण की भावना से काम किया। अब उन्होंने ऐसे दल को चुना है जिसके लिए राष्ट्र प्रथम है। सेवानिवृत्त मेजर केएस महर, कैप्टन एसएस राठौर, कैप्टन नारायण दत्त पांडे, कैप्टन कृपाल सिंह कोरंगा, खुशाल सिंह रावल, हवलदार मोहन सिंह रौतेला, नायब सूबेदार दीवान सिंह राठौर, हवलदार गोपाल सिंह डसीला, सूबेदार गणेश सिंह, सैनिक भीम सिंह राणा, नायक हेम चंद्र भट्ट आदि ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, ज्वाइनिंग कमेटी के जिला संयोजक चंदन सिंह बिष्ट, सह संयोजक सचिन शाह एवं खीमानन्द शर्मा, नवीन भट्ट मौजूद रहे।


भाजपा संभाग कार्यालय में सदस्यता ग्रहण करते पूर्व सैन्य अधिकारी।

## मंदिर के सौंदर्यीकरण को कैड़ा ने दिए रुपये

**भीमताल, अमृत विचार :** विधायक राम सिंह कैड़ा ने पसोली, रॉशिल, गुमाल गांव आदि का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के आदेश दिए। उन्होंने जनता को सरकार की ओर से संचालित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों की मांग पर कैड़ा ने विधायक निधि से पसोली में देवी मंदिर सौंदर्यीकरण के लिए 1.50 लाख, सीसी मार्ग निर्माण को 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। कैड़ा ने कहा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मंदिरों का नव निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान बीडीसी सदस्य निखिल महतोलिया, रमेश जोशी, अनिल कार्की, हरीश कार्की, नारायण राणा, गंगा सिंह, मुन्ना लाल आदि मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस की परेड से लौटीं प्रधान का स्वागत

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** गणतंत्र दिवस की परेड में उत्तराखंड से स्पेशल गेस्ट के रूप में आमंत्रित ग्राम प्रधान मीना भास्कर भट्ट के दिल्ली से वापसी पर क्षेत्रवासियों ने उनका स्वागत किया।

ग्राम सभा हल्दूचौड़ जग्गी की ग्राम प्रधान मीना भास्कर भट्ट ने क्षेत्रवासियों को परेड के अनुभव बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने नैनीताल जिले से दो महिला ग्राम प्रधानों को उनके पतियों के साथ गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। इसके अलावा केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ डिनर पार्टी एवं क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा की गई थी। इसमें उत्तराखंड से बोलने का सौभाग्य ग्राम प्रधान मीना भास्कर भट्ट को मिला। शुभकामनाएं देने वालों में क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन बिष्ट, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, आरसी पांडे, हेमवती नंदन दुर्गापाल, विनोद पांडे, गोपाल दत्त भट्ट, नवीन चंद्र दुम्का, हेमचंद्र भट्ट आदि शामिल रहे।


परेड के दौरान प्रधान मीना भास्कर भट्ट।



## एक नजर

### स्मैक संग आरोपी दबोचा

**खटीमा :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले भर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने गस्त के दौरान रविवार देर शाम एक बाइक सवार को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बाइक संख्या यूपी 26 यू-9874 के चालक को रोककर तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से 4.28 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उसने स्वयं को नानकमत्ता मंडी निवासी राजविंदर सिंह उर्फ राजू बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया। जबकि उसकी बाइक को सीज कर दिया गया है।

### रेलवे क्रॉसिंग के पास खेत में मिला नवजात का शव

**काशीपुर :** खड़कपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास एक नवजात का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पंचायतनामा भरा। सोमवार को थाना आईटीआई पुलिस ने डायल 112 पर क्षेत्र में एक नवजात शिशु के शव मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को खड़कपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास खाली पड़े खेत के किनारे गड्ढे में एक नवजात शिशु का शव पड़ा हुआ मिला। पुलिस ने शव के बारे में आसपास के लोगों से जानकारी ले शव का पंचायतनामा भरा और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# लाखों की स्मैक व अफीम संग तीन गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपये की ड्रग्स के साथ ही अवैध रिवॉल्वर, कारतूस व नगदी भी बरामद की

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत उत्तराखंड की सीमा पर चेकिंग के दौरान कोतवाली पुलिस की टीम ने यूपी निवासी तीन आरोपियों को भारी मात्रा में स्मैक, रिवाल्वर, अफीम व नगदी के साथ दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपये की ड्रग्स तथा हजारों की नगदी बरामद की।

कोतवाली परिसर में मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत उत्तराखंड- उत्तर प्रदेश की सीमा पर पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की तलाशी कर अवैध शस्त्रों, मादक पदार्थों एवं ड्रग्स की तस्करी में लिप्त लोगों की जांच की। उन्होंने बताया कि प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में ड्रग्स तथा अवैध शस्त्रों की बरामदगी के लिए गठित पुलिस टीम ने दरऊ चौकी के सामने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उत्तराखंड में प्रवेश कर रही कार संख्या यूपी 25 सीएफ 2028 को पुलिस ने रोक लिया।


किच्छा में पकड़े गए आरोपियों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

उन्होंने बताया कि पूछताछ करने पर कार सवार तीन लोगों ने अपना नाम पता ग्राम पिपरा सराय, थाना शीशगढ़, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी रजनीश कुमार गंगवार, ग्राम बल्ली, थाना शीशगढ़, जिला बरेली, यूपी निवासीगण अजीत सिंह एवं कुलदीप सक्सेना बताया।

एसपी सिटी कत्याल ने बताया कि पुलिस टीम ने तलाशी के दौरान आरोपी रजनीश गंगवार के कब्जे से 505 ग्राम अफीम, एक रिवाल्वर, दो जिंदा कारतूस, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, 3300 रुपए की नगदी व एक मोबाइल फोन बरामद किया। अजीत सिंह के पास से पुलिस ने 32.60 ग्राम स्मैक, 2700 रुपए नगद, एक मोबाइल फोन तथा तीसरे आरोपी कुलदीप सक्सेना के कब्जे से 25.35 ग्राम स्मैक, 2200 रुपए नगद तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के कब्जे से करीब 58 ग्राम स्मैक, 8200 की नगदी, तीन मोबाइल फोन तथा 505 ग्राम अफीम, एक रिवाल्वर, दो जिंदा कारतूस आदि सामान बरामद हुआ है। एसपी सिटी कत्याल ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। कहा कि जल्द मुनाफा कमाने के लालच में आरोपियों द्वारा नशा तस्करी का धंधा किया जा रहा था। फिलहाल पुलिस ने पकड़े गए तीनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट एवं एनडीपीएस की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। मौके पर सीओ ओम प्रकाश शर्मा एवं प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा मौजूद रहे।

पुलिस टीम में पुलिस क्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश शर्मा, प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद सिंह फर्त्याल, उपनिरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट, पुलिसकर्मी महेश कोहली, पुलिसकर्मी कुलदीप सिंह, पुलिसकर्मी उम्मेद गिरी, पुलिसकर्मी उमेश सिंह शामिल रहे।

### कम समय में अधिक पैसा कमाने का लालच पड़ा महंगा

**किच्छा :** पुलिस की गिरफ्त में आए तीनों आरोपी कमीशन में ईंट सप्लाई करने का कारोबार करते हैं। ईंट बेचने की आड़ में उन्होंने अधिक पैसा कमाने के लालच में नशा तस्करी का धंधा शुरू कर दिया। एसपी सिटी मनोज कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे लोग शीशगढ़ स्थित ईंट भट्टे से ईंट खरीदकर उत्तराखंड के हल्द्वानी, किच्छा तथा अन्य क्षेत्रों में वाहनों से लाकर बेचते हैं। इस काम में ईंट भट्टा स्वामी द्वारा उन्हें कमीशन दिया जाता है। उन्होंने बताया कि ईंट बेचने की आड़ में वह कार किराए पर लेकर और फतेहगंज निवासी एक व्यक्ति से स्मैक व अफीम खरीदकर फुटकर में किच्छा क्षेत्र में ग्राहकों को बेचता था। नशा तस्करी से प्राप्त मुनाफे को तीनों आरोपी आपस में बांट लेते थे। फिलहाल कम समय में अधिक पैसा कमाने का लालच तीनों युवकों को महंगा पड़ गया।

# कार चोरी के दोषियों को एक-एक साल की कैद

संवाददाता, रुद्रपुर

**फैसला**
- वर्ष 2022 थाना दिनेशपुर इलाके का है मामला
- तृतीय अपर सीनियर सिविल जज ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार:** वर्ष 2022 में थाना दिनेशपुर इलाके में हुई कार चोरी के दोषियों को तृतीय अपर सीनियर सिविल जज ने एक-एक साल का कठोर कारावास और पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड देने की सजा सुनाई।

अधिवक्ता पीसी चंदोला ने बताया कि दिनेशपुर निवासी शंकर सरकार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि 8 अक्टूबर 2022 को उसकी अल्टो कार संख्या यूके-06-5730 घर के बाहर खड़ी थी और सुबह देखा तो कार चोरी हो चुकी थी। काफी खोजबीन के बाद भी कार का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तफ्तीश के दौरान गांव अर्जुनपुर रुद्रपुर कोतवाली इलाके के रहने वाले राजेंद्र उर्फ गोल्डी और वीर सिंह को चेकिंग के दौरान विजयनगर तिराहे से गिरफ्तार कर लिया।

मामले की सुनवाई तृतीय अपर सीनियर सिविल जज नदीम अहमद की अदालत में शुरू हुई। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने राजेंद्र उर्फ गोल्डी व वीर सिंह को एक-एक साल का कठोर कारावास और पांच-पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

### वर्कशॉप पर चोरों ने उड़ाया महंगा सामान

**रुद्रपुर :** शहर के नामी वर्कशाप पर चोरों ने धावा बोलकर बैटरी सहित महंगे उपकरण को चुरा लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ओमेक्स रिवेरा निवासी कपिल अरोरा ने बताया कि नैनीताल हाईवे पर उसकी कोरस मोटर्स के नाम से कार वर्कशॉप का शोरूम है। 27 जनवरी की रात को चोरों ने दीवार फांदकर दो बेट्रियां, जनरेटर का सामान सहित कई महंगे उपकरणों को चुरा लिया। सुबह जानकारी मिलने के बाद वर्कशाप स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। बताया कि चुराए गए सामान की कीमत हजारों में है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# मानव जीवन का आधार है यज्ञ, दान व तप


गांधी पार्क में श्रीमद भागवत कथा सुनते अतिथि और भक्त।


कथा वाचक कालिंदी भारती।

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से गांधी पार्क में श्रीमद् भागवत कथा का सोमवार को भी जारी रही। इस दौरान पूजन कार्यक्रम का डॉ. मदन लाल बटला, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल समेत कई अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर शुभारंभ किया।

सोमवार को श्रीमद् भागवत कथा आयोजित कार्यक्रम में गोवंश में आ रही क्षीणता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कथा वाचक कालिंदी भारती ने कहा कि गौ की रक्षा व हित संवर्धन के लिए स्वयं परमात्मा इस धरती पर आते हैं पर उनकी संतान इस सेवा से क्यों वंचित है। वैदिक काल से मानव जीवन का आधार यज्ञ, दान व तप को माना गया है। कथा वाचक ने बताया कि गहराई से विचार किया जाये तो इन सब का आधार सिर्फ गौ है। गौ प्रेम कारण ही हमारे देश में गोकुल, गोवर्धन, गोपाल आदि नाम से प्रचलित है। गायों की संख्या के आधार पर ही भारतीय किसानों को नंद उपनंद व नंदराज आदि नाम दिये जाते हैं।

उन्होंने कहा कि महापुरुषों ने जहां संसार में मानवता की रक्षा की बात की है। वहीं उन्होंने बताया कि गौ रक्षा को भी श्रेष्ठ स्थान प्रदान किया है। देश में पूजा योग्य गाय की हालत अति दयनीय है। जो करोड़ों की संख्या में पशु मेलों के माध्यम से बूचड़खानों में पहुंचती हैं। सदियों से अहिंसा का पुजारी भारत देश आज हिंसक व मांस निर्यातक देश के रूप में उभरता जा रहा है। इस दौरान जिला प्रचारक जितेंद्र, कुमाऊं संगठन मंत्री हिन्दू जागरण मंच मुकेश, रचित सिंह, राहुल गुप्ता, सौरभ राठौर, चंदन आदि लोग रहे।

# पुलिस ने घर से बरामद की 150 लीटर अवैध शराब

**खटीमा।** पुलिस ने वनगवां गांव में एक व्यक्ति द्वारा घर से शराब बेचने की सूचना पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए वहां से अवैध कच्ची शराब बरामद कर आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस को रविवार को सूचना मिली कि वनगवां निवासी सुखदेव सिंह के घर पर शराब बेची जा रही है। जिसकी सूचना पर पुलिस ने तत्काल वहां छापा मारकर 150 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर ली जबकि परिवार के लोग मौका पाकर फरार हो गए।

पुलिस ने सुखदेव सिंह, परमजीत कौर, सुमित्रा कौर, सूरज सिंह, रघुवीर सिंह, कुलविंदर कौर, हिम्मत सिंह और प्रीत कौर के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश कर रही है।

# बाघिन के रेस्क्यू में जुटे वन कर्मी

**तैयारी**
- बाघिन की कमर में जकड़ा है तार, ट्रेंकुलाइज करने की तैयारी
- मौके पर 40 वनकर्मी तैनात, दो पिंजरे भी रखे गए

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** पूर्वी तराई वन प्रभाग हल्द्वानी के उपप्रभाग खटीमा के सुरई रेंज में एक बाघिन की कमर तार में जकड़ने का मामला प्रकाश आया है। बाघिन को तार से मुक्त करने के लिए वाइल्ड लाइफ और वन विभाग की टीम उसे ट्रेंकुलाइज करने की तैयारी कर रही है। मौके पर वन विभाग के चिकित्सकों के साथ ही भारी संख्या में वनकर्मी तैनात किए गए हैं।

भारत- नेपाल सीमा से लगे सुरई रेंज के जंगल में लगे ट्रैप कैमरों में एक बाघिन देखी गई है जिसकी कमर के पिछले हिस्से में तार जकड़ा हुआ है। एक माह से अधिक समय से बाघिन की मॉनिटरिंग के बाद उसको पिंजरे में पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन उसमें सफलता नहीं मिली है। अब बाघिन को ट्रेंकुलाइज करने पर काम किया जा रहा है।


बाघिन को ट्रेंकुलाइज करने के लिए जायजा लेतीं एसडीओ संचिता वर्मा व चिकित्सक।

इस संबंध में पूछने पर उपप्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा ने बताया कि सुरई रेंज में लगाए गए 35 से अधिक कैमरों से बाघिन की नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि बाघिन को ट्रेंकुलाइज करने के लिए वन विभाग के तीन चिकित्सकों का पैनल जिसमें डॉ. हिमांशु पांगती, डॉ आयुष उनियाल और डॉ. तरुण गर्ग द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। वहीं वाइल्डलाइफ के डॉ मिराज अनवर और डॉ. प्रशांत भी इस अभियान में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बाघिन को ट्रेंकुलाइज करने के लिए 40 कर्मियों की टीम को भी तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू वाहन के साथ ही दो पिंजरे भी स्थापित किए गए हैं।

# श्रीराम भक्तों का जत्था अयोध्या रवाना हुआ

**बाजपुर, अमृत विचार :** सोमवार को श्रीरामभक्तों का जत्था अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुआ। सरस्वती शिशु मंदिर में श्रीरामभक्तों ने जोरदार आतिशबाजी की। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला संघ चालक हरीश सक्सेना की अगुवाई में जत्थे में शामिल श्रीरामभक्तों को तिलक कर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर सुबोध गुप्ता, यशपाल राजहंस, विकास पवार, वरुण वशिष्ठ, सचिन गौतम, रोहित बंसल आदि मौजूद रहे। इसी तरह कुछ श्रीरामभक्त मां श्री दक्षिणेश्वरी कालीपीठ मंदिर सिंह कालोनी चकरपुर में एकत्र हुए और मां काली से आशीर्वाद लेकर डीजे व डोल-नगाड़ों के साथ अयोध्या धाम की यात्रा प्रारंभ की गई। प्रांत सह मठ मंदिर प्रमुख एवं अरचक पुरोहित मां श्री दक्षिणेश्वरी कालीपीठ मंदिर के मुख्य पुजारी महंत विकासानांद महाराज ने बताया कि श्रीरामभक्त ट्रेन के जरिये 30 जनवरी की प्रात : अयोध्या धाम पहुंचेंगे और वहां श्रीरामलला के दर्शन करेंगे।

## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ– 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्ते निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ–साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 25 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.


टीकाकरण को लेकर बैठक करते सीएमओ डॉ. शर्मा। ● अमृत विचार

# यूविन पोर्टल पर शत-प्रतिशत हो टीकाकरण की एंट्री : सीएमओ

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** टीकाकरण कार्यक्रम को लेकर जसपुर और काशीपुर ब्लॉक की एक बैठक आयोजित हुई। इसमें यूविन पोर्टल और टीकाकरण को लेकर समीक्षा की गयी। इसमें 54 एएनएम ने प्रतिभाग किया।

सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा की अध्यक्षता बैठक आयोजित हुई। इस दौरान सीएमओ डॉ. शर्मा ने टीकाकरण की यूविन पोर्टल एंट्री शत-प्रतिशत कराने के निर्देश दिये। सभी एएनएम को अपने-अपने क्षेत्र में टीकाकरण यूविन पर एंट्री करने को कहा। उन्होंने कहा कि अगर कोई एएनएम इस कार्य में रुचि नहीं ले रही है तो ऐसी एएमएम को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि सेशन साइट पर चार की मैसेज प्रदर्शित किया जाये व एईएफआई कीट को अनिवार्य रूप से अपने पास रखा जाए। इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. हरेंद्र मलिक, डॉ. एसपी सिंह, चांद मियां, नंदलाल समेत कई लोग उपस्थित थे।

### आर्म रेसलर दलजीत सिंह गोराया को किया सम्मानित

**बाजपुर, अमृत विचार :** जेसीज पब्लिक स्कूल गंगापुर रोड रुद्रपुर में 28 जनवरी को हुए जय हिंद क्लासिक उत्तराखंडी बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप के दौरान राजकीय चिकित्सालय केलाखेड़ा में फार्मेसिस्ट के पद पर तैनात विश्व चैंपियन आर्म रेसलर खिलाड़ी दलजीत सिंह गोराया को सम्मानित किया गया। उन्हें उत्तराखंड बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के महासचिव, फिटनेस एसोसिएशन एवं आल इंडिया पुलिस गेम के चीफ कोच मुकेश पाल द्वारा सम्मानित किया गया। दलजीत ने बताया कि आर्म रेसलिंग खेल में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक बार स्वर्ण पदक हासिल कर प्रदेश व देश का नाम रोशन करने तथा पिछले करीब 23 वर्षों से निरंतर राज्य स्तरीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगताएं करवाने व खिलाड़ी तैयार करने के लिए उन्हें यह सम्मान मिला है। गोराया ने इस सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त किया है।


बाजपुर में आर्म रेसलर दलजीत सिंह गोराया को सम्मानित करते मकेश पाल।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### जीबी पंत विवि में प्रशिक्षण कार्यक्रम एक से होगा शुरू

**पंतनगर।** जीबी पंत विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग की ओर से मॉडलिंग मिलेट्स एग्रोनोमी फार क्वालिटी फूड न्यूट्रिशन विषय पर 21 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित होगा। यह प्रशिक्षण 1 से 22 फरवरी तक आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी निदेशक संचार ने दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च के कृषि शिक्षा प्रभाग के क्षमता निर्माण के तहत वित्त पोषित है। इसमें आठ विभिन्न राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, हरियाणा, बिहार, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और उड़ीसा से प्रतिभागी उपस्थित होंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन 1 फरवरी 2024 को कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके कश्यप करेंगे। उन्होंने बताया कि 22 फरवरी तक विश्वविद्यालय और देशभर से आये प्रशिक्षण के विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान और व्यावहारिक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### चाकू के साथ दबोचा

**खटीमा।** पुलिस ने बीती रात्रि पीलीभीत रोड पर गश्त के दौरान संदिग्ध घूम रहे एक युवक को रोका तो उसने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने उसे दौड़कर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया। पूछताछ में युवक ने स्वयं को सैदपुर थाना न्यूरिया, पीलीभीत उत्तर प्रदेश निवासी बाबू राम बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया।

### घने कोहरे में दो कारें हादसे की शिकार

**शातिंपुरी।** नागला बाईपास पर रविवार देर रात घने कोहरे के चलते दो कारें हादसे का शिकार हो गईं। जिसमें एक कार चालक बाल-बाल बच गया, जबकि दूसरी कार में सवार महिला को गंभीर चोटें आई हैं। बाईपास पर ड्यूटी पर मौजूद एसआई दिनेश सिंह रावत व कांस्टेबल कुंदन वर्मा ने महिला को एंबुलेंस से एसटीएच भेजा। रविवार रात लगभग 9 बजे लालकुआं से ट्यूशन पढ़ाकर कार संख्या यूके06/एडी/1407 से लौट रहे जवाहरनगर निवासी डॉ. अमित मेवाड़ी की कार के आगे दवाई फार्म के पास कोई जंगली जानवर आ गया। जिससे कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खंती में घुस गई। हादसे में कार तो क्षतिग्रस्त हुई, लेकिन उन्हें चोट नहीं आई। वहीं रात लगभग 12 बजे हल्द्वानी की ओर जा रही कार संख्या यूके04/एम/1411 को नगला बाईपास से आगे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें कार सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि चालक को हल्की चोटें आईं।

### दोना पत्तल बनाने वाली फैक्ट्री की आड़ में चल रहा था नकली दवाएं बनाने का धंधा, कई कंपनियों के नाम की नकली दवाएं बरामद

# नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी, दो लोग हिरासत में

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** पुलिस ने कागज के पत्तल बनाने वाली फैक्ट्री में छापा मारकर नकली दवा बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है। जहां कई नामी कंपनियों की नकली दवाएं भी पुलिस ने बरामद की हैं। मौके से पुलिस ने दो लोगों को भी हिरासत में लिया है। जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। वही पुलिस ने मौके पर ड्रग्स इंस्पेक्टर को बुलाकर बरामद दवाइयों की जांच भी कराई है। वही बताया जा रहा है कि मौके से पुलिस ने परिवहन के कार्य में प्रयोग की जा रही एक कार को भी कब्जे लिया है।

सोमवार को पुलिस ने गोपनीय सूचना पर कटोराताल पुलिस चौकी क्षेत्र के रम्पुरा की एक कॉलोनी में कागज के दोना पत्तल बनाने वाली फैक्ट्री में छापा मारा। जहां अंदर का नजारा देख पुलिस के होश उड़ गये। फैक्ट्री के अंदर पुलिस को कई नामी कंपनियों की दवाइयां बोरे में भरी मिली। बताया जा रहा है कि पुलिस को दवाई बनाने की मशीन भी बरामद हुई है। साथ ही मौके से पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि पुलिस को देख दो अन्य लोग मौके से फरार हो गए। जिनकी पुलिस तलाश में जुट गई है। वहीं मौके से पुलिस ने परिवहन कार्य में प्रयोग की जा रही एक कार को भी कब्जे में लिया है। बताया जा रहा है कि यहां बनी दवाइयों की सप्लाई यूपी व अन्य राज्यों में होती थी। उधर पुलिस ने मौके पर ड्रग्स इंस्पेक्टर को बुला दवाइयों का परीक्षण भी कराया है।

पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है और मामले में अभी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। बताया जा रहा कि फैक्ट्री किराये की जगह पर संचालित हो रही थी और आसपास के लोगों को वहां सिर्फ कागज के दोना व पत्तल बनाने की जानकारी थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और मंगलवार को विस्तृत रूप से मामले का खुलासा कर सकती है।

एसपी काशीपुर अभय सिंह ने बताया कि एक सूचना के आधार पर पुलिस ने दोना पत्तल बनाने वाली फैक्ट्री से कई कंपनियों की दवाइयां बरामद की हैं। जिनकी ड्रग्स इंस्पेक्टर द्वारा जांच की जा रही है। बरामद दवाइयां नकली होना प्रतीत हो रहा है। जांच के बाद पुलिस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करेगी। ड्रग्स इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने बताया कि काशीपुर क्षेत्र की एक फैक्ट्री से पुलिस को बरामद कई कंपनियों की दवाइयां जांच के बाद नकली मिली हैं।



नकली दवा की फैक्ट्री में जांच करते ड्रग इंस्पेक्टर व पुलिस। ● अमृत विचार



फैक्ट्री में बरामद नकली दवाइयां।

### बॉडी बिल्डिंग में अरुण ने पाया कांस्य

**काशीपुर।** रुद्रपुर में आयोजित बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में मजदूर के पुत्र अरुण चंद्रा ने अपनी कलाओं का शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार में ही कांस्य पदक हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

रुद्रपुर में उत्तराखंड बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन की ओर से राज्य स्तरीय जय हिंद क्लासिक बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें काशीपुर दुर्गा कॉलोनी निवासी अरुण चंद्रा समेत विभिन्न क्षेत्रों के युवाओं ने प्रतिभाग किया। मेन फिजिक में अरुण ने अपने शरीर की कलाओं का प्रदर्शन किया। स्वर्ण पदक का लक्ष्य लिए अरुण अपने प्रतिद्वंदियों को मात देने में सफल नहीं हो सके। आखिरकार जिले में तीसरे स्थान पर रहते हुए उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

# जिपं सदस्यों ने 14 प्रस्तावों पर दी सहमति

### एएमए के नहीं आने पर सदस्यों में रोष, सदस्यों ने एएमए व वित्तीय परामर्शदाता के खिलाफ निंदा प्रस्ताव किया पास

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** जिला पंचायत की बोर्ड बैठक बगैर अपर मुख्य अधिकारी (एएमए) के प्रारंभ हुई। इस दौरान जिला पंचायत सदस्यों ने 14 प्रस्तावों पर सहमति व्यक्त की। साथ ही अपर मुख्य अधिकारी और वित्तीय परामर्शदाता के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास किया। इस दौरान सभी जिला पंचायत सदस्यों ने अपर मुख्य अधिकारी के बैठक में नहीं पहुंचने पर आक्रोश जताया।

सोमवार को जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह बैठक को विधि सम्मत नहीं बताते हुए बैठक में उपस्थित नहीं रहे, जबकि कार्य अधिकारी हरिमोहन अवकाश पर थे। इस कारण जिला पंचायत के कर अधिकारी अनुभव तिवारी ने बैठक के एजेंडे का एक-एक कर पड़ा और प्रस्तावों पर सहमति व्यक्त की।

इस दौरान एजेंडे में शामिल अपर मुख्य अधिकारी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव और अन्य जनपद में स्थानांतरण, जिला पंचायत सदस्य अमनदीप कौर, सद्दाम हुसैन की सदस्यता शासन से समाप्त नहीं होने के बाद भी उनके क्षेत्र में विकास कार्य कैसे रोके गये हैं, इस पर स्पष्टीकरण देने का प्रस्ताव पास हुआ। इस दौरान सदस्यों ने विशेष आमंत्रित सदस्यों के प्रस्ताव स्वीकृत करने पर नाराजगी जतायी गयी। नानकमत्ता खोड भूमि और किच्छा में पुराना अस्पताल के पास खोड़ भूमि पर दोबारा अतिक्रमण होने पर सदस्यों ने नाराजगी जतायी।

इसके अलावा टैंडर समय पर पास नहीं होने पर सभी सदस्यों ने नाराजगी जताते हुए 14 एजेंडों पर सहमति व्यक्त की गयी। इस बीच कई बाद सदस्य अपर मुख्य अधिकारी को बैठक में बुलाने का अनुरोध करते रहे, लेकिन वे बैठक में नहीं पहुंचे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गीता पांडे, अनिमा सिंह, दुर्गेश कुमार, परमीत, अजीत पाल सिंह, गंगा, हरदेव सिंह, सद्दाम समेत कई जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहे।



एजेंडे को पढ़ते कर अधिकारी अनुभव तिवारी और उपस्थित जिपं अध्यक्ष रेनू गंगवार।



बैठक में मौजूद जिला पंचायत सदस्य। ● अमृत विचार

## जिपं की बोर्ड बैठक विधि सम्मत नहीं

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** जिला पंचायत की बोर्ड बैठक को विधि सम्मत नहीं बताते हुए अपर मुख्य अधिकारी बैठक में मौजूद नहीं रहे। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष ने इसे अनुशासनहीनता बताते हुए उच्च न्यायालय में जाने की बात कही है।

सोमवार को बोर्ड बैठक के बाद अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह ने बताया कि जिला पंचायत कार्यालय ने बैठक संबंधी प्रस्ताव 13 दिसंबर 2023 को तैयार कर जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार के आशुलिपिक उपनल नसीम अख्तर को 16 दिसंबर 2023 को पत्रावली उपलब्ध करायी थी। लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष ने करीब एक माह बाद 15 दिसंबर 2023 की तिथि डालकर पत्रावली 19 जनवरी 2024 को वापस की। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष ने बैठक का एजेंडा स्वयं तैयार किया है जो उत्तर प्रदेश जिला पंचायत की कार्यवाहियों का संचालन नियमावली 1962 के नियमविरुद्ध है। एजेंडे पर असहमति व्यक्त करते हुए शासन को 25 जनवरी 2024 को नियमों को लेकर मार्ग दर्शन मांगा है। इस कारण जिला पंचायत ने अधिकृत रूप से 29 जनवरी 2024 को बैठक एजेंडा जारी नहीं किया गया है। इसकी सूचना उन्होंने जिला पंचायत सदस्यों को प्रेषित की गयी। साथ ही शासन से मार्ग दर्शन मिलने पर बैठक के संबंध में अलग से जानकारी देने की बात कही। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष ने इस प्रकरण में अपर मुख्य अधिकारी की कार्यशैली को अनुशासनहीन बताया है। साथ ही उच्च न्यायालय में जाने की बात कही है।

# सीमा के प्रहरियों को करना है प्रणाम... के साथ देहावसान

संवाददाता, शांतिपुरी

### अंतिम पंक्तियां

- मंच पर कविता पढ़ते हुए कवि सुभाषचंद्र चतुर्वेदी का हुआ निधन
- पंतनगर काव्य महोत्सव में अचानक पड़ा दिल का दौरा

**अमृत विचारः** बीते रविवार को पंतनगर विवि परिसर के कृषि महाविद्यालय स्थित डॉ. बीबी सिंह सभागार में पंतनगर काव्य महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पंतनगर निवासी कवि सुभाषचंद्र चतुर्वेदी (68) का कविता पाठ के दौरान दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को मथुरा में किया गया।

राष्ट्रीय स्वयं सुरक्षा अभियान की ओर से रविवार को भारतीय वीर जवानों के सम्मान में आयोजित पंतनगर काव्य महोत्सव के दौरान कवि सुभाषचंद्र चतुर्वेदी ने कविता पाठ करना शुरू किया। उन्होंने कहा कि समय सीमा है, सीमा के प्रहरियों को करना है प्रणाम और समय सीमा में ही सनातन का करना है गुणगान। मंच सजा है, अवसर न छोड़ूंगा। लक्ष्य एक है, हम सब एक हैं यह रिश्ता न तोड़ूंगा।

कविता की ये पंक्तियां उनकी अंतिम पंक्तियां साबित हुईं और कविता पाठ करते हुए मंच पर ही उनको दिल का दौरा पड़ गया। आयोजकों ने उन्हें तुरंत विवि चिकित्सालय पहुंचाया, वहां से उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजन उसी समय उन्हें उनके पैतृक आवास लंका किला मथुरा (यूपी) लेकर चले गए। वह अपने पीछे दो विवाहित बेटा- बेटी को छोड़ गए हैं। बचपन से ही धार्मिक प्रवृत्ति के सुभाषचंद्र चतुर्वेदी को 1974 में पंतनगर विवि में सहायक लेखाकार के पद पर नियुक्ति मिली थी। वर्ष 2014 में उन्होंने विवि से सेवानिवृत्त होकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंत विहार कॉलोनी गोलगेट जवाहरनगर में आवास बना लिया था। सेवानिवृति के बाद वह विवि परिसर में स्टेट बैंक के पीछे बेटे की सेंटर कैंटीन संचालन में हाथ बंटाने लगे। उनको कविता पाठ का बेहद शौक था। जिसके चलते वह विवि परिसर सहित आस-पास के कवि सम्मेलनों में भाग लिया करते थे।



सुभाषचंद्र चतुर्वेदी।

# धूप खिलने से मिली ठंड से राहत

### मौसम

- 30 दिन बाद धूप निकलने से बाजारों में चहल-पहल, लोगों ने धूप का आनंद लिया

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** सोमवार सुबह घने कोहरे के बाद प्रातः 8 बजे सूर्य देव के दर्शन होते ही धूप खिल उठी। लोगों ने 30 दिन बाद निकली धूप का आनंद लिया। बाजारों में भी रौनक देखी गई। वहीं छात्र-छात्राएं समय से विद्यालय पहुंचीं।

सोमवार को प्रातः 9 बजे धूप खिलते ही नगर के अलावा कालीनगर, बंगालीमोड, चक्कीमोड़ व जाफरपुर बाजारों में रौनक देखने को मिली। स्कूलों के छात्र-छात्राएं समय से विद्यालय पहुंचकर धूप में बैठकर पठन-पाठन का कार्य किया। कई दिनों बाद मैजिक, टेंपो व ई-रिक्शा सड़कों पर नजर आए।

दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान सुबह खोलकर दिनभर धूप का आनंद लेते हुए शाम 7 बजे दुकानों को बंद किया। इधर कक्षा दस व ग्यारहवीं की छात्र-छात्राए बोर्ड की परीक्षा नजदीक आने पर तैयारी में जुट गए।



दिनेशपुर में धूप निकलने पर स्कूल जातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

## सभासद राजवाला के युवा पुत्र का निधन, शोक जताया

**बाजपुरः** नगरपालिका के वार्ड नंबर-चार की निवर्तमान सभासद राजवाला भारती के जवान बेटे अरुण भारती का आकस्मिक निधन हो गया। लोगों ने अरुण के निधन पर दुख जताया है। नगरपालिका परिषद में शोक सभा का आयोजन किया गया।

शोक सभा में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही इस दुःख की घड़ी में स्वजनों को शक्ति प्रदान करने की कामना की गई। शोक व्यक्त करने वालों में पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते व सभासदों के साथ ही समस्त अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

# सभी मंडलों में होगी गांव चलो कार्यशाला

संवादाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** सोमवार को सिंचाई विभाग के अतिथिगृह सभागार में भाजपा की गांव चलो जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट व दर्जा राज्यमंत्री व जिला प्रभारी सुरेश भट्ट ने शिरकत की।

वक्ताओं ने कहा कि 29 जनवरी से 4 फरवरी तक प्रत्येक मंडल में गांव चलो कार्यशाला होगी, इसके बाद 9, 10 व 11 फरवरी को प्रत्येक बूथ में एक कार्यकर्ता का प्रवास होगा तथा वह 24 घंटे तक उसी बूथ पर रहेगा जिसमें उसकी जिम्मेदारी लगी होगी। बताया गया कि बूथ समिति, पन्ना प्रमुख की बैठक एवं नए मतदाता बनाने के साथ ही उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ने, नमो एप डाउनलोड करवाने, विकसित भारत संकल्प ब्रांड एंबेसडर बनाने, दीवार लेखन कार्यक्रम चलाने, युवाओं, किसान समूह, व्यापारी समूह, खिलाड़ियों से बात करने, धार्मिक स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाने, अनुसूचित जाति, जनजाति मोहल्लों में जाने, लाभार्थियों से संपर्क करने, शहीद सैनिक परिवारों से भेंट करने, पार्टी में नए लोगों को शामिल करने आदि कार्य घर-घर जाकर करने हैं। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा व संचालन जिला कार्यक्रम संयोजक गुरबख्श सिंह बग्गा ने किया।

इस मौके पर प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक, पूर्व राज्य मंत्री राजेश कुमार, जिला महामंत्री मोहन सिंह बिष्ट, जिला महामंत्री डॉ. सुदेश चौहान, मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान, जिला उपाध्यक्ष कमल किशोर भट्ट, जिला मंत्री विकास गुप्ता, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उमा जोशी, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, नरेंद्र चौधरी, कन्नू जोशी, प्रवीण सिंह आदि मौजूद थे।




बाजपुर स्थित सिंचाई विभाग के अतिथिगृह में भाजपा की गांव चलो कार्यशाला को संबोधित करते जिला प्रभारी सुरेश भट्ट।

### अभियान

### प्रवासी कार्यकर्ता को 24 घंटे करना होगा गांव में प्रवास, केंद्र सरकार की योजनाओं की जन-जन को देनी होगी जानकारी

# 4 फरवरी को मंडल स्तरीय कार्यशाला के बाद नियुक्त होंगे प्रवासी कार्यकर्ता

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** भाजपा जिला कार्यालय पर गांव चलो अभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य रूप से प्रदेश मंत्री व उधमसिंह नगर जिले के गांव चलो अभियान के संयोजक राकेश नैनवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत राष्ट्र नेतृत्व द्वारा गांव चलो अभियान की शुरुआत की गई है जिसमें प्रत्येक गांव में प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में 24 घंटे प्रवास पर रहेगा और केंद्र सरकार की योजना को जन-जन तक लेकर जाना उद्देश्य हैं। सोमवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल ने कहा कि देश की नरेंद्र मोदी सरकार के दस वर्ष पूर्ण होने को हैं। जिसको लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देशभर के कार्यकर्ताओं को आह्वान किया है 7 लाख गांवों तक हमको प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में प्रवास करना है। इसका उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर गांव-गांव लेकर जाएं। जिससे विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए विकसित भारत के संकल्प की ओर आगे बढ़े। प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि विकास की उस यात्रा में हमारे गांव भी अव्वल रहें। इसी को लेकर गांव चलो अभियान की शुरुआत की जा रही है।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 20 से 30 जनवरी तक जिले की कार्यशाला संपन्न होगी। 31 जनवरी से 4 फरवरी तक मंडल स्तर की कार्यशाला का आयोजन होगा। वहीं कार्यशाला संपन्न होने के बाद प्रवासी कार्यकर्ता नियुक्त करने हैं। उन्होंने बताया कि 9 फरवरी से 11 फरवरी तक चलने वाले गांव चलो अभियान में प्रवासी कार्यकर्ता को गांव क्षेत्र में हर बूथ पर प्रवास के लिए भेजना है जो 24 घंटे उस गांव में उस बूथ पर रहेगा जिसमें उसका रात्रि प्रवास उस गांव में ही रहेगा। जिसमे वह प्रवासी बूथ पर के रूप में रहेगा जिसमे उस मंडल में निवास करने वाला मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री, विधायक संगठन से भी राष्ट्र, प्रदेश स्तर के पदाधिकारी के सभी लोग प्रवास करेंगे।

उन्होंने कहा कि इन सभी गतिविधियों की मॉनिटरिंग राष्ट्र प्रदेश स्तर तक होगी और इन गतिविधियों को सरल ऐप पर अपलोड करना है। यह पार्टी नेतृत्व की ओर से महत्वपूर्ण अभियान है जिसको लेकर सभी कार्यकर्ताओं ने अपना योगदान देना है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुनः पूर्ण बहुमत की सरकार बनाये और 400 पार के लक्ष्य को हासिल करें।

इस दौरान सभी विधानसभा के विस्तारक, मंडल अध्यक्ष, अभियान के मंडल संयोजक, सह संयोजक, दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, अभियान के जिला संयोजक राजेश तिवारी, सह संयोजक अंजू देवी, लोकसभा विस्तारक दिनेश आर्य, पूर्व मेयर रामपाल, धीरेंद्र मिश्रा, धीरेश गुप्ता, विमला मंडोला, स्वाति शर्मा, गजेंद्र प्रजापति, अमित नारंग, विनय बत्रा, मोहन तिवारी, भारत भूषण चुघ, धर्म सिंह कोली, जीवन धामी, अक्षय अरोरा, मयंक कक्कड़, बिट्टू चौहान, आदेश चौहान, रश्मि रस्तोगी, भीमसेन गुप्ता, संजय हलदार व अन्य लोग मौजूद रहे।



भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### प्रवासी कार्यकर्ता 24 घंटे रहकर विभिन्न मुद्दों पर करेंगे चर्चा

**रुद्रपुर :** मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री नैनवाल ने बताया कि प्रवास के दौरान बूथ पर बैठक पन्ना प्रमुख की स्थिति, नमो ऐप डाउनलोड करवाना 2024 चुनाव में 51 फीसदी के लक्ष्य हासिल करने के लिए चर्चा, विद्यालय मंदिर दर्शन करना, युवाओं के समूह से भेंट करना, प्रभावी मतदाता से संपर्क करना, किसानों की बीच जाना, दीवार लेखन कार्य करवाना, लाभार्थियों को सरकार की योजना से मिले लाभ पर चर्चा करना, प्रतिभावान खिलाड़ियों से मुलाकात करना, शाहिद सैनिक परिवार से मुलाकात करना, मतदाता सूची का निरीक्षण जैसे अनेकों विषय को लेकर प्रवासी कार्यकर्ता गांव में 24 घंटे के लिए प्रवास करेगा। साथ ही वह प्रवासी लोकसभा चुनाव तक उस क्षेत्र का प्रवासी रहेगा और बीच बीच मे प्रवास करता रहेगा।

# खोदी गई सड़कों की मरम्मत न होने से ग्रामीणों में रोष

## जल जीवन मिशन के तहत अनेक गांवों में खोदी गई सड़कों को एक साल बाद भी दुरुस्त नहीं करने से लोगों को हो रही परेशानी

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** जल जीवन मिशन के तहत अनेक गांवों में खोदी गईं सड़कों को एक साल बाद भी ठीक नहीं किया गया है। जिसके चलते यह योजना लोगों के लिए जी का जंजाल बन गई है।

हर घर नल- हर घर जल की सार्थकता को साकार रूप देने के लिए केंद्र सरकार ने महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना को धरातल पर उतारा। इसके लिए ब्लाक क्षेत्र के अंतर्गत गांव-गांव में पेयजल पाइप लाइन बिछाने का काम युद्ध स्तर पर शुरू हुआ। इसके लिए अनेक गावों में करोड़ों रुपये लागत से बनी सड़कों को खोद कर पाइप लाइन बिछाने का काम किया गया।

समस्या यह है कि खोदी गईं इन सड़कों को एक वर्ष से भी अधिक का समय बीत जाने के बावजूद ठीक नहीं किया गया है। जिसके चलते योजना लोगों के लिए जी का जंजाल बन गई है। ग्रामीणों को आवागमन में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से सड़कों का पुनर्निर्माण करवाने की मांग की है।


ग्राम नंदपुर नरका में खोदी गई सड़क। ● अमृत विचार

> देश जिस गांव में सड़कों को ठीक नहीं किया गया है उनसे संबधित विभागीय अधिकारियों को पूर्व में भी सूचित किया गया था कि वह ऐसे मार्गों की तत्काल मरम्मत कराएं। कुछ मार्गों का पुनर्निर्माण हो गया है। शेष बचे मार्गों का कार्य जल्द कराने के लिए विभाग को आदेशित किया गया है। यदि कहीं कोई अवरोध है तो विभाग अवगत कराए। उसका समाधान कराया जायेगा।
> –राकेश चन्द्र तिवारी, एसडीएम बाजपुर

ग्राम मुडिया पिस्तोर में पेयजल का टेंक होने के वाद भी खोदी गई सड़कों में पाइप तो डाल दिया लेकिन एक वर्ष से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद भी ठेकेदार ने कनेक्शन नहीं किए हैं। जिसके चलते सड़क मरम्मत नहीं हो पा रही है। जबकि यह मार्ग बाजपुर में बाईपास का काम करता है। इसी प्रकार नंदपुर नरका टोपा में भी सड़क उखेड़ दी गई है जिससे नाली चोक हो रही है। सड़क को सही नहीं करने के कारण लोगों में जलमिशन योजना को लेकर रोष बढ़ता जा रहा है। अब लोग सड़क नहीं तो वोट नहीं का नारा लगाने को विवश हैं।


बाजपुर में एसडीएम आरसी तिवारी को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## ठेकेदार पर सड़क निर्माण में आनाकानी करने का आरोप

**बाजपुर, अमृत विचार :** स्वीकृति के अनुरूप टेंडर में निर्धारित दूरी तक रोड निर्माण करवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ठेकेदार पर कुछ दबंगों से मिलीभगत कर रोड निर्माण में आनाकानी करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को काफी संख्या में ग्रामीण एसडीएम दफ्तर जा पहुंचे और वहां मौजूद उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि पीडब्ल्यूडी के माध्यम से ग्राम पंचायत मुड़िया कलां के अंतर्गत मरियपुर नंबर–तीन में डामर व टाइल्स रोड स्वीकृत हुआ था जिसमें गांव की पुलिया से लेकर स्वर्ण सिंह के घर तक रोड निर्माण का टेंडर हुआ था। वर्तमान समय में इसी के अनुरूप निर्माण कार्य हो रहा था। आरोप है कि कुछ दबंग व धनवान लोगों द्वारा रोड निर्माण का कार्य बीच में ही रुकवा दिया गया है और ठेकेदार के भी इनके साथ मिला होना प्रतीत हो रहा है। टेंडर के मुताबिक निर्धारित दूरी तक रोड निर्माण न होने के कारण अनेक परिवार पक्की सड़क से वंचित रह जाएंगे और उन्हें आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान नेहा परवीन, पूर्व ग्राम प्रधान लियाकत अली, नन्हें सिंह, आलम समीह सिंह, विशान चरन सिंह, जगवीर सिंह, पीटर पाल सिंह, सेमियल सिंह, हर्ष दयाल, राजेश सिंह, वर्षा दयाल, हेम सिंह, अमन सिंह, नोयल, शर्मिला, सुचिता, सरिता, तानिया, रिया, साहिल, शोभा, सिमरन, आशीष आदि शामिल रहे।

# 82 रामभक्तों को अयोध्या धाम के लिए किया रवाना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री स्नेह पाल का आमंत्रण लेकर 82 राम भक्तों को बस से अयोध्या धाम के लिए रवाना किया गया।

इस दौरान विहिप के केंद्रीय मंत्री स्नेह पाल और भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ भी मौजूद रहे। सोमवार को रोडवेज बस स्टेशन से रामभक्तों को रवाना करने के दौरान भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक चुघ ने कहा कि रुद्रपुर की यात्रा के साथ देहरादून के कार्यकर्ता भी शामिल रहे। रुद्रपुर और देहरादून से करीब 1492 स्वयंसेवक इस यात्रा में प्रतिभाग करेंगे। 31 जनवरी को प्रभु श्रीराम के दर्शन कर वापस लौटेंगे। इस दौरान धीरेंद्र भट्ट, अंजुल त्यागी, अभिनव छाबड़ा, लाखन सिंह, पंकज उपाध्याय, डॉ. संजीव गोस्वामी, डॉ. एलएम उप्रेती, रमेश जोशी, संजय उपाध्याय, राजेंद्र बजरंगी, हेमंत चौहान, कृष्ण कुमार शर्मा, विजयलक्ष्मी, त्रिलोचन आर्य, रूबी, मीनू त्यागी, विशाखा, प्रिया सिंह, गीता आर्य, ज्योति रानी, राहुल तिवारी, आदित्य चौबे, राजकुमार, दिनेश बम आदि मौजूद रहे।


रामभक्तों को रवाना करते भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक चुघ।

# श्रीराम के दर्शन कर लौटे युवक का स्वागत

**पहुंचे थे पैदल**

- गदरपुर से 450 किमी तक पैदल यात्रा कर पहुंचे थे अयोध्या

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार :** अयोध्या तक पैदल यात्रा के बाद लौटे रामसेवक का ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया। इसके अलावा उसकी मां सरिता के नेतृत्व में उसकी बहनों ने उसकी आरती भी उतारी। इस दौरान लोगों ने माल्यार्पण कर एक किलोमीटर तक यात्रा निकाली।

विदित होगा ग्राम अलखदेवी निवासी रंजीत पुत्र बाबूलाल उर्फ डब्लू 15 जनवरी को अयोध्या में रामलला के दर्शनों के लिए पैदल यात्रा प्रारंभ की थी। रंजीत 15 तारीख की प्रातः ग्राम अलखदेवी से चलकर सितारगंज पीलीभीत होते हुए अयोध्या के लिए रवाना हुआ।


अयोध्या से रामलला के दर्शन कर लौटे युवक का माल्यार्पण कर स्वागत करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

उसका कहना था कि गदरपुर से अयोध्या की दूरी 450 किलोमीटर थी जो उसने 10 दिन में पूरी की। उसका कहना था कि रास्ते में जगह-जगह लोगों ने भव्य स्वागत किया और खाना भी खिलाया। 25 जनवरी को अयोध्या पहुंचने पर उसने रामलला के दर्शन किए उसका कहना था कि लगातार तीन दिन तक तीन-तीन बार उसने दर्शन किए। उसका कहना था कि ऐसा भव्य मंदिर उसने आज तक नहीं देखा। स्वागत करने वालों में अजय कठेरिया, पप्पू कटारिया, गौतम सिंह, पिंटू सिंह, धर्मपाल, करण सिंह, अभिषेक कुमार, सोनू सिंह, सरिता, मुस्कान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# महिला सहित 10 लोगों पर मुकदमा

**काशीपुर, अमृत विचार:** ऊर्जा निगम की टीम ने कुंडा थाने के ग्राम बक्सोरा व ग्राम मिस्सरवाला में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दस घरों में बिजली चोरी होते पाई गई। पुलिस ने एसडीओ की तहरीर के आधार पर एक महिला समेत 10 लोगों के विरूद्ध विद्युत अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

ऊर्जा निगम के एसडीओ शैलेंद्र सिंह विभागीय टीम के साथ विद्युत कनेक्शन चेक कर रहे थे। टीम ने ग्राम बक्सौरा निवासी सतनाम सिंह पुत्र जोगेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह पुत्र दयाल सिंह, मेहर सिंह व शेर सिंह पुत्रगण दलीप सिंह, बलविंदर सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह, राजविंदर कौर पत्नी बलजिंदर सिंह, हरजिंदर सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह, कश्मीर सिंह पुत्र जीत सिंह, सुखविंदर सिंह पुत्र बख्शीश सिंह, कलुआ पुत्र अली हसन निवासी ग्राम मिस्सरवाला के घरों में बिजली चोरी होते पाई गई।


जसपुर में बिजली विभाग के अवर अभियंता व कर्मियों को सम्मानित करते ईई।

## अवर अभियंता को किया सम्मानित

**जसपुर, अमृत विचार :** अधिशासी अभियंता (विद्युत) ने उत्कृष्ठ कार्य एवं संतोषजनक राजस्व वसूली करने पर अवर अभियंता को पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। विद्युत कर्मियों और अधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है। कार्यालय अधीक्षक संदीप सक्सेना ने बताया कि विभाग द्वारा विद्युत कर्मियों एवं अधिकारियों का लेखा–जोखा मांगा गया था। विभाग ने अवर अभियंता मोहम्मद अजहर को राजस्व वसूली करने, विद्युत संबंधित क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण करने के मामले में पुरस्कार भेजा है। विद्युत उपखंड परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में अधिशासी अभियंता वीके सक्सेना ने अवर अभियंता मोहम्मद अजहर को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्युत कर्मियों एवं अधिकारियों ने अवर अभियंता को बधाई दी तथा अधिशासी अभियंता के साथ मिलकर निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी सुनील कुमार, अवर अभियंता सरवन कुमार, कार्यालय अधीक्षक संदीप सक्सेना, बलिराम, राहुल सक्सेना, दिवाकर, सोनू, हरीश कुमार, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# ध्रुव को शिक्षा शास्त्र में पीएचडी की उपाधि



**शांतिपुरी, अमृत विचार:** शांतिपुरी आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज के पुरातन छात्र ग्राम आनंदपुर निवासी ध्रुव पांडेय ने एमजेपी रुहेलखंड से शिक्षाशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि हासिल की है।

ध्रुव ने अपना शोध कार्य डॉ. एसएस पीजी कालेज शाहजहांपुर के प्राचार्य राकेश कुमार आज़ाद के संरक्षण में पूरा किया। डॉ. ध्रुव पांडेय के शोध का विषय व्यावसायिक एवं गैर व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संवेगात्मक बुद्धि, समायोजन एवं आत्मसंप्रत्यय का अध्ययन था। डॉ. पांडेय की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के समस्त स्टाफ व सभी साथियों ने बधाई दी है। डॉ. पांडेय वर्तमान में नौली जूनियर हाईस्कूल में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत हैं।

# उपभोक्ता आयोग का अध्यक्ष और सदस्य बनने को देनी होगी परीक्षा

संवाददाता, काशीपुर

**निर्णय**

- सरकार ने यूकेएसएसएससी से परीक्षा कराने का लिया निर्णय
- उपभोक्ता कानूनों को लेकर देनी होगी लिखित परीक्षा

**अमृत विचार:** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर भारत सरकार द्वारा 22 सितंबर 2023 से लागू नये उपभोक्ता नियमों के अनुसार उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष, सदस्य बनने के लिये अब उपभोक्ता कानूनों की लिखित परीक्षा देनी होगी। उत्तराखंड सरकार ने यह परीक्षा यूकेएसएसएससी से कराने का निर्णय लिया है।

काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के लोक सूचना अधिकारी से उत्तराखंड के राज्य व जिला उपभोक्ता आयोगों में अध्यक्ष व सदस्यों के रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही के संबंध में सूचना मांगी थी। विभाग के लोक सूचना अधिकारी/अनुसचिव राजेश कुमार ने अपने पत्रांक के साथ उत्तराखंड उच्च न्यायालय में इस संबंध में लंबित जनहित याचिका के संबंध में सरकार का पक्ष रखने के लिये अपर महाधिवक्ता को प्रेषित पत्र की फोटो प्रति उपलब्ध करायी है। इसमें राज्य व जिलों के उपभोक्ता आयोगों (पूर्व जिला उपभोक्ता फोरमों) के अध्यक्ष व सदस्यों के लिये लिखित परीक्षा कराने की कार्यवाही शुरू करने तथा इसके लिये उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएससी) को परीक्षा कराने के लिये निर्णय करने से अवगत कराया गया है।

सूचना में यह भी उल्लेखित है कि उप्र में लखनऊ विधि विश्वविद्यालय तथा महाराष्ट्र में इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सिलेक्शन द्वारा परीक्षा करायी जा रही है। नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार राज्य व जिला उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष व सदस्यों का चयन, चयन समिति दो पेपरों वाली लिखित परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर करेगी

# कूड़ा डालने से मना करने पर किया हमला

**बाजपुर, अमृत विचार:** ग्राम सरकड़ी में कूड़ा डालने से मना करने पर पड़ोसी ने हमला कर महिला को घायल कर दिया। महिला के पति ने थाने में तहरीर दी है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम विधि का मजरा सरकड़ी निवासी रूपवती पत्नी मोहन लाल ने थाना केलाखेड़ा में मामला दर्ज कराते हुए कहा है कि पड़ोस में रहने वाली पुष्पा देवी पत्नी बाबू घर की दीवार पर कूड़ा डाल रही थी। मना करने पर वह आग बबूला हो गई और गालियां देने लगी। आरोप है कि गाली देते हुए पुष्पा ने बाबू, पंकज, उर्मिला राजेश, जसपाल, बनवारी लाल को बुलाकर हमला कर दिया। हमले में वह लहूलुहान हो गई। पति मोहन लाल ने पुलिस को सूचना दी तथा रूपवती को अस्पताल में भर्ती कराया।

# आनंद नगर ने राजनगर को हराकर जीती ट्रॉफी

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार:** बैकुंठपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में आनंद नगर ने राजनगर को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। टॉस जीतकर आनंद नगर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 140 रन बनाए।

राजनगर की टीम ने 135 रन बनाया तथा 5 रन से मैच हार गया। आनंद नगर टीम के कमल रावत ने 50 गेंदों में 79 रन एवम 2 विकेट हासिल किया। कमल रावत को मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। विजेता टीम को मुख्य अतिथि किच्छा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने ट्रॉफी प्रदान किया।

विजेता टीम आनंदनगर को ट्राफी के साथ 15 हजार रुपए नगद


विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला। ● अमृत विचार

धनराशि दी गई। मैच में रामचंद्र राय कॉमेंटेटर, प्रशांत मजूमदार एवं कालू अंपायर, जगदीश व मनजीत स्कोरर रहे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ब्रिन्ची बाइन, रामचंद्र राय, सुमित सरकार, परेश मंडल, रविंद्र सिंह, गोविंद तालुकदार, राजा हालदार, सुमित मंडल, आनंद राय आदि मौजूद थे।

**सुविधा** अम्ब राम मेडिकल द्वारा आयोजित किया गया शिविर, 13 लोगों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए जाएंगे

# निशुल्क नेत्र शिविर में 55 लोगों के आंखों की जांच की

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** अम्ब राम मेडिकल द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान 13 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया।

सोमवार को सरदार नगर चक्की मोड पर अम्ब राम मेडिकल द्वारा विशाल निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान राजेंद्र पाल ने कहा अम्ब राम मेडिकल द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कैंप से गरीब लोगों को ज्यादा फायदा मिलता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कैंप लगाते रहना चाहिए। इस दौरान प्रभु नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सक अंकित गुप्ता और उनकी टीम द्वारा लोगों के नेत्रों की जांच की गई। इस दौरान शिविर में लगभग 55 से अधिक पंजीकृत लोगों के नेत्रों का परीक्षण करके लगभग 13 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। कांग्रेस नेता नासिर हुसैन ने बताया कि चयनित मरीजों के निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। इस दौरान लोगों को निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई।


सरदार नगर चक्की में निशुल्क नेत्र कैंप का शुभारंभ करते कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिह।।


नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में लोगों की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

इस मौके पर कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह राजू, नासिर हुसैन, ग्राम प्रधान हर्षपाल सिंह बंटी, अकबर प्रधान, सरफुद्दीन, गुलाम नबी, मकसूद अली, रईस अहमद, जमील हुसैन, शाह आलम, शाकिर अली, संदीप सिंह, किशन लाल, अब्दुल कयूम, ताराचंद, सीमा, मो रफी, सरस्वती देवी, डालचंद, शकुंतला देवी, नन्ही बेगम, मोहम्मद हुसैन, भूरी, मुन्नी देवी, कोमल सिंह, सुमन देवी, नूर जहां, चंपा देवी, कौशल, प्रमोद, सुखराम, अनीस अहमद, चंचला देवी, भूप सिंह शामिल थे।

## चिकित्सा शिविर आयोजित

**काशीपुर, अमृत विचार :** उत्तराखंड में लगातार सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात पुलिस व अन्य समाजसेवी संस्थाएं सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक करते रहते है। सोमवार को भी नवीन अनाज मंडी के सामने एआरटीओ चेकपोस्ट पर केवीआर हॉस्पिटल, खालसा फाउंडेशन व परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया। शिविर में 125 लोगों से अधिक लोगों का स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण किया गया। साथ ही लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी और उनकों पालन करने के लिए प्रेरित भी किया। वहीं नियमों की अनदेखी करने पर जुर्माना व कानूनी कार्रवाई से भी अवगत कराया। उधर चिकित्सा शिविर में नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया।

# रक्तदान शिविर लगाया



जसपुर में आयोजित रक्तदान शिविर में मौजूद अतिथि व आयोजक। ● अमृत विचार

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर-जसपुर टोल प्लाजा कर्मियों एवं भारतीय किसान यूनियन के सदस्यों ने हल्दुआ शाहू टोल प्लाजा के पास रक्तदान शिविर का आयोजन किया। मुख्य अतिथि भाकियू के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने क्षेत्र वासियों से बढ़-चढ़कर रक्तदान करने का आह्वान किया। शिविर में टोल प्लाजा कर्मियों एवं भारतीय किसान यूनियन के सदस्यों ने 55 यूनिट रक्तदान किया।

मुख्य अतिथि ने रक्तदाताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर शीतल सिंह, दीदार सिंह, सुरजीत ढिल्लों, जसवीर सिंह, बलविंदर सिंह, किशन कुमार, करमजीत सिंह, टोल प्लाजा प्रबंधक पंकज दुबे, विकास कुमार, निसार अली, पूरनमल आदि उपस्थित रहे।

# पीएम ने बोर्ड परीक्षार्थियों से की परीक्षा पर चर्चा

## प्रधानमंत्री मोदी ने बोर्ड विद्यार्थियों का बढ़ाया मनोबल, 1544 विद्यार्थियों ने सुनीं पीएम मोदी के मन की बात

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** जेसीज पब्लिक स्कूल सभागार में पीएम मोदी ने बोर्ड परीक्षार्थियों के साथ परीक्षा पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए बताया कि विद्यार्थियों को परीक्षा देने से पहले अपनी मानसिक स्थिति को मजबूत करना पड़ेगा। इसके साथ ही निर्भीक होकर शिक्षकों द्वारा पढ़ाई को आत्मसात करना होगा।

सोमवार को सभागार में आयोजित परीक्षा पर चर्चा में विद्यालय के 1544 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने बताया कि जीवन में बाधाओं को दूर करने के लिए आत्मविश्वास और संकल्प बेहद जरूरी है। नियमित नींद के साथ ही नियमित व्यायाम और बेहतर खाना चाहिए।

इसके अलावा अभिभावकों को विद्यार्थियों के साथ सामंजस्य बनाकर बातचीत करनी चाहिए। सफलता को पाने के लिए अधिक से अधिक अभ्यास करना चाहिए। सही दिशा, उचित रणनीति और नेतृत्व व्यक्तित्व का विकास करती है। इस अवसर पर सीडीओ विशाल मिश्रा, भाजपा प्रदेश सचिव विकास शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह, राजेंद्र श्रीधर, हिमांशु चौहान, मंजरी मिश्रा, दमन ग्रोवर संस्थान के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर, निदेशक सुंधाशु पंत आदि मौजूद रहे।


परीक्षा पर चर्चा करते पीएम मोदी।


रुद्रपुर में परीक्षा पर चर्चा के दौरान उपस्थित छात्र। ● अमृत विचार

# छात्रों ने देखा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज में प्रधानमंत्री की परीक्षा पे चर्चा लाइव प्रसारण कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि समेत शिक्षक व छात्र शामिल हुए। देश के विभिन्न राज्यों के छात्र-छात्राओं द्वारा परीक्षा के दौरान तनाव से मुक्ति, घबराहट जैसे अनेक प्रश्न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछे गए।

प्रधानमंत्री मोदी ने छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के जवाब और सुझाव देते हुए कहा कि जीवन में चुनौतियां न हो, स्पर्धा न हो, तो जीवन प्रेरणाहीन हो जाता है। सफलता पाने के लिए चुनौतियों से घबराना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम का निरंतर अभ्यास, संतुलित आहार, खेल कूद, संगीत जैसे आयाम छात्र-छात्राओं में परीक्षा के दौरान उनमें तनाव व घबराहट को दूर करने में कारगर साबित होंगे। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे विद्यालय के पूर्व छात्र एवं भाजपा नेता दीपक वाली ने प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा लाइव कार्यक्रम में छात्रों के साथ बैठकर देखा। साथ ही उन्होंने विद्यालय के बदलते स्वरूप की सराहना की।

वहां पर प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार गुप्ता, विद्यालय अध्यक्ष पूर्व सांसद केसी सिंह बाबा, राजीव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता ईश्वर चंद्र गुप्ता, मेजर मुनीषकांत शर्मा, रोशन लाल वर्मा, महेश चंद्र आर्य, विजय पाल सिंह चौहान, रणधीर सिंह, चौ नवनीत सिंह, कौशलेश गुप्ता, मनोज विश्नोई, प्रमोद कुमार सिंह, पंकज अग्रवाल, दीपक शर्मा, मुकेश पाल, आरके जैन आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में लाइव प्रसारण देखते बच्चे व अतिथि। ● अमृत विचार

# क्रिकेट लीग में चम्पावत और ऊधमसिंह नगर बी ने मैच जीते

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की ओर से आयोजित अंतर जनपदीय सीनियर क्रिकेट लीग में सोमवार को दो मुकाबले हुए। इसमें चम्पावत और ऊधम सिंह नगर बी ने मैच जीते।

सोमवार को जीएनजी मैदान कमलुवागांजा में चम्पावत और चमोली के बीच पहला मैच हुआ। चम्पावत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 277 रन बनाए। सोनू अधिकारी ने 95 रन, कौशल यादव ने 50 और पीयूष सिंह ने 34 रन बनाए। चमोली के लिए मयंक ने 4 विकेट और गिरीश रतूड़ी ने 2 विकेट लिए। जवाब में खेलने उतरी चमोली की टीम 33 ओवर में 231 रनों पर ढेर हो गई। चम्पावत के सिद्धार्थ गुप्ता ने 3, सोनू अधिकारी और महेंद्र ने 2-2 विकेट लिए।

दूसरा मैच उधमसिंह नगर बी और देहरादून बी के बीच कॉर्बेट मैदान चकलुवा में खेला गया। ऊधम सिंह नगर बी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 196 रन बनाए। टीम के लिउ अभिमन्यु सिंह ने 47, मो. आसिम ने 39, प्रखर वर्मा ने 35 रन बनाए। देहरादून बी के जन्मेजय जोशी ने 3, प्रमोद रावत, शाश्वत डंगवाल, गौरव चौधरी ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में उतरी देहरादून बी की टीम 41 ओवर में सभी विकेट खोकर 182 रनों पर ढेर हो गए। ऊधम सिंह नगर के लिए मो. आसिम और मोहित अरोरा ने 3-3 विकेट लिए। अंपायर विजय आर्या, विनय जोशी, जितेंद्र सिंह, हिमांशु चतुर्वेदी और नीरज पनेरू व निखिल जोशी स्कोरर थे। इस मौके पर जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, किशन अनेरिया, सुनील साह, नरेंद्र अधिकारी, संजय चौधरी, आंनद बिष्ट, मनोज भट्ट, दिग्विजय कनवाल, ललित प्रताप मौजूद थे। आज जीएनजी मैदान कमलुवागांजा में चम्पावत और देहरादून बी एवं कॉर्बेट मैदान चकलुवा में चमोली और ऊधम सिंह नगर बी के बीच मैच होंगे।


हल्द्वानी में विजेता क्रिकेट टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से मिलते हैं परमात्मा : किशोरी

▶▶ श्रीकृष्ण की लीला के विभिन्न प्रसंगों से श्रोता हुए भक्तिमय

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन कथा वाचक संगीता किशोरी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा अति दिव्य है, जो प्रेम से श्रवण करता है भगवान श्रीकृष्ण उसके हृदय में वास करते हैं। कथा के दौरान श्रीकृष्ण की रासलीला, कंस वध, उद्धव-गोपी संवाद एवं रुक्मणि विवाह आदि का बखान सुन श्रोता भक्ति में लीन हो गए।

सोमवार को नगर के वार्ड- आठ में आदर्श युवा दल एवं महिला समूह के तत्वावधान में छठे दिन संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा श्रवण के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। इस मौके पर सभासद सत्यजीत विश्वास, सुकुमार सरकार, अल्पना राय, मीता चक्रवर्ती, ममता सरकार, सुचित्रा विश्वास, सुजीत मंडल, अमित सरकार, तुषार मंडल, श्याम सुंदर, विष्णु, मनोज विश्वास, श्रवण बैरागी, राजू गाईन, अमल विश्वास, सुजय मंडल आदि थे।


दिनेशपुर में श्रीमद् भागवत में प्रवचन करतीं कथावाचक देवी संगीता किशोरी।

# समस्याएं हल न हुईं तो आंदोलन करेगी भाकियू

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत में किसानों की समस्याओं पर मंथन किया गया और समस्याओं का शीघ्र समाधान न होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी गई।

सोमवार को जसपुर कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर में भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया। भाकियू के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता ने किसानों की समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसान बिजली, सिंचाई, खाद-बीज व गन्ना मूल्य आदि की समस्याओं से जूझ रहे हैं। शासन-प्रशासन द्वारा किसानों की समस्याओं का समाधान न करके उनका शोषण किया जा रहा है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से शासन प्रशासन को किसानों की समस्याओं से लगातार अवगत कराया जा रहा है। लेकिन शासन-प्रशासन के कान पर जूं नहीं रेंग रही है और किसानों की समस्याओं का समाधान न करके उन्हें नजर अंदाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों समस्याओं को नजरअंदाज न किया जाए। उन्होंने मांग की कि किसानों समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान न किया गया तो भारतीय किसान यूनियन आन्दोलन करने के लिए बाध्य हो जाएगी। अन्य वक्ताओं ने भी किसानों की समस्याओं पर चिंता जताई। मासिक पंचायत की अध्यक्षता सरदार अपार सिंह व संचालन मास्टर हरदेव सिंह ने किया। इस मौके पर भाकियू ब्लाक अध्यक्ष जगीर सिंह, दीदार सिंह, चौधरी किशन सिंह, शीतल सिंह, जसवीर सिंह, सुरजीत सिंह ढिललो, शैलेंद्र कुमार बादल आदि मौजूद रहे।


जसपुर में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### किसानों ने एसडीएम गौरव को सौंपा ज्ञापन

**जसपुर।** मासिक पंचायत के बाद भाकियू कार्यकर्ताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित 5 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम गौरव चटवाल को सौंपा। जिसमें कहा गया कि भगवंतपुर चौक पर पूर्व प्रधान मंत्री किसान नेता चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा स्थापित की जाए और इस चौक का नाम किसान चौक रखा जाए। वातावरण संरक्षण के लिए जंगलों का कटान बंद किया जाए। गन्ने की फसल में आने वाली लागत को देखते हुए गन्ने कीमत बढ़ाकर 450 रुपए प्रति क्विंटल की जाए। उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अन्य प्रदेशों की भांति घरेलू बिजली 300 यूनिट तक फ्री की जाए व किसानों के ट्यूबवेलों की बिजली फ्री की जाए।

# वॉलीबाल के लिए कमेटियां गठित

संवाददाता शांतिपुरी

**अमृत विचार :** शांतिपुरी नंबर दो मनसा देवी मंदिर के पास खेल मैदान में आगामी 7-8 फरवरी को होने वाले अखिल भारतीय वॉलीबाल टूर्नामेंट की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। सोमवार को टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए सार्वजनिक खेल मैदान शांतिपुरी में खुली बैठक बुलाई गयी। जिसमें खेल मैदान को आकर्षक ढंग से तैयार करने के साथ ही टूर्नामेंट के आयोजन हेतु विभिन्न कमेटियां गठित की गईं।

बैठक में स्वागत कमेटी, भोजन कमेटी, सुरक्षा कमेटी, वाहन कमेटी, खेल एवं मैदान मैनेजमेंट कमेटी, सांस्कृतिक एवं मनोरंजन कमेटियों का गठन करने के साथ ही खिलाड़ियों को स्टेशन व हवाई अड्डे से रिसीव करने तथा मैच संपन्न होने के बाद सम्मान पूर्वक वापस छोड़ने के लिए आठ अलग-अलग वाहन प्रमुख नियुक्त किए गए। बैठक में तय किया गया कि विभिन्न राज्यों से आने वाले खिलाड़ियों का ढोल नगाड़े, आतिशबाजी एवं पुष्प वर्षा तथा तिलक कर स्वागत किया जायेगा। मैच के दौरान होने वाले अल्प विश्राम पर खिलाड़ियों के मनोरंजन हेतु कुमांऊनी व गढ़वाली लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम समय-समय पर प्रस्तुत किए जाएंगे। मैच के दौरान बाहर से आये अतिथियों, यूट्यूब टीम, वीडियो ग्राफी तथा फोटो ग्राफरों व पत्रकारों के लिए बैठने हेतु स्थान अलग से आरक्षित रहेगा। इस दौरान अधीक्षण अभियंता शेखर त्रिपाठी, मुन्ना उर्फ खीमानंद त्रिपाठी, नारायण सिंह बिष्ट, राजेन्द्र प्रशद शर्मा, सुभाष जोशी, प्रताप सिंह कोरंगा, बिशन सिंह कोरंगा, नारायण सिंह कोरंगा, जगदीश काण्डपाल, नवीन टाकुली, इन्दर दफोटी, नीरज बिष्ट, चंदन कोरंगा, गुड्डू पाण्डे, गौरव मेहता, हेमंत दानू, भूपाल सिंह दानू, मनोहर जोशी, नारायण पाठक, प्रधान रोहित तिवारी, सोनू कार्की आदि मौजूद रहे।


शांतिपुरी में अखिल भारतीय वॉलीबाल की तैयारियों को लेकर बैठक करते ग्रामीण।

## एथलेटिक्स प्रतियोगिता आज

**हल्द्वानी।** एथलेटिक्स की मंडल स्तरीय प्रतियोगिता आज मिनी स्टेडियम में आयोजित की जाएंगी। जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की ने बताया कि एससी मंडल स्तरीय प्रतियोगित में किसी भी आयु वर्ग के बालक व बालिकाएं भाग ले सकती हैं।

### परीक्षा में सफलता के लिए बच्चों को दिए टिप्स

**रामनगर ।** राजकीय इंटर कॉलेज छोई में डायट भीमताल से निरीक्षण में आए प्रवक्ता डॉ. ज्योतिर्मय मिश्रा एवं डॉ. कुसुमलता वर्मा ने विद्यालय में छात्र-छात्राओं के साथ परीक्षा पर चर्चा करते हुए बोर्ड परीक्षाओं में किस प्रकार से अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए कई टिप्स दिए। साथ-साथ बाल सखा, तथा कौशलम कार्यक्रम के विषय में भी बताया गया। विद्यालय की छात्रा शालू सैनी तथा कशक बिष्ट द्वारा अतिथियों को कला शिक्षक मंच, हरिद्वार द्वारा जारी 2024 के कैलेंडर की एक-एक प्रति भेंट की गयी। कौशलम कार्यक्रम के प्रभारी अमरजीत सिंह चौधरी, रमेश जोशी, महेश जोशी, बाल सखा कार्यक्रम के प्रभारी उमराव सिंह पडियार ने बच्चों द्वारा की गई गतिविधियों का निरीक्षण कराया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक बसंत सिंह, उमेश चंद, वीरेंद्र सारस्वत, शिवाकांत शुक्ला, उम्मेद कपकोटी, सुरेंद्र पटवाल, रेनू विद्यार्थी, ममता कृष्णा, कंचन जोशी, रश्मि देवी, शिवानी जोशी, प्रमोद जोशी, नवीन जोशी मौजूद रहे।


एसएसपी और एएसपी को स्मृति चिन्ह देते कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान मंच के पदाधिकारी।

### कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान मंच ने एसएसपी मंजूनाथ टीसी को किया सम्मानित

**खटीमा :** भारामल मंदिर परिसर में हुए दोहरे हत्याकांड का खुलासा करने पर कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान मंच के पदाधिकारियों द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी सहित पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों को शाल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों में मंच अध्यक्ष टीएस खाती, महासचिव भुवन चंद्र भट्ट, किशन सिंह बिष्ट, कै . जेएस बसेड़ा, कुंदन सिंह बोरा, गंभीर सिंह धामी, जीवन धामी, रमेश जोशी, राजेंद्र सिंह मिताड़ी आदि मौजूद थे।

# कुरुक्षेत्र में देवभूमि फाउंडेशन की टीम को किया सम्मानित

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में नेशनल सोशल ऑर्गेनाइजेशन के बैनर तले आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में किच्छा की देवभूमि फाउंडेशन टीम को राष्ट्रीय सम्मान देकर सम्मानित किया गया। कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में देवभूमि फाउंडेशन के अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

देवभूमि फाउंडेशन की टीम द्वारा रक्तदान, आपात स्थिति में पीड़ित के लिए एंबुलेंस सेवा तथा लावारिस व्यक्तियों के इलाज एवं बेजुबानों की सेवा एवं उनकी रक्षा के क्षेत्र में किया जा रहे कार्य को लेकर यह सम्मान दिया गया है। संस्था अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा ने कहा कि यह पूरी टीम का सम्मान है और सम्मान मिलने के बाद टीम की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। उन्होंने युवाओं से समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आकर अपनी भागीदारी निभाने का आह्वान किया।



किच्छा के ज्ञानेश मिश्रा को कुरुक्षेत्र में सम्मानित करते अतिथिगण। ● अमृत विचार

## खेल महाकुंभ में आर्मी स्कूल की चार छात्राओं ने लहराया परचम

**रामनगर।** युवा कल्याण विभाग उत्तराखंड द्वारा राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ स्पोर्ट्स स्टेडियम रोशनाबाद, हरिद्वार में दिसंबर-जनवरी में आयोजित किया गया। इसमें आर्मी पब्लिक स्कूल हेमपुर की कक्षा 9 की छात्रा प्रकृति रावत ने 14 से 17 वर्ष आयु वर्ग में ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और कक्षा 11 की अस्मिता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 11 से 14 वर्ष आयु वर्ग में शिया ध्यानी ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी श्रृंखला में 17 से 19 आयु वर्ग में कक्षा 12 की दीपिका ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# बन्नाखेड़ा ने डीएवी स्कूल को हराया

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** बाजपुर क्रिकेटर्स की ओर से स्वर्गीय पंडित जनकराज शर्मा की याद में आयोजित टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में बन्नाखेड़ा की टीम ने डीएवी स्कूल को 53 रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच में आलराउंडर प्रदर्शन के लिए पवी को मैन आफ द मैच चुना गया।

इंटर कालेज के खेल मैदान में बन्नाखेड़ा टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें टीम ने सात विकेट पर 149 रन बनाए। पवी ने सर्वाधित 40, कल्पित वर्मा ने 32, कपिल शर्मा ने 19 व रमेश रतूड़ी ने 15 रनों का योगदान दिया। डीएवी स्कूली की ओर से गेंदबाज वसीम, धुरख ने दो-दो और वेटू व नीरज ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीएवी स्कूल की टीम 96 रनों पर ऑलआउट हो गई। डीएवी की ओर से राहुल ने 29 व अरुण ने 22 रनों की पारी खेली। बन्नाखेड़ा के गेंदबाज पवी, रमेश रतूड़ी व देवेंद्र ने 2-2 विकेट लिए, जबकि कपिल व सोनू ने 1-1 खिलाड़ी को आउट किया। अंपायर आशु भट्ट व सूरज यादव रहे। इससे पहले टूर्नामेंट का शुभारंभ पूर्व दर्जा राज्य मंत्री पं. जितेंद्र शर्मा सोनू ने किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे को दूर करने का एकमात्र उपाय उन्हें खेलों से जोड़ना है।


बाजपुर में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते पूर्व दर्जा राज्यमंत्री जितेंद्र कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

क्षिप्रं विजानाति चिरं शृणोति विज्ञाय चार्थं भजते न कामात्।
नासम्पृष्टो व्युपयुङ्क्ते परार्थे तत् प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य॥

ज्ञानी लोग किसी भी विषय को शीघ्र समझ लेते हैं, लेकिन उसे धैर्यपूर्वक देर तक सुनते रहते हैं। किसी भी कार्य को कर्तव्य समझकर करते है, कामना समझकर नहीं और व्यर्थ किसी के विषय में बात नहीं करते।

## संपादकीय

# बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर

बिगड़ती भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद, भारत 2024 में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। भारत को आगामी वित्तीय वर्ष में 7 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद है। लाल सागर में हाल की घटनाओं ने वैश्विक सप्लाई चेन पर निर्भरता को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। वैश्विक व्यापार में पहले से ही धीमी वृद्धि है। यदि सप्लाई चेन में व्यवधान जारी रहा तो यह व्यापार, परिवहन लागत, आर्थिक उत्पादन और वैश्विक मुद्रास्फीति को प्रभावित कर सकता है। हालांकि भारत इन उभरती चुनौतियों के प्रबंधन को लेकर आश्वस्त है। अगले तीन वर्षों में भारत के पांच लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी)के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। अगले वित्त वर्ष का केंद्रीय बजट प्रस्तुत किए जाने से पहले वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं। ध्यान रहे दस साल पहले भारत 1.9 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की 10वीं बड़ी अर्थव्यवस्था था। वित्त मंत्रालय ने अर्थव्यवस्था की जनवरी माह की समीक्षा रिपोर्ट में कहा है कि 10 साल की यह यात्रा ठोस एवं क्रमिक दोनों तरह के कई सुधारों से गुजरी है। इससे देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत के विकसित देश बनने का एक बड़ा लक्ष्य रखा है। सुधारों की यात्रा जारी रहने के साथ, यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। साथ ही राज्य सरकारों की पूर्ण भागीदारी से चल रहे सुधार अधिक उद्देश्यपूर्ण और फलदायी होंगे।

वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी आर्थिक मोर्चे पर भारत का प्रदर्शन और भी बेहतर दिखाई देता है। अमेरिका, ब्रिटेन और जापान सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में आने वाले वर्ष में आर्थिक विकास दर में मंदी देखी जा सकती है। उधर भारत ग्लोबल अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ने के लिए तैयार है। यह रुझान भारत को 2030 तक जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर ले जाएगा। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ), एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स जैसी तमाम एजेंसियां का अनुमान है कि भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, सबसे बड़ी परीक्षा यह है कि क्या भारत अगला बड़ा वैश्विक विनिर्माण केंद्र बन सकता है, जो एक बहुत बड़ा अवसर है। साथ ही एक मजबूत लॉजिस्टिक्स ढांचा विकसित करना भारत को सेवा-प्रधान अर्थव्यवस्था से विनिर्माण-प्रमुख अर्थव्यवस्था में बदलने में महत्वपूर्ण होगा।

# महात्मा गांधी और भारत की लोकचेतना



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

गांधी लोक में रमे और ऐसे रमे कि भारत के लोकमन बन गए। लोक ने गांधी में अपना ही अधिष्ठान किया और इसी अधिष्ठान के सहारे भारतीय लोकतंत्र के सपने बुने थे। महात्मा गांधी भारत का मूर्तिमान लोकमन हैं। भारत की मूर्तिमान मेधा हैं।

यह ठीक है कि गांधी एक व्यक्ति थे, किंतु व्यक्ति का क्या? व्यक्ति तो करोड़ों और अरबों-खरबों ही हैं, पहले भी हुए हैं, फिर गांधी पर ही नजर क्यों टिकती है? अनुयायी हों या विरोधी सभी की चर्चा के केंद्र में गांधी क्यों रहते हैं? वास्तव में जब कोई व्यक्ति अपने को सर्वजन-चेतना से अभिभूत कर लेता है, जब व्यक्ति-चेतना अथवा अहंता-ममता की बर्फ पिघलकर जलधारा बन जाती है, तब व्यक्ति व्यक्ति नहीं रहता, वह कोटि-कोटि जन की अभिव्यक्ति बन जाता है।

वास्तव में गांधी व्यक्ति नहीं रह गए थे, वे समष्टिचेतना बन गए थे, भारत के लोकजीवन की मूल्य प्रणाली, विश्वास प्रणाली, विचार प्रणाली और अभिव्यक्ति प्रणाली का युगावतार। भारत की सामान्य जनता की निष्ठा के संबंध मे महात्मा गांधी ने एक बार यूरोप के एक पत्रकार से बात की। पत्रकार रेवरेंट माट् ने पूछा कि श्रीमान सार्वजनिक-जीवन में आपको आशा और निराशा दोनों ही होती होंगी। आपको किस बात से आश्वासन मिला और किस बात से निराशा हुई? महात्मा गांधी ने उत्तर दिया- भारत की सामान्य जनता बहुत कष्ट में जीवन व्यतीत कर लेती है, किंतु अहिंसा की वृत्ति को नहीं छोड़ती। इससे मुझे आश्वासन मिला है। महात्मा गांधी ने कहा कि निराशा की बात यह है कि शिक्षित लोगों के हृदय में दयाभाव का स्रोत सूखता जा रहा है, इससे मुझे चिंता होती है।

2 अप्रैल 1947 को दिल्ली मे एक इंटर एशियन रिलेशंस कान्फ्रेंस हुई थी जिसमें महात्मा गांधी ने जो भाषण दिया था, उसमें आपको उसी भारतीय लोकचेतना का स्वर सुनाई देगा। गांधीजी ने कहा कि आप सभी दोस्तों ने जो भारत है, उसे वाकई नहीं देखा है। यह कांफ्रेंस भी असल भारत में नहीं हो रही है। दिल्ली, बॉम्बे, मद्रास, कलकत्ता, लाहौर- बड़े शहर होने की वजह से ये सभी पश्चिम से प्रेरित हैं। उन्होंने एक कहानी सुनाई - "एक बार की बात है, फ्रांस के तीन वैज्ञानिक सत्य की खोज में निकले। तीनों एशिया के अलग-अलग हिस्सों में चले गए। इनमें से एक वैज्ञानिक ने भारत में अपनी खोज जारी रखी। वह उस वक्त के तथाकथित शहरों में गया। यह अंग्रेजों और



मुगलों के आधिपत्य से पहले की बात है। उसने यहां के कथित ऊंची जाति के लोगों, पुरुषों व महिलाओं को देखा, मगर उसे संतुष्टि नहीं मिली। अंत में थक-हार कर वह एक साधारण सी कुटिया में जा पहुंचा। वहां उसे उस सत्य के दर्शन हुए जिसकी उसे लंबे समय से तलाश थी।" गांधीजी ने कहा कि "अगर आप वाकई भारत को देखना चाहते हैं तो आपको यहां के गांवों में बसे दलितों के बेहद साधारण-से घरों में आना होगा। यहां ऐसे सात लाख गांव हैं जिनमें अड़तीस करोड़ लोग रहते हैं। इस भारत को मैंने खुद अपनी आंखों से देखा है। मैंने भारत की एक छोर से दूसरे छोर तक यात्रा की है। मुरझाई आंखों से मैंने यहां मनुष्यता की दयनीय तस्वीर देखी है। भारत यहीं बसता है। गोबर से सनी इन मामूली झोपड़ियों में मिलते हैं, वे दलित जिनमें मिलेगा आपको खाटी ज्ञान। लोकतंत्र और निर्धनतम लोगों के जागरण के इस दौर में आप पूरी ताकत से इस संदेश को फैला सकते हैं। गांधी लोक में रमे और ऐसे रमे कि भारत के लोकमन बन गए। लोक ने गांधी में अपना ही अधिष्ठान किया और इसी अधिष्ठान के सहारे भारतीय लोकतंत्र के सपने बुने थे।"

महात्मा गांधी भारत का मूर्तिमान लोकमन हैं। भारत की मूर्तिमान मेधा हैं। सच्चाई, ईमानदारी, सादगी, समानता, भाईचारा, लोकमंगल, विश्वशांति आदि लोकजीवन के मूल्य जैसे महात्माजी के रूप में जीवंत हो गये थे। गांधी ने भारत के लोकजीवन का प्रत्यक्ष दर्शन और अनुभव किया था। गांधी ने भारत को जानने के लिए भारत को पाने के लिए भारत की पैदल-पैदल यात्रा करते हुए लोकमन से तादात्म्य की साधना की और और लोकमानस में जगह बनाई थी। लोक को जगाया था, लोक के विश्वास को जगाया था और लोक का विश्वास जीता था। लोक ने भी उनको विश्वास दिया था। 6 जुलाई 1944 को आजाद हिन्द फौज रेडियो से सुभाष चन्द्र बोस ने एक पत्र महात्माजी के नाम प्रसारित किया था, उसमें उन्होंने महात्माजी कहकर संबोधित किया और उन्हें लोकजागरण का प्रतीक बतलाया। कहा कि भारत और भारत के बाहर रहने वाले भारतीयों की दृष्टि में आप हमारे देश के वर्तमान जागृति के जनक हैं।

गांधी लोकजीवन को इतना उद्वेलित नहीं कर पाते यदि वे स्वयं ही सामान्यजन न बन गए होते। वे तो बैरिस्टर थे, लेकिन सामान्यजन के बीच घुलमिल जाने के लिए उन्होंने सिर के बाल हटा दिए, आधी धोती पहन ली और आधे से शरीर ढक लिया। पैरों में चप्पल डाल ली। सामान्यजन की वह असामान्यता कि गोलमेज-सम्मेलन असफल हो गया, होना ही था, किंतु उस दौरान सम्राट पंचम जार्ज ने बकिंघम पैलेस में विशालभोज दिया। दो हजार मेहमान थे जिनमें राजनयिक थे, लार्ड थे तथा भारत के राजा, महाराजा और नवाब-लोग बड़े ठाठ-बाट से सजे सजाए खड़े हुए हीरे और जवाहरातों की नुमाइश कर रहे थे। उस वैभवशाली समारोह में उन सभी महिमाशाली लोगों ने देखा कि घुटनों तक धोती बांधे, सफेद दुपट्टा डाले बड़े गौरव के साथ एक सामान्य आदमी आ रहा है। सभी की नजर उस धोती-वाले पर ही जा टिकीं। थोड़ी देर में पंचम जार्ज आए, उन्होंने चारों ओर देखा और उस सामान्यजन के पास आकर खड़े हो गए। सम्राट कुछ देर तक तो उन्हें देखते रहे, फिर बोले कि आप अफ्रीका में तो हमारे मित्र थे, मैं नहीं समझ पाया कि अब आप हमारे विरुद्ध कैसे हो गए? बापू ने उन्हें देखा और मुसका दिए।

सम्राट फिर बोला मैं आपको चेतावनी देता हूं कि आपने भारत में गड़बड़ी की और मेरी सरकार के साथ सहयोग नहीं किया तो वहां मेरी सेना उपद्रवियों को उड़ा देगी। यह बात इतनी धीरे से कही गई थी कि वहां खड़ी हुई सरोजिनी नायडू ने ही सुनी। गांधी उस समय तो मुसका दिए, किंतु जब प्रतिनिधियों की सबसे बड़ी समिति की बैठक हुई तो वे बोले भारत में मेरे बच्चे ब्रिटिश बमों को केवल पटाखे समझते हैं। महात्मा गांधी के लिए लोकतंत्र का क्या अर्थ था, इस बात को हम उनके जीवन की एक घटना समझ सकते हैं।

महात्मा गांधी से (पहले से ही समय लेकर) गांव के दो किसान मिलने आए थे, महात्माजी उनको कुछ समझा रहे थे कि इसी बीच वायसराय के यहां से कोई अंग्रेज-अफसर गांधीजी से मिलने आ गया। थोड़ी देर तो उसने किसानों से महात्माजी की बातें सुनी फिर बोला मुझे आपसे बात करनी है। महात्मा गांधी ने कहा ठीक है, कहिए। वह अफसर उन किसानों को वक्र-दृष्टि से देखते हुए बोला मुझे राज्य के संबंध में गोपनीय बातें करनी है। महात्मा गांधी बोले ठीक है, करिए। उसने फिर से उन किसानों की ओर देखा। महात्मा गांधी बोले-हां, वे तो उस राज्य के मालिक हैं जिसके संबंध में आप गोपनीय बात करना चाहते हैं। राज्य के मालिक से छिपकर क्या बात करनी है? राज्य के मालिक से दुराव-छिपाव क्यों?

लोकचेतना की तरह ही महात्मा गांधी सामान्यजन के बीच खींची जाने वाली किसी भी रेखा या दायरे को अस्वीकार करते थे। जीवन भर वे दायरों को तोड़ते ही रहे। बापू की हत्या हुई तब कविवर बालकृष्ण शर्मा नवीन ने एक बड़ी कविता लिखी थी, उसका सार यह था - ऐसे संत-पुरुष के मरने का दुःख नहीं है, दुःख तो मनुष्य और मनुष्यता के मर जाने का है। ऐसे रामभरोसे रहने वाले आदमी पर जिन हाथों से गोली चली। क्या वह मनुष्य था? क्या उसकी मनुष्यता मर गई थी? लोक नायक पर प्रहार का स्वाभाविक परिणाम यह हुआ कि आजादी की लड़ाई के समय हुंकार भरने वाली लोकचेतना नींद में चली गई और बाजार के रूप में व्यष्टि चेतना समष्टि चेतना पर हावी हो गई।

## व्यंग्य

# मैं आई हूं यूपी बिहार लूटने

नट उठकर खड़ा होते हुए बोला- डायन कहीं कि तुझे बरसों पहले छुआ भर था और तूने ऐसे बदला लिया कि धक्का मारकर मुझे खंडित कर दिया। नटी- नासपीटे याद रखना मैं सेर को सवा सेर का जवाब देती हूं। महाराष्ट्र और फिर बिहार में मेरे साथ रंगरलियां करने वालों ने मुझे धोखा देकर निकाह दूसरों से कर लिया था।

एक कार्यक्रम में सौभाग्य भरे इत्तेफाक से लुप्त हो रही नौटंकी विधा का रसास्वादन हुआ। मजा आ गया। मैं आई हूं यूपी-बिहार लूटने... ये गीत गाकर नाच रही नटी से नट बोला-लग रहा है लोकसभा चुनाव 2024 के मंच पर भाजपा है तू। नटी बोली- तुझे जलन क्यों हो रही है। यूपी के अस्सी मेरे और अब तो बिहार के चालीस भी मेरे। मंडल भी मेरा कमंडल भी मेरा। श्रीराम भी मेरे, कर्पूरी ठाकुर भी मेरे। नीतीश भी मेरे। बिहार की नैया के मांझी भी मेरे, पासवान के चिराग भी मेरे। यूपी के पीले गमछे वाले राजभर भी मेरे, निषाद भी मेरे, पटेल भी... और अब देशभर के कुर्मी भी मेरे। ब्राह्मण, बनिया, ठाकुर तो पहले से ही मेरे हैं। यूपी भी मेरा, बिहार भी मेरा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश...सब मेरा।

नट-तो फिर मेरा क्या है? नटी-जा दक्षिण में कहीं सिर छिपा ले। नट-दक्षिण भी कहां छोड़ रही है तू, वहां भी फन फैलाए बैठी हो, जहां तुम्हारा जलवा नहीं चलता वहां भी तो डोरे डाल रही हो।



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

नटी-सब हमारे आंशिक हैं, पूरा देश हमारा है। तुम्हें क्यों जलन हो रही कलमुंहे? नटी ने ये कहते हुए नट के सीने पर हाथ मारा तो नट जमीन पर गिर गया। दर्शकों में किसी ने हूटिंग की- इंडी गठबंधन है क्या, जो धड़ाम से गिर गया? दूसरा दर्शक बोला- इसे पप्पू से मिलवा दो। वो न्याय बांटता घूम रहा है और इनके अपने गठबंधन के साथी न्याय न पाकर गश खाकर गिरे पड़ रहे हैं। तीसरा दर्शक बोला-भला हो मोटे भाई का, इससे पहले कि कोई गिरने वाला हो, वो इस्ट्रएचर लिए खड़े रहते हैं। ईडी, सीबीआई के पहिए वाला इस्ट्रएचर पहले कमलछाप साबुन से नहलाकर पवित्र करता है और ऑपरेशन लोटस की अपार सफलता का सिलसिला जारी रखता है। नटी- ठीक तो है, हमारी छोटी सी शर्त है। कुंवारे रहकर एकला चलो या हमारे साथ ब्याह करो।

दर्शक- जैसा कि दिल्ली में खांसी वाले और उनके पंजाब के साथी दारूवाला, यूपी के भइया और बंगाल की दीदी बहन जी की तरह एकला चलो की राह पर चल सकते हैं। नटी-समझदार हैं ये लोग, इस मुवे की तरह (जमीन पर पड़े नट की तरह इशारा करते हुए) खड़गे... ओह आज जबान बहुत फिसल रही है। गड्ढे में नहीं गिरना चाहते हैं ये लोग। नट उठकर खड़ा होते हुए बोला- डायन कहीं कि तुझे बरसों पहले छुआभर था और तूने ऐसे बदला लिया कि धक्का मारकर मुझे खंडित कर दिया। नटी- नासपीटे याद रखना मैं सेर को सवा सेर का जवाब देती हूं। महाराष्ट्र और फिर बिहार में मेरे साथ रंगरलियां करने वालों ने मुझे धोखा देकर निकाह दूसरों से कर लिया था। हलाला करवाकर दोनों को फिर अपना बना लिया। अब इन्हें जोरू का (अपना) गुलाम बनाऊंगी। नट-शर्म करो नास पीटी, लज्जा नहीं आती। डायन भी सात घर छोड़कर डसती है, तू तो ऐसी डायन है कि अपनो को भी नहीं छोड़ती, तूने तो एमपी वाले अपनी मामा और राजस्थान वाली अपनी मामी को भी डसने में कसर नहीं छोड़ी।

नटी-जा-जा मेरा पीछा छोड़, पप्पू की न्याय यात्रा में जाकर मेरे अन्याय को उजागर कर दे। मुझे कोई चिंता नहीं। राम कसम जनता हम पर भरोसा करती है, मेरी गारंटी पर भरोसे का दौर चल रहा है। कुछ तो है न मुझमें जो तुझमें नहीं है। मेरी काबिलियत की गर्मी देखकर अब वो ठिठुर रहा है। पिछली बार जीरो डिग्री में हाफ टी-शर्ट में घूम रहा था। अब इलेक्ट्रिक हीटर में कोयले जला रहा है मूर्ख...

आडियंस हंसने लगी और पर्दा गिर गया।

# अस्वाभाविकताओं का दौर



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

फिर वे कौन हैं जिन्होंने नीतीश कुमार को विवश किया? तरह-तरह की व्याख्याएं हैं, जो लोग कर रहे हैं और अगले कुछ दिनों तक करते रहेंगे। शायद ही कभी पूरा सच सामने आ पाए।

हम अस्वाभाविकताओं के दौर में जी रहे हैं। दलित चेतना की आभा की प्रतीक रहीं मायावती किन्हीं अज्ञात कारणों से प्रतिरोध की मुख्यधारा से बाहर हैं। समर्थक हों या विरोधी, सब लगभग एक स्वर में कहते थे कि नीतीश कुमार विपक्ष के एकमात्र ऐसे बड़े चेहरे हैं जिन्हें केंद्रीय जांच एजेंसियों के दायरे में लाना आसान नहीं है। विश्लेषकों का एक वर्ग नीतीश को नरेंद्र मोदी के बरक्स खड़ा करने का मजबूत तर्क देता था। सपाट तरीके से सोचें तो यह तर्क प्रभावित भी करता था, क्योंकि नीतीश का ओबीसी होना, हिंदी पट्टी का प्रभावशाली नेता होना आदि भी महत्वपूर्ण कारक के रूप में गिनाए जाते थे।

बहुत सारे विश्लेषक तो ऐसी रणनीतियों पर लंबी-लंबी परिचर्चाएं करते थे कि नीतीश उत्तर प्रदेश की किसी अनुकूल लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे और इंडिया गठबंधन के वोट बैंक को यूपी में ही नहीं, मध्य प्रदेश और झारखंड के भी कई इलाकों में एक नया विस्तार देंगे, लेकिन दौर चूंकि अस्वाभाविकताओं का है। हमने टीवी स्क्रीन पर देखा कि बुझे और थके चेहरे के साथ नीतीश कुमार राज्यपाल के समक्ष रिकार्ड नवीं बार नई सरकार चलाने की शपथ ले रहे थे और उनकी बगल में भाजपा के उनके नए सहयोगियों की कतार थी। लोगों ने ऐसे मंजर कम ही देखे होंगे कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह हो रहा हो और शपथ लेने वालों में एकाध को छोड़ किसी का चेहरा उल्लास से दमक न रहा हो। जीतनराम मांझी के सुपुत्र जी और एक निर्दलीय जी को छोड़ किस शपथ लेने वाले के चेहरे पर आंतरिक खुशी नजर आ रही थी। चाहे जातीय गणना का मुद्दा हो, आरक्षण के दायरे को बढ़ाने का मामला हो या कम समय में रिकार्ड तोड़ संख्या में सरकारी नौकरियां देने का क्रेडिट हो, अब अतीत बन चुकी महागठबंधन की सरकार अच्छी खासी चल रही थी, लेकिन सवाल उठता है कि नीतीश कुमार के ऐसे कौन से निकट सहयोगी-सलाहकार थे जिन्हें इस सरकार को गिराने और भाजपा के साथ नई सरकार बनाने की बेताबी थी। निश्चय ही कुछ सांसद होंगे जिन्हें डर होगा कि वे पिछला चुनाव लालू विरोधी मतों को पाकर जीते हैं और अगला चुनाव महागठबंधन की ओर से लड़ने में उन्हें दिक्कतें पेश आ सकती हैं। यह कोई इतनी बड़ी बात नहीं है कि इस आधार पर वे नीतीश कुमार को विवश कर दें और भाजपा के पाले में फिर से ले आएं।

फिर वे कौन हैं जिन्होंने नीतीश कुमार को विवश किया? तरह-तरह की व्याख्याएं हैं, जो लोग कर रहे हैं और अगले कुछ दिनों तक करते रहेंगे। शायद ही कभी पूरा सच सामने आ पाए, लेकिन नीतीश कुमार उदाहरण हैं कि कोई नेता अगर राजनीतिक-प्रशासनिक रूप से नौकरशाहों की खास मंडली पर जरूरत से ज्यादा निर्भर करने लगे, अगर उसके अगल-बगल जनाधार विहीन राजनेताओं की मंडली जमा हो जाए और समय एवं परिस्थितियों के अनुसार खासी प्रभावशाली भी हो जाए तो एक दिन बड़े से बड़े आभामंडल वाले नेता की भी मिट्टी पलीद होना तय है। सभी के लिए उम्र महज एक संख्या नहीं होती। सबके अपने पारिवारिक-सामाजिक आधार होते हैं, उस आधार पर बनता-बिगड़ता अपना मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य होता है। आडवाणी हों, मनमोहन हों या स्वर्गीय मोरारजी, कई उदाहरण हैं। उन्हें लेकर कभी अफवाहें नहीं उड़ीं कि कोई चौकड़ी उनकी उम्र जनित समस्याओं का लाभ उठा कर उनके राजनीतिक फैसलों पर हावी हो रही है, लेकिन नीतीश कुमार को लेकर ऐसी अफवाहें चल रही हैं। नीतीश बेदाग होंगे ऐसा संभव है, लेकिन वर्षों से उन्हें घेरे, अपने घटिया स्वार्थों में लिप्त नौकरशाहों और राजनीतिज्ञों की मंडली में कौन कितना बेदाग है यह कौन बता सकता है? केंद्रीय एजेंसियों की आंच अगर उनमें से कुछ तक पहुंच रही हो और उसका असर राजनीतिक ब्लैकमेलिंग के रूप में सामने आ रहा हो तो इसमें क्या आश्चर्य?

एक बात के लिए तेजस्वी यादव को नीतीश का, उनके निर्णयों पर कथित रूप से प्रभाव डालने वाले सलाहकारों का और इन तमाम घटना क्रमों का आभार मानना चाहिए कि उनके राजनीतिक व्यक्तित्व को इन सबने एक नई चमक दी है। उन्होंने छला नहीं है, बल्कि वे छले गए के रूप में जनता के सामने जा सकते हैं। भले ही नीतीश रिकार्ड समय में लाखों नौकरियों का क्रेडिट लें, लेकिन बिहार के बेरोजगार नौजवानों के बीच तेजस्वी की ही चर्चा है और यह जाति धर्म से ऊपर उठकर उनके प्रति युवाओं के अनुराग का एक अध्याय है। आगे वे क्या करते हैं, कैसे बिहार की राजनीति को संभालते हैं, यह उन पर निर्भर करता है।

## सोशल फोरम

# अमीर खुसरो और निजामी

अमीर खुसरो की इच्छा थी कि साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान का प्रभाव ईरान-तूरान से आगे तक महसूस किया जाए। इसके लिए उन्होंने एक ऐसी साहित्यिक परियोजना पर काम शुरू करने का इरादा किया जो सार्वभौमिकता के तकाजों को पूरा करती हो।



असग़र मेहदी
लखनऊ

फिरदौसी के शाहनामा के बाद गंजवी के निजामी के नाम से प्रसिद्ध जमाल उद्दीन अबु मुहम्मद इलयास इब्ने यूसुफ़ इब्ने ज़की (1141-1209) ही मसनवी के क्षेत्र में कमाल दिखा सका था। उसके द्वारा पांच साल में पांच मसनवियों के पंज-गंज या खमसे की रचना उसे फारसी साहित्य में रूमानी परंपरा का महत्वपूर्ण शायर स्थापित करने के लिए पर्याप्त है।

निजामी को फारसी महाकाव्य में बोलचाल और यथार्थवादी शैली के प्रवेश कराने में सहायक माना जाता है। उसका पंज-गंज बाद की शताब्दियों में ईरानी और मुगल दरबारों में पेंटिंग के हवाले से एक लोकप्रिय विषय रहा है। अमीर खुसरो ने निजामी से प्रेरणा लेकर अपनी परियोजना पर काम शुरू कर दिया और केवल तीन वर्षों (1298-1301) में तमाम व्यस्तताओं के बावजूद पांच मसनवियों पर आधारित अपना खमसा दुनिया के सामने पेश कर दिया।

पहली मसनवी, 'मतला उल अनवार' सूफीवाद और नैतिकता से संबंधित विषयों को समेटती है। दूसरी मसनवी "शिरीं व खुसरो", आर्मीनियाई राजकुमारी, ईरानी राजकुमार और एक संगतराश के नाकाम प्रेम के विषय का करुणाजनक बयान है। तीसरी मसनवी "लैला व मजनू" में अरबी मूल कथा का ईरानीकरण है। चौथी मसनवी "आयीना ए सिकंदरी", निजामी की दो मसनवियों "सिकंदर नामा (बर्री और बहरी)" से छोटी होने के बावजूद, उनसे मुकाबला करती नजर आती है।

अमीर खुसरो की पांचवीं मसनवी "हश्त बिहिश्त" अर्थात आठ स्वर्ग, जो इतिहास और किंवदंतियों का बेहतरीन संगम है। यह भी अजब है कि हिंदुस्तान से बाहर ख़ुसरो की ख्याति की वजह मसनवियों का यह संकलन करार पाया। जबकि हिंदुस्तान में वह गीतों, दोहों, गजलों, पहेलियों की वजह से जाने और पहचाने जाते हैं।

-फेसबुक वॉल से

# गांधी का चतुर्मुखी दर्शन

महात्मा गांधी भारत भूमि पर जन्मे ऐसे युग पुरुष हैं, जिन्होंने अपने सत्कर्मों से भारत को ही नहीं अपितु समस्त मानवजाति को धन्य किया। मानव-सेवा, शोषितों और पीड़ितों की सेवा-सुश्रुषा के लिए गांधी जी ने जो कार्य किए वे कालजयी बन गए। उनके यही कार्य उनके दर्शन का रूप धारण कर 'गांधीदर्शन' में परिणत हो गए। कोई भी विचार या दर्शन कालजयी तब बनता है जब हर युग में उसकी प्रासंगिकता हो। महात्मा गांधी का दर्शन पूर्णतः व्यावहारिक दर्शन है। इसमें जहां एक ओर अध्यात्म और नैतिकता का सुख है वहीं राजनीति और रचनात्मकता का आनंद भी है। गांधी दर्शन चार प्रमुख रूपों में हमारे सम्मुख आता हैं-आध्यात्मिक, नैतिक, राजनीतिक और रचनात्मक।



डॉ. लवलेश दत्त
बरेली

महात्मा गांधी पूर्णतः आध्यात्मिक व्यक्ति थे। उनका मानना था कि ईश्वर एक है और वही सत्य है। अतः उन्होंने 'ईश्वर सत्य है' को 'सत्य ही ईश्वर है' माना और जीवनभर सत्य के माध्यम से ईश्वर की आराधना करते रहे। उनका मानना था कि दरिद्रनारायण की सेवा ही ईश्वर की सच्ची आराधना है। गांधीजी पुनर्जन्म में आस्थाशील थे। महात्मा गांधी के अध्यात्म दर्शन अध्यात्म के सभी प्रमुख तत्वों ब्रह्म, जीव, जगत, माया, मोक्ष आदि के दर्शन होते हैं। महात्मा गांधी ने अपने दर्शन को नैतिक आदर्शों का आधार प्रदान किया। गांधीजी चाहते थे कि देशवासी अपने चरित्र और जीवन को ऐसा बनाएं कि संपूर्ण विश्व में एक आदर्श स्थापित हो सके। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर गांधीजी ने न केवल भारतवासियों के लिए, बल्कि संपूर्ण मानव जाति को नैतिक आदर्शों का पाठ पढ़ाया। गांधीजी चाहते थे कि लोग सच्चरित्र हों, सत्यवादी हों और अहिंसा का पालन करने वाले हों। एक शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति संयमित हो और उसे अपनी इन्द्रियों पर अधिकार हो। गांधीजी अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने सत्य और अहिंसा के पालन में अपना सर्वस्व त्याग दिया था। गांधीजी अहिंसा की लड़ाई के वीर योद्धा थे और उनकी अहिंसा की लड़ाई के बल पर ही देश को स्वाधीनता प्राप्त हुई। गांधीजी ने स्वाधीन देश में आदर्श समाज की स्थापना के लिए ही नैतिक आदर्शों को जीवन में सर्वोच्च स्थान दिया। उनका स्वप्न था कि स्वाधीन देशवासी नैतिकता के आधार पर ही एक उत्कृष्ट समाज का निर्माण करें जिससे भारत संपूर्ण विश्व के समाने नैतिकता की एक मिसाल बने। गांधीजी के राजनीतिक दर्शन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है-सत्याग्रह।

गांधीजी अहिंसक उपायों से देश को स्वाधीन कराना चाहते थे। वे जानते थे कि यदि हिंसा के मार्ग से स्वतंत्रता प्राप्त की गई तो उसे स्थाई बनाए रखने के लिए भी हिंसा का मार्ग ही अपनाना पड़ेगा। अतः अहिंसा के माध्यम से प्राप्त स्वाधीनता ही चिरस्थायी रह सकेगी। इसीलिए अपने राजनीतिक दर्शन में गांधीजी ने अहिंसक उपायों का प्रयोग किया। भारत की स्वाधीनता के लिए किए गए उनके कार्य उनका राजनीतिक दर्शन बन गए। गांधीजी का रचनात्मक दर्शन सर्वोदय की अवधारणा पर स्थापित है। स्वदेशी आंदोलन और सांप्रदायिक सद्भाव उसके प्रमुख लक्ष्य हैं। गांधीजी का प्रत्येक कार्य जनहित में था। इसीलिए उन्होंने सर्वप्रथम सर्वोदय का नारा दिया। सब एक साथ आगे बढ़ें यही गांधी जी चाहते थे। उन्होंने स्वावलंबन और शारीरिक श्रम जैसे बिंदुओं को अपने रचनात्मक दर्शन का अंग बनाया। गांधीजी शारीरिक श्रम पर बल देते थे। गांधीजी ने देश की स्वतंत्रता, मानव सेवा और मनुष्य के नैतिक उत्थान के लिए जो कार्य किए वे सभी गांधीदर्शन में परिणत हो गए। उनका दर्शन पूर्ण और व्यावहारिक दर्शन है।

# सरकार पलट गई कुर्सी स्थिर रही

नीतीश कुमार नवीं बार मुख्यमंत्री बने हैं। पत्रकारों के सवाल पर जवाब दिया सबकुछ ठीक नहीं चल रहा था, जब भाजपा से गठबंधन तोड़ा तो बोले हमारी पार्टी ही हड़प लेना चाहते हैं। एक बात तो है नीतीश कुमार भले ही विचारों में स्थिर न हों, लेकिन कुर्सी मजबूत स्थिति में रहती है। उन्हें पलटूराम कहा जा रहा है, जबकि वे स्थिर हैं।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

पलटूराम तो वे हैं, जो मुंह भर-भर कर कोसते रहे। अब हंसते हुए सरकार में शामिल हो कसीदे पढ़ेंगे। आखिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंच व सदन की गरिमा भी तो रखनी है। नीतीश का 24 जनवरी 2024 को समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर परिवारवाद पर भाषण देना ही लग रहा था कि अब फिर बदलेंगें। यह तो उनको पता ही था कुर्सी नहीं बदलेगी। वे जानते थे, जो उनके खिलाफ हैं, सत्ता की चाशनी में फिर लिपटने चले आएंगे। यदि लोकसभा के बाद परिणाम उचित नहीं आए तो फिर हो सकता है कि कुर्सी को ध्यान रखते हुए मन बदलेंगे। तेजस्वी यादव भी फिर आ जाएंगे आखिर सत्ता हनक की बात ही कुछ और होती है। एक बात तो है इतिहास उन्हें कैसे याद करेगा इसका भी ख्याल रखना चाहिए था। नीतीश कुमार ने जाति जनगणना कराई जिसमें तेजस्वी यादव का भी साथ था। मुझे लगता है उन आंकड़ों से दूसरे दल घबरा गए। अब से पूर्व की सरकार में तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री थे।

दोनों पिछड़े वर्ग से अबकी सरकार में विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी दो उपमुख्यमंत्री बनाए गए, जो कहते थे कि नीतीश कुमार को सत्ता से बेदखल करने के बाद ही पगड़ी खोलेंगे। अब उन्होंने ही उपमुख्यमंत्री की पगड़ी बांध ली ये भी कालचक्र का नया पहलू है।

# दिव्यगुणों से युक्त अग्निदेव

**हे सोम! आप अग्नि की भांति ऊर्जा प्रदान करने वाले अग्निरूप हैं। आप दिव्य पोषक रस के रूप में हैं। आप यज्ञ में आए अतिथियों का यथोचित सत्कार करने वाले हैं। धन ऐश्वर्य प्रदान करने वाले, संपूर्ण जगत के पोषक अग्नि एवं विष्णु देवता की तृप्ति के लिए हम आपको ग्रहण करते हैं। हे शकल! आप अग्नि उत्पादन के आधार हैं। हे कुशाओं! अग्नि उत्पन्न करने में सक्षम होने के कारण आप वीर्य स्वरूप हैं। हे घृत! आप अग्नि को आयु प्रदान करने वाले अर्थात् देर तक प्रज्वलित रखने वाली हैं।**



हे अग्निदेव! आपको प्रकट करने के लिए गायत्री, त्रिष्टुप तथा जगती छंदों के साथ हम मंथन करते हैं। वेदज्ञाता ऋषियों के पुत्र स्वरूप हे ऋत्विकगण! प्रमादवश दिए गए शापों से यजमान के रक्षक ये आवहनीय अग्निदेव यज्ञ कुंड में प्रतिष्ठित होकर हवन का सेवन करते हैं। हे अग्निदेव! आप यजमानों के लिए कल्याणकारी होते हुए यज्ञ में दी गई आहुतियां को ग्रहण करें और इन्द्रादि देवताओं तक पहुंचाएं।

सर्वत्र गमन करने वाले, सर्वव्यापी, बलशाली हे आज्य! हम आपको यज्ञ कार्य के लिए स्वीकार करते हैं। सरल तथा श्रेष्ठ मार्ग पर ले चलने वाले आप यज्ञ कर्म में हमें स्थापित करें। हे व्रत पालन में अग्रगण्य अग्ने! आप हमारे वर्तमान व्रत का पालन करने वाले हैं। व्रत कार्यों के द्वारा अग्नि और यजमान समान रूप से आदर के पात्र हों। तपस्या का अधिपति गुरु तथा तपश्चर्या करने वाला शिष्य दोनों समान भाव वाले हों। हे सोमदेव! सोमवल्ली के संपूर्ण अवयव धनवान इंद्र के लिए प्रीतिकर होते हुए वृद्धि को प्राप्त करें। हे सोमदेव! आपका कल्याण हो। आपकी कृपा से हम सोम-यज्ञ कार्य को शीघ्र ही समाप्त करें। आपकी अनुकंपा से हम धन प्राप्त करें। हे अग्निदेव! जो आपका लौहमय, रजतमय तथा स्वर्णमय शरीर है, वह देवताओं की मनोकामना को पूर्ण करने वाला, असुरों को दुर्गम स्थान वाली गुफाओं में अवस्थित करने वाला, राक्षसों के कठोर शब्दों को नष्ट करने वाला तथा देवताओं के निमित्त आरोप प्रत्यारोप पूर्वक उच्चारण किए गए कथन को पूर्णतया प्रभावहीन कर देने वाला है। इस प्रकार के महिमाशाली शरीरधारी आपके लिए यह आहुति प्रदान की जा रही है है। हे पृथ्वीदेवी! आप ही आप 'तप्तयानी' अर्थात् ऊर्जा प्रदान करने वाली और 'वित्तयानी' अर्थात् धन प्रदान करने वाली हैं। दीनता से हमे बचाएं। हे उत्तरवेदि! आप सिंहनी रूप हैं। आप आदित्य को प्रसन्न करने वाली हैं। आप ब्राह्मण एवं क्षत्रियों को हर्षित करने वाली हैं। इस रूप वाली आपको आहुति प्रदान की जाती है। हे मध्य परिधि! आप स्थिर हैं, अतः पृथ्वी को आप दृढ़ करें। हे दक्षिण परिधि! आप अंतरिक्ष में स्थिर यज्ञ में निवास करने वाली हैं, अतः आप अंतरिक्ष को पुष्ट करें। हे उत्तर परिधि! आप द्युलोक रूप हैं, अतः द्युलोक को स्थिर करें। हे गुग्गुल आदि सुगंधित द्रव्य समूह! आप अग्नि को पूर्ण करने वाले हैं। महान, सर्वज्ञ, वेदों का भलीभांति अध्ययन करने वाले ऋत्विकगण, सांसारिक विषयों से मन हटाकर यज्ञकार्य की पूर्णता के विषय में विचार करने लगते हैं। संपूर्ण प्राणियों के साक्षीभूत, प्रेरणा देने वाले, सर्वदा श्रेष्ठ स्तुतियों से प्रशंसित सविता देवता को अनुकूल करने के लिए यह आहुति प्रदान की जाती है। हे विष्णुदेव! आप अपने सर्वव्यापी प्रथम पद पृथ्वी में, द्वितीय पद अंतरिक्ष में तथा तृतीय द्युलोक में स्थापित करते हैं। भूलोक आदि इनके पद-रज में अंतर्हित है। इन सर्वव्यापी विष्णुदेव को यह आहुति दी जाती है। हे पृथ्वी एवं द्युलोक! आप लोगों के लिए कृषि, संपत्ति से युक्त अनेक गौओं को देने वाले, यवादि श्रेष्ठ अन्नों को देने वाले तथा विवेकवान पुरुषों के लिए यज्ञ साधनों को प्रदान करने वाले हैं। आपके लिए हम यह आहुती समर्पित करते हैं। राक्षसों एवं अभिचार साधनों का विनाश करने वाले विष्णु देवता से संबंधित गर्त (गड्ढे) का हम प्रोक्षण करते हैं। हे उदुंबर (गूलर की लकड़ी) शाखे! आप स्थिर हों। यजमान भी अपने घर में पुत्र तथा पशुओं से पूर्ण होता हुआ स्थिर हो। इस घृत आहुति से आप द्युलोक और पृथ्वी को संव्याप्त करें। हे तृण निर्मित छप्पर! आप इंद्र से जुड़ गए हैं, अतः आप सभी लोगों के छाया स्वरूप हैं। हे रज्जु! आप इंद्रदेव का संबंध जोड़ने के सीवन रूप हैं। हे ग्रंथि! आप इंद्रदेव से संयुक्त होकर स्थिर हों। हे आग्नीध! आप इंद्रदेव से संबंधित हो गए हैं। सभी देवताओं से संबंधित हो जाएं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

# वेदांत दर्शन: विशिष्टाद्वैतवाद

विशिष्टाद्वैतवाद जैसा कि इसके नाम से ही संकेतित है, 'अद्वैत' से मिलता-जुलता संप्रदाय है। 'अद्वैत' के पूर्व गुणवाचक 'विशिष्ट' विशेषण के जुड़ने से इसकी उत्पत्ति हुई है। इस मत के अनुसार "ब्रह्म" ऐकांतिक होते हुए भी 'पुरूष' (ईश्वर) है। इसके दो विशिष्ट अंग क्रमशः चित (जीवात्मा) तथा अचित (जड़जगत), जो वास्तविक और उससे भिन्न या पृथक है। इन तीन तत्वों (तत्वत्रय) अर्थात् ब्रह्म, चित और अचित से ही सृष्टि संघटित है। तीनों में एकता होते हुए भी अभेद नहीं है अर्थात् अलगाव भी है। जीवात्मा, ईश्वर की कृपा से ही सृष्टि कर सकता है। इस मत का प्रतिपादन रामानुजाचार्य रचित 'ब्रह्मसूत्र' (बादरायण कृत) ग्रंथ पर लिखित "श्रीभाष्य" है। किंतु रामानुजाचार्य के विषय में विवरण अंकित करने से पूर्व वेदांतियों के दो अन्य महत्वपूर्ण संप्रदायों- 'द्वैतवादी' और 'द्वैताद्वैतवादी' पर प्रकाश डालना सर्वथा उचित प्रतीत होता है।

("द्वैतवाद") "ब्रह्मसूत्र" प्रणेता हमारे सुप्रसिद्ध बादरायण से पहले ही वेदांत के कई आचार्यों ने आत्मा एवं ब्रह्म के विषय में अपने-अपने मत का प्रतिपादन किया है। इनके तीन सिद्धांत क्रमशः द्वैत, अद्वैत एवं द्वैताद्वैत या भेदाभेद पर्याप्त लोकप्रिय हुए। द्वैत मत के संस्थापक औडुलोमि हैं। उनके मतानुसार 'आत्मा', 'ब्रह्म' से बिल्कुल भिन्न या अलग है, जब तक कि वह 'मोक्ष' को प्राप्त कर 'ब्रह्म' में विलीन नहीं हो जाता है। वेदांत के अतिरिक्त सांख्य, न्याय एवं वैशेषिक दर्शनों में भी आत्मा को प्रकृति या ब्रह्म से अलग स्वतंत्र तत्व माना गया है। स्पष्ट है इस मत के द्वैतवेदांती, सांख्य एवं वैशेषिक तीनों ही समर्थक हैं।

"द्वैताद्वैतवाद" इसी को 'भेदाभेदवाद' भी कहा गया है। इस मत या संप्रदाय के लोग, 'द्वैत' और 'अद्वैत' दोनों को ही सत्य स्वीकारते हैं। इस मत के प्रमुख प्रवर्तक निम्बार्क, भास्कराचार्य या आचार्य भास्कर माने जाते हैं। इस संप्रदाय को ही देवर्षि संप्रदाय, हंस संप्रदाय एवं सनकादि संप्रदाय नामों से भी जाना जाता है। निंबार्काचार्य के जन्मकाल को लेकर पर्याप्त मत भेद है। महाभारत के अर्जुन के पौत्र एवं परीक्षित के पुत्र जन्मे जय का समकालीन मानने वाले भी हैं। जबकि डा. राजबली पांडेय सहित अधिकांश आधुनिक विद्वान इनको 11 वीं में हुआ निंबार्क स्वामी से अभिन्न बताते हैं, जिन्होंने 'ब्रह्मसूत्र' की विष्णुपरक व्याख्या कर के 'द्वैताद्वैत' अथवा 'भैदाभेद' मत की स्थापना की (-डॉ. राजबली पांडेय-हिंदू धर्मकोश, पृष्ठ 337)। आचार्य निंबार्काचार्य के मतानुसार ब्रह्म, जीव और जड़ अर्थात् चेतन और अचेतन से पृथक एवं अपृथक दोनों हैं।

इसी अलगाव या अलगाव अथवा भेद और अभेद पर उनका सिद्धांत आधारित है। इनके अनुसार जीव और जगत दोनों ब्रह्म के परिणाम हैं। दोनों ही ब्रह्म से भिन्न और अभिन्न हैं। यही इस मत का सार है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

# गणपति क्यों हैं अधिपति



भारतीय ऋषियों के चिंतन को व्यापक रूप से देखने पर उसमें अध्यात्म के साथ विज्ञान की भी झलक मिलती है। अनेक वैज्ञानिक अन्वेषणों का आधार भारतीय ऋषियों के ज्ञान पर आधारित मिलता है। इसी क्रम में आधुनिक कम्प्यूटर साइंस में जिस माउस से पूरी दुनिया ही नहीं, बल्कि आकाश-पाताल की परिक्रमा की जाती है, वही माउस (चूहा) देवाधिदेव महादेव के पुत्र गणेश जी का वाहन है। गणेश ने माता-पिता के चरणों की परिक्रमा पलभर में करके प्रथम पूज्य का स्थान प्राप्त किया, उसी माउस से आपरेटर पलभर में वांछित परिणाम हासिल करता है।

अनेक तर्कशास्त्रियों का यह आरोप है कि पार्वती जी के शरीर के मैल से गणेश जी का जन्म व्यावहारिक नहीं है। प्रथम दृष्टया इसे सही मान तो लिया ही जाएगा, लेकिन कम्प्यूटर साइंस की दृष्टि से मैल को परिभाषित किया जाए तो पेन-ड्राइव, सीडीआर सहित सभी स्टोरेज मीडिया, पीडीएफ, हाइपर टेक्स्ट तथा अन्य फाइल फार्मेट, ई मेल जैसे मल्टीमीडिया आदि के कंटेट कम्प्यूटर के आपरेटिंग सिस्टम के मैल (इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट) ही हैं, जो कार्य उस सोर्स कम्प्यूटर जिसमें पूरी फाइल विद्यमान है। वहीं से डाउनलोड कर पेन ड्राइव आदि में फाइल के रूप में लिया जाता है। इन्हीं माध्यमों को प्राचीन ऋषियों ने 'मैल' नाम दिया तो आधुनिक दौर में उसे ई मेल जैसे एप या पेन ड्राइव मीडिया का कंटेट कह रहा है।

तर्कशास्त्री इस बात के लिए भी व्यंग्य करते हैं कि महादेव सर्वज्ञ थे तो उन्हें जान लेना चाहिए था कि गणेश जी उनके पुत्र हैं। फिर युद्ध की क्या जरूरत पड़ गई? इसे भी कम्प्यूटर साइंस की दृष्टि से देखा जाए तो यह विदित है कि चाहे जितना भी साफ्टवेयर, उसके लैंग्वेज या आपरेटिंग सिस्टम का कुशल कर्ता और ज्ञाता हो, वह बिना पासवर्ड के पेन ड्राइव और एप आदि से वांछित सामग्री नहीं ले पाएगा। क्योंकि जब तक सृष्टि के हितविधान में अपरिहार्य न हो, तब तक देवताओं के विनियामक व्यवस्था में इथिकल हैकिंग भी पूरी तरह अनिथिकल होती है। इसी के साथ गणेश जी का गर्दन काटकर हाथी का गर्दन क्यों लगाया गया, इस पर भी तर्कशास्त्री सवाल खड़ा करते हैं। इस पर मनन किया जाए, तो स्पष्ट प्रतीत होता है कि कम्प्यूटर संचालित करते वक्त खुद के मन से नहीं, बल्कि कम्प्यूटर के प्रोग्रामिंग से ही उसे संचालित किया जा सकता है। हाथी की तरह धरती, आकाश और पाताल भी है, उस पर दृष्टि उस नियंता आपरेटर को रखनी पड़ती है। निरंतर अपग्रेड के लिए साफ्टवेयर के लैंग्वेज को रिराइट और मदरबोर्ड, रैम-रोम आदि को संशोधित करना पड़ता है। इसलिए संदर्भित पौराणिक कथा को इस दृष्टि से देखना चाहिए।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

# चौपाई के शब्द उच्चारण में भ्रांतियां

'द्रवउ सो दसरथ अजिर बिहारी' अर्धांली बालकांड के 112 वें दोहे की दूसरी चौपाई में दूसरी अर्धांली है। यह पंक्ति ख्याति प्राप्त गायकों के द्वारा जब गाई जा रही होती है तो, 'अजिर' की जगह 'अजर' गाया जाता है। हालांकि फिल्म उद्योग से जुड़े लोग 'अजिर' शब्द को जानबूझकर, 'अजर' के रूप में अपभ्रष्ट करके नहीं गाते। 'ज' को 'जि' करने से भी मात्रा की दृष्टि से वर्ण में कोई अंतर नहीं आता। तब भी दोनों वर्ण लघु या ह्रस्व ही रहते हैं। फिर गवैया यह वैयाकरणिक अभ्यास क्यों करेंगे? न ही ये अधिकतर फिल्मी गायक लक्षण ग्रंथों के रचयिता, आचार्य, शास्त्री या वैयाकरण होते हैं। वास्तविकता यह है कि 'अजिर' को 'अजर' गाने वाले फिल्मी गायकों को न यह मालूम है कि, 'अजर' का अर्थ 'अ'+'जर', यानि जरा रहित, अर्थात 'युवा' होता है और न यह मालूम है, कि 'अजिर' का अर्थ, 'आंगन' होता है। इनके द्वारा, 'अजिर' को बिना सोचे-समझे फ्लो या फर्राटे के साथ, 'अजर' गाने का प्रमुख कारण, शंकर जी से और उनकी स्तुतियों-स्तवनों से जुड़े 'अजर-अमर' शब्द युग्म से है, जो इन्होंने कई बार सुन और अपनी व्यावसायिक गायिकी में भी फिट कर रखा है, लेकिन इसका वास्तविक अर्थ ये लोग नहीं जानते। तुलसी ने 'रामचरितमानस' में निवेदन या प्रार्थना के पर्यायवाची के रूप में, 'अस्तुति' शब्द का सैकड़ों बार प्रयोग किया है और 'स्तुति' को शायद भूलकर एक बार भी नहीं। जबकि 'अस्तुति' को हिंदी में 'स्तुति' का विलोम, 'निंदा' माना जाता है। यानि खड़ी बोली, हिंदी में जो, 'स्तुति', यानि प्रशंसा है, अवधी बोली में वही, 'अस्तुति', यानि निंदा है। यदि तुलसीदास हिंदी शब्दों को तोड़-मरोड़ कर अवधी शब्द बनाने की सामर्थ्य रखते थे, तो उन्होंने, 'मानस' के अपने ही पाठकों को सैकड़ों स्थानों पर भ्रमित होने से बचाने के लिए 'अस्तुति' के स्थान पर 'स्तुति' का ही प्रयोग क्यों नहीं किया? पर उनके द्वारा ऐसा किया जाना बहुत बड़ा अक्षम्य अपराध हो गया होता। इसलिए हमें अपने पांडित्य-प्रदर्शन के लिए तुलसी जैसे अतुल्य व अलौकिक विभूतियों को नहीं घसीटना चाहिए।



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

# उपेक्षा के खिलाफ आवाज बुलंद करने का ऐलान

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार :** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन अल्मोड़ा का जिला स्तरीय द्विवार्षिक अधिवेशन फार्मेसी संघ के भवन में आयोजित किया गया। अधिवेशन में स्वास्थ्य सेवा में फार्मासिस्टों के योगदान, संवर्ग की उपेक्षा व लंबित समस्याओं पर गहन चर्चा हुई। एकजुटता से एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मांगों की पूर्ति के लिए संघर्ष कर विजय हासिल करने का संकल्प लिया।

द्विवार्षिक अधिवेशन के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कैलाश शर्मा ने अधिवेशन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एकजुटता ही संगठन की ताकत है। उन्होंने फार्मासिस्टों को पूर्ण विश्वास दिलाया कि उनकी समस्याओं के निदान के लिए वह पूरा साथ देंगे और उनके स्तर से मांगों की पूर्ति के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि वह उनकी मांगों को स्वास्थ्य मंत्री तथा मुख्यमंत्री तक प्रमुखता से पहुंचाएंगे। इससे पूर्व दीप प्रज्वलन कर अतिथियों ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन में एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष सुधा कुकरेती, प्रांतीय महामंत्री डा. सतीश पांडे समेत अन्य प्रांतीय, मंडलीय व जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने विचार रखते हुए फार्मासिस्ट संवर्ग की प्रमुख मांगों को प्रमुखता से उठाया।

प्रांतीय और मंडलीय पदाधिकारियों ने फार्मासिस्टों के पदों में वृद्धि करने पर जोर देते हुए संगठन के सदस्यों में जोश भी भरा। सम्मेलन में एमसी अधिकारी, केएस बिष्ट, जेपीएस मनराल, आनंद पाटनी, जीएस कोरंगा, गोकुल मेहता, गोपाल सिंह, आनंद प्रकाश खंतवाल, केएस अधिकारी, आरएस भोज, श्याम लाल, जितेंद्र देवड़ी, आनंद पाटनी, एनके आर्या, जीसी पुजारी, डीसी पाठक, गणेश बुधोड़ी, कुंदन जलाल, नेहा बिष्ट, मीना नेगी, कलावती रौथाण, बानो खातून, माया पांडे, सुमन चम्याल, आशा आर्या, प्रभा कबडवाल, राखी राणा, चंपा आर्या, पवन जोशी, सोनू पाठक, आनंद बल्लभ, एलडी गहतोड़ी आदि मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त शिक्षक कमलाकांत जोशी का निधन

**टनकपुर, अमृत विचार :** जनपद चम्पावत के तल्लादेश क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता और सेवानिवृत्त शिक्षक कमलाकांत जोशी का सोमवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे 74 वर्षीय जोशी की तबियत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल चम्पावत ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित किया।



निधन पर पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल, मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष हरीश चन्द्र भट्ट, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एडवोकेट शंकर दत्त पांडे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पूरन सिंह कठायत, एडवोकेट श्याम सिंह कार्की, जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सुधीर साह, पूर्व चेयरमैन विजय वर्मा, पूर्व सभासद कैलाश पांडे, विकास साह, पूर्व सभासद देवेन्द्र सिंह, कपिल पुठिया, संजीव कुमार आर्य, अनिल चौधरी पिंकी समेत तमाम संगठनों ने शोक जताया।

# सीडीओ ने कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया

**संवाददाता, बागेश्वर**

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने सोमवार को विकास भवन के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका के साथ अन्य व्यवस्थाएं भी देखी। उनके साथ विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहे।

सीडीओ आरसी तिवारी सोमवार को कार्यालय खुलते ही उदयान, समाज कल्याण, पंचायती राज आदि विभागों के कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी व अधिकारी समय से अपने कार्यालय व पटल में बैठे तथा जनता की समस्याओं को त्वरित गति से निपटाएं। कहा कि किसी भी फरियादी को किसी प्रकार की परेशानी न हो व अनावश्यक रूप से किसी का कार्य लंबित न हो। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाय। उन्होंने फाइलों का सही तरीके से रख रखाव करने व सफाई का ख्याल रखने को कहा। सीडीओ के औचक निरीक्षण से कई कार्यालयों में हड़कंप मच गया। उनके साथ वैयक्तिक सहायक संतोष जोशी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## बंदरों के आतंक से जुड़ी समस्याओं के लिए आठ केंद्र शुरू

**बागेश्वर।** कत्यूर घाटी में बंदर भगाओ खेती बचाओ जन अभियान के तहत बंदरों के आतंक से जुड़ी जन समस्याओं के दस्तावेजीकरण के लिए न्याय पंचायत और नगर पंचायत स्तरीय शिकायत पंजीकरण के आठ केंद्रों की शुरुआत हो गई है। जन अभियान की मुहिम को समाधान दिलाए जाने के लिए समिति के संरक्षक अधिवक्ता डीके जोशी व संयोजक हरीश जोशी ने इस तरह के केंद्रों की उपयोगिता के मद्देनजर कत्यूर घाटी क्षेत्र में न्याय पंचायतवार सात और नगर पंचायत क्षेत्र में एक केंद्र की यहां गरुड़ सिविल सोसाइटी कार्यालय से लॉन्चिंग की गई। नगर पंचायत गरुड़ के लिए हिमांशु खाती, न्याय पंचायत पिंगलों मदन मोहन गुसांई, मनोज भट्ट (तिलसारी), अशोक नयाल (बैजनाथ), कृष्णा पांडेय (भगरतोला), हेमा पंत (लौबाज), मंजू बोरा (गढ़सेर) और भूपाल सिंह को भिलकोट का संपर्क प्रभारी बनाया गया है।

## वर्ग पहेली-327

**बाएं से दाएं**

1. 1. एक मुगल शासक जो अकबर का पिता था 2. भाग्यशाली व्यक्ति।

5. श्रावक धर्मावलंबी, जैन धर्म पर विश्वास करने वाला, जैन मतानुयायी।

6. 1. 'घम-घम' शब्द होना 2. तेज़ आवाज़ करना, गरजना।

9. 1. तरल पदार्थ (जल आदि) को उलीचकर बाहर फेंकना 2. पंक

**ऊपर से नीचे**

2. 1. जिसकी आशा टूट गई हो, उदास, हताश, निराश, नाउम्मीद 2. खिन्न।

3. दरवाज़े के चौखट के नीचे की लकड़ी, देहरी।

4. 1. संसार 2. मर्त्यलोक 3. प्राणीजगत।

7. एक प्रकार का दलहन।

8. 1. कम मात्रा का, अल्प, न्यून, जो परिमाण में कम हो, अल्पलभ्य, कुछ, ज़रा-सा, किंचित 2. अपर्याप्त, आवश्यकता या ज़रुरत से कम या घटकर 3. केवल उतना जितने में कार्य हो जाए।




## वर्ग पहेली - 326 का हल




## सुडोकू -44

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 1 | | | | 2 | 7 |
| | 2 | | | 7 | | | | 5 |
| | 3 | | | | 8 | | 9 | |
| 8 | | | | 3 | | | 5 | |
| | | 4 | | | | 2 | | |
| | 1 | | | 9 | | | | 8 |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 2 | | | 4 | |
| | 5 | 6 | | | 4 | 7 | | |

## सुडोकू - 43 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 9 | 8 | 2 | 5 |
| 9 | 7 | 8 | 1 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 जनवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 08.54 तक तत्पश्चात पंचमी।

## आज का पंचांग




**मुहूर्त**-अभिजित-11.58-12.41 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.04-09.47, 23.01-23.53 तक। **दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।

ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-उत्तरा फाल्गुनी 22.06 तक तत्पश्चात हस्त।


मेष

आज आप प्रतिस्पर्धियों के सामने बचाव के मूड में रहेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए दिन काफी अच्छा है। आप कुछ प्रभावशाली लोगों के व्यक्तित्व और उनकी सफलता से काफी प्रेरित रहेंगे।


वृष

आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का व्यवहार आपको दुखी कर सकता है। पिता के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। संतान की उन्नति से आपको प्रसन्नता होगी। महत्वपूर्ण व्यापारिक संबंध बन सकते हैं। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।


मिथुन

आज अपनी जीवनशैली पर ध्यान अवश्य दें। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं जिसके कारण कार्यों में रुकावटें आ सकती है। निजी संबंधों में कुछ न्यूनता महसूस होगी। बीमारियों से छुटकारा मिलेगा।


कर्क

आज आप अपने कुशल वाक् चातुर्य से महत्वपूर्ण परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे। किसी उत्सव में सम्मिलित होने का निमंत्रण मिल सकता है। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। बॉस आपकी सैलरी बढ़ाने को लेकर चर्चा कर सकते हैं।


सिंह

आज जल्दबाजी में कोई बड़ा निवेश न करें। अधिकारी वर्ग आपके काम में कमी निकाल सकते हैं। अनुपयोगी गतिविधियों में अपना समय बर्बाद न करें। आपको स्वास्थ्य में काफी ध्यान देना चाहिए। आय के स्रोतों में कमी आ सकती है।


कन्या

आज आर्थिक उलझनों का निवारण होगा। फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों का भाग्य खुल सकता है। अचानक बड़े प्रोजेक्ट्स मिल सकते हैं। आपकी इच्छाओं के पूरा होने के योग बन रहे हैं। मित्र आपकी सहायता करने का प्रयास करेंगे।


तुला

आज किसी महत्वपूर्ण काम में हाथ न डालें। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावुक हो सकते हैं। मन में अप्राकृतिक और अव्यावहारिक विचारों का जमावड़ा लगा रहेगा। दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक रहेगी। पिता से झगड़ा हो सकता है।


वृश्चिक

आज अपने परिजन व दोस्तों के साथ समय बिताएं। विद्यार्थियों को किसी उपलब्धि के लिए सम्मान मिल सकता है। मार्केटिंग से जुड़े कारोबार में उत्तम प्रगति होगी। प्रेम संबंध को वैवाहिक स्वरूप भी दे सकते हैं। आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे।


धनु

आज आपके व्यवहार एवं सिद्धांतों से कई लोग प्रभावित रहने वाले हैं। छोटे बच्चों की पढ़ाई को लेकर माता-पिता चिंतित हो सकते हैं। यात्रा काफी शुभ एवं मंगलमय रहने वाली है। रेस्टोरेन्ट एवं होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी।


मकर

आज दिन की शुरुआत बहुत अच्छी रहेगी। दोपहर के बाद काम तेजी से गति पकड़ेंगे। सेहत में आ रही परेशानियों से राहत मिलेगी। आपको अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन लेना चाहिए। उच्च शिक्षा में बड़ा शानदार प्रदर्शन करेंगे।


कुंभ

आज किसी से व्यर्थ में न उलझे। दूसरों के काम में टोका-टाकी करना उचित नहीं है। अपना चरित्र अच्छा रखें। विवाह सुख में कुछ न्यूनता रहेगी। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं। व्यस्तता के बावजूद अपने काम पर ध्यान दें।


मीन

आज दोस्तों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बिताएंगे। धर्म-कर्म में दिखावा न करें। करियर में आपको बड़े मौके मिल सकते हैं। व्यवसाय में बड़ा लाभ व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दांपत्य सुख का भरपूर आनंद लेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
दरार
सुबह : 10.00
खुद्दार
रात : 07.00

SONY PIX
जॉम्बीलैंड
सुबह : 09.52
सुपरमैन रिटर्न्स
रात : 09.00

SONY MAX
सूरमा
दोपहर : 12.00
कुत्ते
रात : 10.00

ZEE CINEMA
वन टू थ्री
सुबह : 10.30
सोचा न था
रात : 07.30

colors CINEPLEX
ऐलान
सुबह : 09.28
...और प्यार हो गया
रात : 07.00

## आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-10.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक औरत अपनी पड़ोसन से लड़ रही थी
पहली औरत- मेरे पास पैसा है, बंगला है गाड़ी है तेरे पास क्या है?
दूसरी औरत- मेरे पास 20 साल पहले सिलवाया हुआ शादी का ड्रेस है, जो मुझे आज भी फिट आता है।
फिर क्या! कॉलोनी में सन्नाटा छा गया...

पप्पू- यार मेरे एक कमीने दोस्त ने मेरी गर्लफ्रेंड का पर्सनल नंबर मेरे फोन से निकाल लिया।
दोस्त- फिर क्या हुआ भाई?
पप्पू : होना क्या था, साला सुबह से अपनी ही पत्नी को रोमांटिक मैसेज भेज रहा है।

# पेयजल एवं सीवरेज कार्य एजेंसी से कराने पर नारेबाजी

## जल निगम कार्यालय के बाहर कर्मचारियों का प्रदर्शन, यूयूएसडीए को निर्माण कार्य दिए जाने का कड़ा विरोध, उग्र आंदोलन की चेतावनी



अल्मोड़ा में जल निगम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे कर्मचारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** शहरी विकास के अंतर्गत संचालित पेजल एवं सीवरेज कार्यों को उत्तराखंड अर्बन सेक्टर एजेंसी से कराए जाने पर जल निगम के कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।

सोमवार को जल निगम के कर्मचारियों ने इस फैसले के विरोध में निगम कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की और धरना दिया। कर्मचारियों ने कहा कि अगर इस फैसले को शीघ्र नहीं बदला गया तो वह उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे। जल निगम कार्यालय परिसर में धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि शहरी विभाग अंतर्गत संचालित यूएसडीए की तरफ से मूल अभियांत्रिकी विभाग के कार्यक्षेत्रों में अतिक्रमण किया जा रहा है, जिसके विरोध में कर्मचारी आंदोलनरत हैं, लेकिन इसके बाद भी कर्मचारियों की मांग को दरकिनार किया जा रहा है। इसके अलावा जल संस्थान जल निगम का एकीकरण कर राजकीयकरण की मांग पर भी जब तक सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। इससे कर्मचारियों में लगातार आक्रोश बढ़ रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि वह अपनी उपेक्षा किसी कीमत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। अगर सरकार ने अपने इस फैसले पर तत्काल कोई निर्णय नहीं लिया तो कर्मचारी उग्र आंदोलन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

प्रदर्शन व धरना सभा में अरुण कुमार, नरेंद्र बिष्ट, राहुल बिष्ट, जया चौबे, अरुण कठैत, लता दुर्गापाल, दीपक तिवारी, मनीता देवी, कुंदन अधिकारी, राजेंद्र बिष्ट, रणजीत बिष्ट, संगीता, राजू बिष्ट, दिनेश तिवारी, गंगा देवी, दिनेश भट्ट, पंकज आर्या, शुभम बेलवाल, अरुण नेगी, पंकज शर्मा समेत अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

# भू-माफिया पर कार्रवाई की मांग को लेकर उपपा का प्रदर्शन

▸▸ रसूखदार लोगों पर सरकार की ओर से जानबूझकर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने प्रदेश में सशक्त भू-कानून लागू किए जाने और भू-माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

अल्मोड़ा में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड में प्राकृतिक संसाधनों, जमीनों पर गैरकानूनी रूप से कब्जा करने वालों में भ्रष्ट बेईमान नेताओं की बड़ी भूमिका है। उत्तराखंड की जनता एवं आंदोलनकारियों को ऐसे लोगों के खिलाफ हल्ला बोल आंदोलन भी शुरू करना चाहिए। उपपा अध्यक्ष ने कहा कि उपपा अपनी स्थापना से ही इसके खिलाफ मुखर है। पार्टी की पहल पर गृह मंत्रालय में रहे दिल्ली के अधिकारी एबी प्रेमनाथ की पत्नी की मैणी हवालबाग में खरीदी गई 100 नाली जमीन काफी पहले और हाल में चितई अल्मोड़ा में 108 नाली जमीन सरकार के पक्ष में जब्त हुई है।

साथ ही अल्मोड़ा के पास राजनीतिक दलों से जुड़े स्थानीय दलालों द्वारा फलसीमा गांव में एक ही व्यक्ति द्वारा 35 रजिस्ट्रियों में कब्जा करने की कोशिशों के खिलाफ ग्रामीण एकजुट हैं और उनके द्वारा ही की गई फर्जी रजिस्ट्री के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज की गई है, जिसमें कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। उपपा ने आरोप लगाया है कि लूट में सत्ताधारियों, पुलिस, पटवारियों, रजिस्टार कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार की बड़ी भूमिका है, जिसको लेकर जल्द ही कुछ बड़े खुलासे होंगे। उपपा अध्यक्ष ने कहा कि जो सरकारें गरीबों के घरों पर निर्दयता से बुलडोजर चलाती हैं। वहीं सरकार नॉनीसार अल्मोड़ा तथा डांडा कांडा की सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वाले अपराधियों को खुले आम संरक्षण दे रही है। सरकार न्याय की मांग कर रहे लोगों पर झूठे मुकदमे लगाए जा रहे हैं, जिसके खिलाफ सभी लोगों को राजनीतिक रूप से भी सजग होने की जरूरत है।

बैठक में उपपा के केंद्रीय महासचिव दीवान खनी, अमीन्नुर रहमान, एड. नारायण राम, केंद्रीय कोषाध्यक्ष विनोद जोशी, राजू गिरी, बिशन दत्त सनवाल, महेश जोशी, भूपाल धपोला, उछास के दीपांशु पांडे, राकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# सल्ट को पानी किल्लत से नहीं मिल रही निजात

▸▸ दो पेयजल योजनाओं में से एक में भी नहीं टपक रहा पानी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के सल्ट विकास खंड के ग्रामीणों को बीते एक पखवाड़े से पेयजल समस्या से निजात नहीं मिल रही है। पेयजल योजनाओं से पानी की आपूर्ति ना होने के कारण विकास खंड के सैंकड़ों ग्रामीण कड़ाके की ठंड में इधर उधर से पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। लेकिन विभाग उन्हें इस समस्या से निजात दिलाने में नाकाम साबित हो रहा है।

विकास खंड के दर्जनों गांवों को सालों से गुलार पेयजल योजना से पानी की आपूर्ति की जाती है। लेकिन इस स्रोत के सूख जाने के बाद से यहां पानी की दिक्कत लगातार विकराल होती जा रही थी। ग्रामीणों की इस समस्या को देखते हुए कुछ सालों पहले करीब तीस करोड़ रुपये की लागत से कोटेश्वर-शशीखाल पेयजल योजना का निर्माण किया गया। क्षेत्र के लोगों को उम्मीद थी कि इस योजना के बन जाने से उनकी पेयजल समस्या दूर हो जाएगी। लेकिन योजना के निर्माण के बाद भी इस योजना से ग्रामीणों को पेयजल मुहैया नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की मनमानी के कारण यह योजना महज सफेद हाथी साबित हो रही है। गुलार योजना में पानी कम होने के बाद भी नई योजना का उन्हें कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। नई योजना से महीने में दो चार बार पानी की आपूर्ति बमुश्किल हो पाती है। लेकिन उनकी समस्या ना जनप्रतिनिधि समझते हैं और ना ही विभाग के अधिकारी। ग्रामीणों ने कहा है कि कई बार की शिकायत के बाद भी विभाग ग्रामीणों को पेयजन उपलब्ध नहीं करा पा रहा है।

जिस कारण अब लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता नारायण सिंह रावत ने कहा है कि अगर विभाग के अधिकारियों का कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीण सड़कों पर उतरने से भी पीछे नहीं हटेंगे। रावत ने विभाग को सात दिनों के अंदर पेयजल आपूर्ति सुचारू करने का अल्टीमेटम दिया है।

## कार्मिकों को मिली विभागीय प्रोन्नति

**अल्मोड़ा :** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा में कार्मिकों की विभागीय प्रोन्नति समिति द्वारा प्रोन्नति की गई है, जिसमें लियाकत अली खान, भुवन राम आर्या और हेम चंद्र पांडे को वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पद पर प्रोन्नति मिली है।

जगमोहन जोशी, गीता रावत, देवेंद्र सिंह धामी, प्रकाश चंद्र सती, शैलेंद्र कुमार पांडे को प्रशासनिक अधिकारी से वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पद पर प्रोन्नति मिली है। वहीं कैलाश चंद्र, युगल चंद्र पांडे, मनीष कुमार तिवारी, सागर रौतेला को प्रधान सहायक से प्रशासनिक अधिकारी पद पर प्रोन्नति मिली, जबकि शुभम कांडपाल को कनिष्ठ सहायक से वरिष्ठ सहायक पद पर प्रोन्नति मिली है। इन अधिकारियों ने प्रोन्नति मिलने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट, कुलसचिव, डा. भाष्कर चौधरी आदि के साथ विश्वविद्यालय के कार्मिकों का आभार जताया है।

# सोराग के ग्रामीणों ने किया जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** अपनी समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर सोराग के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ कर दिया है।

इस दौरान जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सभा में वक्ताओं ने कहा कि यदि उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। कपकोट विकास खंड के सोराग के ग्रामीण सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे तथा सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व में विधायक समेत ब्लॉक प्रमुख ने ग्रामीणों के आंदोलन के दौरान उन्हें आश्वासन दिया था कि 25 दिसंबर तक पिंडर नदी में पुल का निर्माण कराने के लिए सामग्री पहुंचा दी जाएगी व पुल का निर्माण किया जाएगा परंतु अब तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। साथ ही वैपकोश के अधिकारियों ने आश्वस्त किया था कि इस कार्य को प्राथमिकता के साथ कराया जाएगा व पुलिस के दोनों अपार्टमेंट व अन्य सिविल वर्क का कार्य पूरा किया जाएगा, परंतु आज तक न तो पुल का सामान पहुंचा है और न ही अपार्टमेंट का कार्य पूरा किया गया। मात्र तीन मजदूर निर्माण स्थल पर मौजूद हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अब भी मांग न मानी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान ग्राम प्रधान गीता देवी, दीवान सिंह, मंगल सिंह, प्रकाश चंद्र, हरीश चंद्र, नैन सिंह आदि ग्रामीण उपस्थित थे।



जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना देते सोराग के ग्रामीण। ● अमृत विचार

## रेडियोलॉजिस्ट न होने से नहीं हो रहे अल्ट्रासाउंड

**अल्मोड़ा :** जिला मुख्यालय पर स्थित जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के अवकाश पर जाने से यहां अल्ट्रासाउंड की सेवा ठप हो गई है।

अस्पताल में अल्ट्रासाउंड नहीं होने से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में प्रतिदिन दर्जनों रोगी अल्ट्रासाउंड के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन जांच की व्यवस्था ना होने के कारण उन्हें बैरंग लौटना पड़ रहा है। जिस कारण मरीज काफी परेशान नजर आ रहे हैं। मजबूरी में उन्हें जांच के लिए निजी अस्पतालों की दौड़ लगानी पढ़ रही है। अस्पताल पहुंच रहे रोगियों का कहना है कि वह दूरदराज से अल्ट्रासाउंड के लिए अस्पताल आते हैं, लेकिन तकनीशियन ना होने के कारण उन्हें निराश होना पड़ता है और महंगे दामों में बाहर से अल्ट्रासाउंड कराना पड़ता है। रोगियों ने अस्पताल प्रबंधन की इस अव्यवस्था पर आक्रोश व्यक्त किया है।

# नौकरी के लिए धरने पर गुरिल्ले

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार :** एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्लाओं ने नौकरी, पेंशन और आश्रित हित लाभ की मांग तेज कर दी है। सोमवार को उन्होंने लोहाघाट गांधी चौक में धरना दिया। इस दौरान संगठन के सदस्य धीरज पुनेठा ने गांधी की मूर्ति के सामने अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी।

कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं उनका अनशन जारी रहेगा। धरना स्थल पर आयोजित सभा में संगठन के जिलाध्यक्ष ललित बगौली ने कहा कि बीते 17 सालों में तीन बार सत्यापन की कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार ने मिलकर गुरिल्लों की मांगों को पूरा नहीं किया। कहा कि वह लंबे समय से नौकरी, पेंशन सहित आश्रित हित लाभ की मांग कर रहे हैं। पूर्व में मुख्यमंत्री और सचिव से वार्ता के बाद भी सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार एलआईयू आदि के माध्यम सत्यापन के नाम पर उनको गुमराह कर रही है। एक बार फिर सत्यापन के लिए गुरिल्लों से आधार कार्ड और फोटो मांगी जा जा रही है। बार-बार सत्यापन होने से गुरिल्ले भी परेशान हो गए हैं। जिलाध्यक्ष बगौली ने कहा कि सरकार की नियत उनकी मांग पूरी करने की नहीं है, जिससे उनमें आक्रोश है। संगठन के सदस्य धीरज ने कहा कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती है तब वह अनशन पर बैठे रहेंगे। इस मौके पर भगवत प्रसाद पांडेय, किशोर चंद्र, कुलदीप ओली, पदमा देवी, जानकी देवी, सरस्वती देवी, नवीन ओली, हरिराज सिंह, मुकेश कुमार, जगत सिंह, गोपाल सिंह, जीवन चन्द्र जोशी, भूपाल सिंह, ललित मोहन सिंह, बलवंत सिंह, जोगा सिंह, पुष्कर सिंह, चन्द्रशेखर जोशी, बसंत सिंह, धरी राम आदि मौजूद रहे।



लोहाघाट में धरने पर बैठे गुरिल्ले। ● अमृत विचार

# आंदोलन को धार देगी महिला विंग

▸▸ सरकार पर कार्मिकों की कमाई को शेयर बाजार के माध्यम से निजी हाथों को सौंपने का आरोप लगाया

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर निरंतर चल रहे आंदोलन को धार देने के लिए संगठन के महिला विंग का गठन कर लिया गया है।

पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन की जिला कार्यकारिणी की राजकीय इंटर कॉलेज प्रांगण में हुई बैठक में सर्वसम्मति से कीर्ति चटर्जी को महिला विंग का जिलाध्यक्ष एवं शांति जुयाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। साथ ही दीपक पांडे को जिला आईटी सेल प्रभारी, दीपक बिष्ट को सह प्रभारी नियुक्त किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कार्मिकों की मेहनत की कमाई को सरकार शेयर बाजार के माध्यम से निजी हाथों को सौंप रही है, जिससे उनका भविष्य संकट में है।

उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों का कर्ज माफ करते समय सरकारों को अर्थव्यवस्था की चिंता नहीं होती, लेकिन कार्मिकों को पुरानी पेंशन देने पर सरकार अर्थव्यवस्था बिगड़ जाने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लेती है। उन्होंने कहा कि कार्मिक अब अपनी मांगों को लेकर जागरूक हो गए हैं और अब पुरानी पेंशन लेकर ही दम लेंगे।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गणेश भंडारी ने तथा संचालन जिला मंत्री भूपाल सिंह चिलवाल ने किया। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

बैठक में प्रांतीय कोर कमेटी से धीरेंद्र पाठक, जिला संयोजक मनोज जोशी, जिला महिला उपाध्यक्ष मीनाक्षी जोशी, नितेश कांडपाल, राजू महरा, हिमांशु तिवारी, हरिवंश बिष्ट, मोहन जोशी, कैलाश जोशी, दीपक सिंह, मनोज जोशी, संजय जोशी, दीपशिखा मेलकानी, अजरा परवीन, मीना गिरी, ज्योती राणा, किरन पाटनी, सुनीता जोशी, हेमा पांडे, कल्पना जोशी, मनीषा भट्ट, निर्मला रावत, नमिता जोशी, पवन मुस्यूनी, महताब अंसारी, गिरिजा भूषण जोशी, गोपाल सिंह, सुमन पांडे, कृष्णा पांडे, तपन कुमार तिवारी, हेमा चम्याल आदि मौजूद रहे।

## संयुक्त मोर्चा का धरना सोमवार को भी जारी

**बागेश्वर।** उत्तराखंड पेयजल निगम और उत्तराखंड जलसंस्थान का एकीकरण, राजकीयकरण की मांग जारी है। कर्मचारियों ने सोमवार को भी दो घंटे का धरना दिया। मांग पूरी नहीं होने पर अनिश्चिताकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है।

जल निगम, जलसंस्थान संयुक्त मोर्चा ने जल निगम कार्यालय पर धरना दिया। अधिकारी, कर्मचारी संयुक्त समन्वयक मोर्चा के अध्यक्ष कैलाश सिंह राणा ने कहा कि पेयजल निगम और जलसंस्थान का एकीकरण नहीं हो सका है। इस दौरान विपिन कुमार, बिशन सिंह रौतेला, जय शंकर सिंह, चंदन दानू, नरेंद्र धामी, मनेज, चंद्रप्रकाश, दरपान सिंह मेहरा, जगदीश पांडेय आदि उपस्थित थे।

# चोरी के 14 लाख के मोबाइल बरामद

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा पुलिस ने जनपद के अलग अलग स्थानों से खोए व चोरी किए किए गए करीब 57 महंगे मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। पकड़े गए इन मोबाइल फोनों की कीमत करीब 14 लाख रुपये आंकी है। सोमवार को एसएसपी देवेंद्र पींचा ने सभी स्वामियों को यह फोन उनके सुपुर्द किए।

जनपद में लगातार मोबाइल फोन खोने की शिकायतों के मद्देनजर एसएसपी देवेंद्र पींचा ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को मोबाइल खोने संबंधी प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने व साईबर सेल प्रभारी को थानों से प्राप्त मोबाइल गुमशुदगी के मामलों में तत्काल सर्विलांस के माध्यम से बरामद करने के निर्देश दिए थे। एसएसपी ने कहा था कि आज की दैनिक दिनचर्या में मोबाइल आदमी के जीवन का अभिन्न हिस्सा है। मोबाईल में आदमी की आवश्यकता का लगभग सभी महत्वपूर्ण डाटा संरक्षित रहता है। ऐसे में यदि मोबाइल गुम अथवा चोरी हो जाता है तो इंसान को आर्थिक नुकसान के साथ अपनी व्यक्तिगत जानकारी का दुरुपयोग होने की चिंता भी रहती है। एसएसपी के निर्देश पर जनपद के साईबर सेल टीम द्वारा सर्विलांस के माध्यम से लगातार प्रयासरत रहकर अथक प्रयासों से विभिन्न थाना क्षेत्रों से आमजन के खोए अलग अलग कंपनियों के कुल 57 मोबाइल फोन बरामद किए। जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 14 लाख रुपये है । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त बरामद मोबाइलों को सोमवार को पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा में उनके स्वामियों को सुपुर्द किया। खोए मोबाइल वापस पाकर सभी मोबाइल स्वामियों के चेहरे में खुशी झलक थी। उन्होंने कहा कि मोबाइल खोने पर वापस मिलने की उम्मीद खो चुके थे। सभी ने एसएसपी अल्मोड़ा और पुलिस के साईबर सेल टीम का आभार व्यक्त किया है। साईबर सेल की टीम में प्रभारी एसओजी सुनील धानिक, चंद्र मोहन पांडे, मुदित वर्मा, फिरोज खान, बलवंत प्रसाद और इंद्र कुमार शामिल रहे।



खोए मोबाइल उनके स्वामियों को वितरित करते एसएसपी देवेंद्र पींचा। ● अमृत विचार

**निर्देश** जिला कार्यालय में की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को एक भी प्रकरण अधिक समय तक लंबित न रखने का निर्देश

# वन भूमि हस्तांतरण के मामले शीघ्र निपटाएं : डीएम

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी नवनीत पाण्डेय ने जिला कार्यालय सभागार में विभिन्न विभागों के अंतर्गत स्वीकृत विकास कार्य जिनमें वन भूमि हस्तांतरण की स्वीकृति लंबित हैं, उनकी समीक्षा कर सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला स्तर पर एक भी प्रकरण अधिक समय तक लंबित न रखा जाय।

डीएम ने कहा कि भारत सरकार स्तर से कई प्रस्तावों पर आपत्ति लगाकर उन्हें लौटा दिया जाता है, जो जनपद स्तर पर काफी समय तक लंबित रह जाती है, जिससे उस योजना का निर्माण कार्य समय पर नहीं हो पाता है और उसका लाभ संबंधित जनता को भी नहीं मिल पाता है।

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन भूमि हस्तांतरण के जिन प्रस्तावों को शासन, नोडल एवं भारत सरकार को भेजे जाय, संबंधित विभाग व वन विभाग आपसी समन्वय से इनका जिला स्तर पर ही भली भांति परीक्षण कर लें तभी आगे भेजें। डीएम ने कहा कि जिन प्रस्तावों में आपत्तियां प्राप्त होती हैं। संबंधित विभाग की जिम्मेदारी होगी कि वह तत्काल या एक माह के भीतर उन आपत्तियों का निस्तारण करें।

विभिन्न सड़क मार्गों के लंबित वन भूमि हस्तांतरण प्रकरणों की समीक्षा कर उन्होंने लोनिवि व पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र के विकास के लिए सड़कों का होना अति आवश्यकीय होता है, इसके लिए अधिकारी इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करें।

डीएम ने सभी विभागों को वन भूमि हस्तांतरण के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत कुल 47 योजनाओं के वन भूमि के प्रस्ताव विभिन्न स्तरों पर वर्तमान में लंबित हैं।

इन लंबित प्रकरणों की भारत सरकार, नोडल एवं शासन स्तर से यदि वन भूमि के प्रकरणों में आपत्तियां प्राप्त होती हैं तो उनका तत्काल निराकरण किया जाय। उन्होंने कहा कि वन भूमि के कोई भी प्रकरण जनपद स्तर पर लंबित न रहे इसके लिए संबंधित विभाग और वन विभाग आपसी समन्वय के साथ प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र भेजें। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आरसी कांडपाल, एसडीओ नेहा चौधरी, लोनिवि, सिंचाई विभाग आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




चम्पावत में बैठक लेते जिलाधिकारी नवनीत पांडेय। ● अमृत विचार

# फर्जी यूनियन बनाने का लगाया आरोप

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिला मुख्यालय के धारानौला में टैक्सी यूनियन के गठन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले में टैक्सी स्वामिओं और चालकों ने सोमवार को एसएसपी देवेंद्र पींचा से मुलाकात की। टैक्सी स्वामियों ने आरोप लगाया कि कुछ लोग फर्जी टैक्सी यूनियन का गठन कर वसूली कर रहे हैं, जिससे उनकी छवि भी खराब हो रही है।

एसएसपी से मिले शिष्टमंडल ने उन्हें बताया कि सितंबर 2023 में उपजे विवाद के बाद पुलिस प्रशासन की ओर से रजिस्ट्रेशन और चुनाव कराने में रोक लगाई गई थी। पुलिस प्रशासन के आदेश के बाद टैक्सी यूनियन ने प्रक्रिया रोक दी थी, लेकिन कुछ लोगों ने अवैध तरीके से रजिस्ट्रेशन कराकर यूनियन का गठन कर लिया। अब यूनियन चालकों से अवैध वसूली कर रहा है। इससे टैक्सी चालक व मालिक परेशान हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर अवैध वसूली रोकने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर चालकों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है। इधर एसएसपी देवेंद्र पींचा ने चालकों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। शिष्टमंडल में बची सिंह बिष्ट, जगदीश सिंह, दीप चंद्र पांडे, रोशन गिरी, नेत्र सिंह, मनोज बगडवाल, पुष्कर सिंह, यशपाल सिंह, रमेश चंद्र पांडे, हरीश सिंह बोरा, सुंदर सिंह बिष्ट, पंकज बिष्ट, प्रमोद गुणवंत आदि शामिल रहे।



एसएसपी से मुलाकात करते अल्मोड़ा के टैक्सी मालिक और चालक। ● अमृत विचार

## एक नजर

### पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक आज

**देहरादून।** पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक मंगलवार को आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज करेंगे। यह बैठक सुबह 11 : 00 बजे से पंचायती राज निदेशालय, डांडालखौड़, सहस्त्रधारा रोड देहरादून में होगी। यह जानकारी कैबिनेट मंत्री के मीडिया सलाहकार निशीथ सकलानी ने दी।

### लोहाघाट में आज लगेगा बहुउद्देशीय शिविर

**टनकपुर।** आज मंगलबार को जनपद चम्पावत के तहसील लोहाघाट के अंतर्गत ग्राम फोर्ती के रामलीला मैदान में बहुउद्देशीय विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विभागों समाज कल्याण, कृषि, पशुपालन, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, चिकित्सा, पूर्ति विभाग सहित आधार कार्ड संशोधन, राजस्व अभिलेख विभाग संबंधी स्टॉल इत्यादि लगाए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए अपर जिला अधिकारी हेमंत कुमार वर्मा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तहसील लोहाघाट अंतर्गत ग्राम फोर्ति के रामलीला मैदान में पूर्वाहन 11 बजे उपस्थित होकर स्टॉल के माध्यम से लोगों को जागरुक एवं लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं।

# मेरी प्रकृति है कि मैं हर चुनौती को देता हूं चुनौती

## प्रधानमंत्री ने दिल्ली के भारत मंडपम से 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के तहत देशभर के छात्र-छात्राओं से संवाद किया

- जीजीआईसी कौलागढ़ में विद्यार्थियों के बीच मौजूद रहे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत देश के छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया। इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह जीजीआईसी कौलागढ़ में विद्यार्थियों के बीच उपस्थित रहे और प्रधानमंत्री को सुना। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री की ओर से लिखी गई पुस्तक 'एग्जाम वॉरियर्स' का भी वितरण किया।

परीक्षा पे चर्चा के दौरान उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर जनपद की कक्षा 7 की छात्रा स्नेहा त्यागी ने प्रधानमंत्री से पूछा कि हम आपकी तरह सकारात्मक कैसे हो सकते हैं? प्रधानमंत्री ने स्नेहा की जिज्ञाशा का समाधान कर कहा कि- उनकी प्रकृति है कि वे हर चुनौती को चुनौती देते हैं। उसके कारण उन्हें नया सीखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि उनके भीतर आत्मविश्वास है कि देश के 140 करोड़ देशवासी उनके साथ हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा के दौरान तैयारी में जुटे विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री का प्रेरणादायी, सारगर्भित और व्यावहारिकता से परिपूर्ण उद्बोधन सुनने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि हमारा सम्पूर्ण जीवन एक परीक्षा है और इस परीक्षा में हार और जीत उतनी महत्वपूर्ण नहीं है, जितना कि हमारी सकारात्मक सोच, क्योंकि एक सकारात्मक सोच वाला व्यक्ति जीवन की किसी भी परीक्षा में असफल नहीं हो सकता।

मन की बात हो या परीक्षा पे चर्चा इन दोनों कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री ने लोगों को प्रेरित करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा से पूर्व बच्चों को जिस प्रकार उनके माता-पिता और परिजनों द्वारा मानसिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जाता है, उसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से देश के विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हैं।



विद्यार्थियों के सवालों का उत्तर देते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

### परीक्षा के समय बच्चों पर अनावश्क दबाव न डालें अभिभावक : धामी

मुख्यमंत्री ने परीक्षा में भाग ले रहे छात्र-छात्राओं के अभिभावकों से अपील की कि परीक्षा के समय बच्चों पर अनावश्क दबाव न डालें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में कार्य करने के लिए जो भी क्षेत्र चुनें, उसमें लीडर की भूमिका में कार्य करें। जीवन में जो भी लक्ष्य निर्धारित करना है, उसको प्राप्त करने के लिए पूरी तनमयता से जुट जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी बच्चे की प्रतिभा का आंकलन किसी एक परीक्षा में सफल या असफल होने पर नहीं किया जा सकता, क्योंकि प्रतिभा तथा बौद्धिक क्षमता किसी भी परीक्षा से ऊपर है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि महान लोगों की जीवनी जरूर पढ़ें। इससे जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलती है। समाज में बड़े कार्य करने वाले अधिकांश लोग सामान्य परिस्थतियों से आगे बढ़े हैं। जब मेहनत के साथ सकारात्मक सोच का मिश्रण हो जाता है तो व्यक्ति को सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक सविता कपूर, उत्तराखंड राज्य सलाहकार श्रम संविदा बोर्ड के अध्यक्ष कैलाश पंत, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं राज्य के विभिन्न स्कूलों से छात्र-छात्राएं, अभिभावक और शिक्षक जुड़े रहे।

### बाहरी दबाव व नकारात्मकता से निपटने की सलाह

**बनबसा।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 एनएनपीसी बनबसा में परीक्षा पर चर्चा 2024 के 7वें संस्करण का सीधा प्रसारण छात्र-छात्राओं को दिखाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली भारत मंडयम से छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ सीधा संवाद किया। प्रधानमंती ने बच्चों को परीक्षा से तनावमुक्त रहने के मंत्र दिये। लगभग 320 छात्र एवं 25 शिक्षक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। संचालन आनन्द मिश्रा एवं पंकज बिष्ट की देखरेख में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्राचार्य राजेश कुमार वत्स ने बच्चों को प्रधानमंती नरेन्द्र मोदी द्वारा दिये मंत्र को अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर मोहम्मद मुद्धासिर, बीके की पुस्कर, डा.केके पाण्डे, एसएल सैनी आदि शिक्षक उपस्थित रहे। इसके अलावा राजकीय महाविद्यालय बनबसा में भी प्राचार्य आभा शर्मा के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में दिए सुझावों तनाव मुक्त रहने की मंत्र दिए। प्रधानमंत्री ने छात्र-छात्राओं को मनोस्थिति पर पढ़ रही बाहरी दबाव एवं नकारात्मकता से निपटने की सलाह दी। इस मौके पर महाविद्यालय के तमाम प्राध्यापक और छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

# खटीमा की छात्रा स्नेहा ने प्रधानमंत्री से पूछे प्रश्न

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को परीक्षा से पूर्व तनाव से मुक्त रखना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें देशभर के बच्चों ने प्रधानमंत्री से प्रश्न पूछे जिनका पीएम मोदी ने जवाब दिए। इसी कार्यक्रम में डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म की छात्रा स्नेहा त्यागी ने प्रश्न पूछे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 7वीं बार आयोजित 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम दिल्ली के प्रगति मैदान भारत मंडपम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा स्नेहा त्यागी ने अपना प्रश्न रखते हुए कहा कि- हम भी आपकी तरह सदैव सकारात्मक कैसे रह सकते हैं? इस अवसर पर प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चन्द्र भट्ट, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, मनीष चंद, विक्टर आईवन, गायत्री भट्ट, शांति देवी, हरीश भट्ट, सुरेश ओली, विक्रम नाथ, सुरेंद्र रावत, मनीष ठाकुर, ऊषा चौसाली, शिल्पा सक्सेना, हेमलता बोरा, नीतू चंद, बबीता गहतोड़ी, मनोज शर्मा, रमेश जोशी, पूरन पांडेय, विजय कुमार आदि रहे।



छात्रा स्नेहा त्यागी। ● अमृत विचार

### ऑनलाइन जुड़े लोहाघाट महाविद्यालय के छात्र

**लोहाघाट।** स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थी, अभिभावक एवं प्राध्यापक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम से आनलाइन जुड़े। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार परियोजनाओं का अवलोकन किया एवं छात्रों के प्रश्नों के उत्तर दिए। मोदी ने कहा कि प्राध्यापकों, अभिभावकों एवं छात्रों के बीच मित्रतापूर्ण व्यवहार होना चाहिए, जिससे कि छात्र अपनी समस्याओं को खुलकर शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच रख सकें। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. संगीता गुप्ता, डा. अर्चना त्रिपाठी, डा. ममता गंगवार, डा. वीरेंद्र सिंह, डा. भगत लोहिया एवं महाविद्यालय मीडिया प्रभारी डा. प्रकाश लखेड़ा द्वारा आयोजन में सहयोग किया गया।

# सेवा दिवस के रूप में मनाया जन्मदिन

ब्यूरो, मसूरी

**अमृत विचार :** प्रदेश के कबीना मंत्री गणेश जोशी के जन्म दिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा, जिसके तहत मसूरी टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गये।

कंबल वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि देहरादून महानगर भाजपा अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के एकमात्र विधायक व मंत्री गणेश जोशी हैं, जिनके जन्म दिवस को सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा। क्षेत्र के जरूरतमंद जनता के हितों को ध्यान रखकर उनकी जरूरतों को पूरा करते हैं। कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश रावत ने कहा कि कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी हमेशा अपनी क्षेत्र की जनता की सेवा करते रहते हैं। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष मोहन पेटवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता कुमाई, महानगर महामंत्री सुरेंद्र राणा, उपाध्यक्ष अरविंद सेमवाल, मयंक जोशी, सतीश ढौडियाल, सपना शर्मा, सुनीता डबराल, जशोदा शर्मा, मीरा सुरियाल, कमला थपलियाल, अनीता धनाई, अभिलाश, सपना शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



मंत्री गणेश जोशी के जन्म दिवस पर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए।

### मंत्री से मिला पतंजलि का प्रतिनिधिमंडल

**देहरादून।** सूबे के कृषि मंत्री गणेश जोशी से सोमवार को कैंप कार्यालय में पतंजलि के डीजीएम डॉ.ऋषि कुमार के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की।

पतंजलि प्रतिनिधि मंडल की ओर से कृषि मंत्री गणेश जोशी को अवगत कराया गया कि पतंजलि एवं प्रकृति आर्गनिक इडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कृषि एवं उद्यान के क्षेत्र में अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर डीजीएम पतंजलि ऋषि कुमार, प्रवेश पटेल, सुमित अग्रवाल, आरआर वर्मा कृषि निदेशक केसी पाठक आदि उपस्थित रहे।

### चौक-चौराहों से हटाया अतिक्रमण, अर्थदंड भी लगाया

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशानुसार सोमवार को घंटाघर-आराघर चौक-मियावाला-कुंआवाला, घंटाघर से प्रिन्स चौक, कांवली रोड-सीमाद्वार आदि स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम ने 46 चालान कर 34050 रुपये के अर्थदंड की कार्रवाई की।

# रेडीमेड कपड़ों की दुकान में लगी आग

**हल्द्वानी :** मीरा मार्ग स्थित एक रेडीमेड कपड़ों की दुकान में सोमवार की रात अचानक आग लग गई। हादसे में हजारों रुपये का माल जलकर राख हो गया।

मंगल पड़ाव चौकी के एसआई गणेश कुमार ने बताया की बड़ी मंडी निवासी पंकज मलिक की मीरा मार्ग पर रघुनाथ इंटरप्राइजेज के नाम से रेडीमेड कपड़ों की दुकान है। सोमवार की रात वह दुकान बंद करने की तैयारी कर रहे थे। दुकान के बाहर रखा सामान अंदर ले जाते समय दुकान के कर्मचारियों को गोदाम से धुआं उठता दिखा।

वहां रखी एक कपड़ों की रेक में आग लग चुकी थी। आग को बढ़ता देख आसपास के दुकानदार और दुकान कर्मचारियों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। वहीं विद्युत सप्लाई को भी बंद कराया। इसी बीच आग की सूचना पर अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियां भी मौके पर पहुंची लेकिन तब तक आग बुझाई जा चुकी थी।

# अब ब्रिटेन ने भी लीवर रोगों में गिलोय की उपयोगिता को माना

- पतंजलि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने गिलोय पर अनुसंधान कर उसे एविडेंस के साथ प्रस्तुत किया

ब्यूरो, हरिद्वार/देहरादून

**अमृत विचार :** ब्रिटेन ने भी अब गिलोय (टिनोस्पोरा कॉर्डिफोलिया) के हेपटो प्रोटेक्टिव (लीवर को स्वस्थ रखने की क्षमता) और अन्य लाभकारी प्रभाव को स्वीकार किया है। जिसे रॉयल फार्मास्यूटिकल सोसाइटी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन के प्रसिद्ध रिसर्च जर्नल 'जर्नल ऑफ फार्मेसी एण्ड फार्माकोलॉजी' में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस की ओर से प्रकाशित किया गया।

सोमवार को इसकी पतंजलि योग ट्रस्ट के आचार्य बालकृष्ण ने सराहना की। उन्होंने बताया कि उक्त शोध पत्र में पाया गया कि टी. कॉर्डिफोलिया के हेपेटोप्रोटेक्टिव प्रभाव लिपिड पेरोक्सीडेशन के निषेध, ऑक्सीडेटिव तनाव के प्रबंधन और अन्य कारकों में लाभकारी होते हैं। यह भी पाया गया कि टी. कॉर्डिफोलिया का उपयोग यकृत विकारों के प्रबंधन और खाद्य उद्योग में हेपेटोप्रोटेक्टिव पूरक के रूप में किया जा सकता है। इसके अल्कलॉइड्स की बायोप्रोस्पेक्टिंग से यकृत संबंधी बीमारियों के खिलाफ नए फॉर्मूलेशन का विकास हो सकता है। आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि टी-कॉर्डिफोलिया को परंपरागत रूप से पीलिया के उपचार में प्रभावी पाया गया है। टी-कॉर्डिफोलिया एक हेपेटोप्रोटेक्टिव एजेंट है और इसकी क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए सीसी 14 मॉडल का सबसे अधिक उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि इसके हेपेटो प्रोटेक्टिव प्रभावों का श्रेय, एल्कलॉइड्स (बर्बरिन, पामेटाइन और जेट्रोरिंजिन) और सिनापिक एसिड को दिया जा सकता है।

बर्बरिन टीएनएफ-एंड द्वारा ट्रिगर किए गए, प्रिनफ्लेमेट्री कैस्केड को रोककर सूजन को कम करता है और आईएनओएस को रोककर नाइट्रोसेटिव तनाव को कम करता है। उन्होंने बताया कि टी-कॉर्डिफोलिया कैंसररोधी, सूजनरोधी, रोगाणुरोधी, एंटीऑक्सीडेंट और अन्य गतिविधियां भी प्रदर्शित करता है। टी-कॉर्डिफोलिया को रासायनिक मध्यस्थ हेपेटो टॉक्सिसिटी के इलाज के लिए उपयोग किए जाने वाले कई पॉलीहर्बल फॉर्मूलेशन में एक सक्रिय घटक पाया गया है।

आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि आयुर्वेद को कुलचने का भरसक प्रयास किया गया, किन्तु पतंजलि ने सदैव आयुर्वेद को गौरव प्रदान किया है। कोरोना काल में गिलोय को लेकर भ्रांति पैदा करने का प्रयास किया गया कि गिलोय के अधिक सेवन से लीवर पर दुष्प्रभाव पड़ता है, किन्तु पतंजलि अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने गिलोय पर अनुसंधान कर उसे एविडेंस के साथ प्रस्तुत किया। आचार्य ने कहा कि यह भी प्रासंगिक है कि कोरोना के खिलाफ प्रमुख औषधि कोरोनिल का एक प्रमुख घटक गिलोय है। पतंजलि के प्रयासों से आज दुनियाभर के वैज्ञानिक आयुर्वेद का लोहा मान रहे हैं।

### शिविर से कई लोग हुए लाभांवित

**बागेश्वर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बागेश्वर की ओर से अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज अमस्यारी तहसील गरुड़ में बहुउद्देश्यीय शिविर लगाया गया। शिविर का संचालन कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के रिटेनर अधिवक्ता त्रिलोक चंद्र जोशी ने विभिन्न कानूनी जानकारियां भी दीं।

वहीं समाज कल्याण अधिकारी हेम चंद्र तिवारी ने विभाग की ओर से चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। हरीश पोखरियाल ने स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग की योजनाओं के बारे में देवेंद्र भोज, कृषि अधिकारी गीतांजलि बंगारी ने कृषि विभाग की जानकारी दी। शिविर में जयेंद्र सिंह, सीनियर सिविल जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। शिविर में ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा दो लोगों को बीज वितरित किये गए। एक लाभार्थी को महा लक्ष्मी किट वितरित की। उद्योग विभाग ने 8 लोगों को विभागीय जानकारी दी। स्टॉल में 24 लोगों को कानूनी ज्ञानमाला पुस्तकें एवं विधिक सलाह दी गई।

# जनसुनवाई में मिलीं 98 लोगों की शिकायतें

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट में सोमवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 98 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद सम्बन्धी प्राप्त हुई, इसके अतिरिक्त आपसी विवाद, नगर निगम, सिंचाई, रोजगार दिलाने, एमडीडीए, पुलिस आदि विभागों से सम्बन्धित प्राप्त हुईं।

जिलाधिकारी सोनिका ने जनसुनवाई की अध्यक्षता कर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समय पर निस्तारण किया जाए। जनसुनवाई में टीचर्स कालोनी के शिकायतकर्ता द्वारा सम्पत्ति दूरस्तीकरण प्रकरण पर नगर निगम द्वारा लम्बे समय से कार्यवाही न किये जाने, कैन्ट रोड पर ठेली, रेहड़ी वालों द्वारा सड़क अतिक्रमित किये जाने की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम दाबड़ा भोगपुर में महादेव खाले की निकासी हेतु निर्माण के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायत पर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को मौका मुआवना कर वस्तुस्थिति से अवगत कराने को कहा। इसके अतिरिक्त अन्य तहसीलों से प्राप्त भूमि सम्बन्धी शिकायत पर सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को मौका मुआवना कर कार्रवाई को कहा। इस दौरान मुख्य नगर अधिकारी नगर निगम गौरव कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई राजेश लांबा, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट सहित एमडीडीए, विद्युत अदि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

### 13 शिकायतों में से छह का मौके पर निपटारा

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** रुद्रप्रयाग जनपद मुख्यालय पर सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) नरेश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में 'जन संवाद/ जनता मिलन कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 13 शिकायतें दर्ज की गईं जिनमें छह शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में तिमली निवासी जीत सिंह रौथाण ने गदनू को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए सर्वेक्षण होने के बाद भी कार्य शुरू नहीं होने की शिकायत दर्ज की। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, उप जिलाधिकारी आशीष घिल्डियाल, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार डोभाल, जिला युवा कल्याण अधिकारी शरत सिंह भंडारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्षवर्द्धन भट्ट, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत आदि मौजूद थे।

## उत्तर प्रदेश

### रिश्वत लेते चौकी इंचार्ज समेत दो गिरफ्तार

**सहसवान (बदायूं)।** बरेली की एंटी करप्शन टीम ने चौकी इंचार्ज समेत दो लोगों को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को पकड़कर कोतवाली सदर लाई। जहां उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने आरोपी चौकी इंचार्ज को निलंबित कर दिया है। विभागीय जांच शुरू की गई है।

थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव समसपुर कूबरी निवासी विजेंद्र कुमार ने 26 जनवरी को ग्राम प्रधान के भाई प्रदीप और प्रेमपाल के खिलाफ मारपीट और धमकाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस चौकी दहगवां के चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह मामले की विवेचना कर रहे थे। आरोपी प्रेमपाल ने गांव निवासी दलाल ऋषिपाल सिंह पुत्र ज्ञान से संपर्क किया।

# स्कूल के हॉस्टल में फंदे से लटका मिला छात्र का शव

- प्रबंधक और प्रधानाचार्य सहित चार लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, (लखीमपुर-खीरी)

**अमृत विचार :** नगर से सटे कोटवारा रोड बोर्डिंग स्कूल स्थित सिल्वर सिटी एकेडमी में कक्षा पांच के छात्र का शव संदिग्ध परिस्थितियों में हॉस्टल के कमरे में लटका मिला। विद्यालय प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर निवासी मनोज कुमार के दो पुत्र गौरव राज और सुमित राज सिल्वर सिटी एकेडमी के छात्रावास में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। रविवार की रात कक्षा पांच के छात्र गौरव (13) का शव मफलर से हॉस्टल में ही पंखे के कुंडे से लटका पाया गया। हॉस्टल के वार्डेन ने उसी कमरे में सो रहे गौरव के छोटे भाई सौरभ को जगाकर परिवार वालों को सूचना देने को कहा। परिवार वाले रात में ही विद्यालय पहुंचे तो उन्हें सौरभ का शव बेड पर पड़ा मिला, जिससे उन्होंने हत्या की आशंका जताई। विद्यालय प्रबंधन की सूचना पर पहुंची हैदराबाद थाना पुलिस ने रात में ही शव सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर चीत्कार मच गई। परिवार वाले विद्यालय प्रबंधन पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग करने लगे। मामले को बिगड़ता देख जिले के कई थानों की पुलिस भवानीपुर गांव पहुंच गई।

### कार्य में बाधा डालने में चालक गिरफ्तार

**बिलासपुर (रामपुर)।** खनन और ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत खनन अधिकारी ने उत्तराखंड की ओर से आ रहे छह डंपरों को सीज कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। टीम के साथ अभद्रता व सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में बरेली के रहने वाले चालक को गिरफ्तार भी किया है। यह डंपर गिट्टी से भरे बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक यह कार्रवाई रविवार-सोमवार की देर रात की गई है। रविवार रात एक बजे खनन अधिकारी अजय कुमार को सूचना मिली कि उत्तराखंड की ओर से कुछ डंपर यूपी की ओर आ रहे हैं। तभी उन्होंने रुद्र-बिलास चौकी प्रभारी अमित कुमार के साथ हाईवे पर डिबडिबा मोड़ पर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। इस दौरान उत्तराखंड की ओर से आ रहे एक के बाद एक छह डंपरों को रुकने को कहा।

### क्लीनर की हत्या में चार को आजीवन कारावास

**रामपुर।** ट्रक क्लीनर की हत्या के मामले में एफटीसी द्वितीय की कोर्ट ने चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। दो आरोपी मुरादाबाद और दो उत्तराखंड के रहने वाले हैं। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मोहल्ला अजीतपुर निवासी इकबाल ट्रक मालिक हैं। उनके ट्रक को थाना भोट के गांव मोतियापुर निवासी चालक ओमपाल सिंह और क्लीनर सलीम चलाते थे। एक जून 2008 को जब इकबाल ट्रक लेने के लिए बरेली गेट स्थित वर्कशॉप पर गए तो वहां से ट्रक गायब था। ट्रक का चालक और क्लीनर भी गायब थे। काफी तलाशने के बाद क्लीनर सलीम का शव गंज थाना क्षेत्र पहाड़ी गेट के पास नहर किनारे पड़ा मिला था। विवेचना में पुलिस ने जिला मुरादाबाद के थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव नियामतपुर निवासी नवाब अली, थाना कटघर के मोहल्ला जाहिदनगर निवासी कामिल, उत्तराखंड में रुद्रपुर के गांव खेड़ा निवासी शफीक और रुद्रपुर के ही किच्छा बाईपास निवासी प्रेम सिंह के नाम शामिल किए थे।

### महिला और बच्चों की जान लेने को घर में लगाई आग

**बिलसंडा (पीलीभीत)।** थाना क्षेत्र के मरौरीखास गांव निवासी महिला का आरोप है कि बच्चों को लेकर हुए विवाद में बीते दिनों दर्ज कराई रिपोर्ट से आहत आरोपियों ने घर में घुसकर महिला की गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की। जब नाकाम नहीं हुए तो छप्पर में आग लगा दी। महिला ने बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। गृहस्थी का सामान जल गया। पुलिस तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव मरौरीखास निवासी रेशमा देवी पत्नी वेदपाल ने तहरीर में बताया कि 21 जनवरी को बच्चों को लेकर हुए विवाद में गांव के मलखान, हीरालाल, ओमकार और हरपाल ने उसके घर में घुसकर मारपीट की थी, जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद से आरोपी परिवार को धमका रहे थे। मुकदमे में समझौता न करने पर जान से मारने धमकी दी। शिकायत पुलिस से की, लेकिन टाल दिया। एसपी को भी शिकायती पत्र भेजा था। आरोप है कि रविवार रात करीब एक बजे आरोपी उसके छप्पर में घुस आए और पीड़िता से मारपीट की। गला दबाकर जान लेने की कोशिश की।

## सार-संक्षेप

### कॉन्फ्रेंस में बोले उलमा, लड़कियों से नौकरी न कराएं

**बरेली।** तहसीन मियां के 17 वें उर्स के दूसरे दिन सोमवार को कार्यक्रमों का आगाज फज्र की नमाज के बाद दरगाह तहसीनी पर कुरानख्वानी से हुआ। इस मौके पर इत्तेहाद-ए-अहले सुन्नत और रद्दे सुलह कुल्लियत कॉन्फ्रेंस हुई। इसमें मौलाना सगीर अहमद रजवी ने तकरीर करते हुए कहा कि लड़कियों पर नौकरी का बोझ न डाला जाए और उन्हें तालीम के लिए दीनी मदरसों में भेजा जाए। इससे पहले नात एवं मनकबत की महफिल में मौलाना नदीम रजा कादरी और मौलाना फुरकान रजा ने नात का नजराना पेश किया। सलाम के बाद मौलाना हाफिज मसरूर ने दुआ की। मीडिया प्रभारी सगीर उद्दीन नूरी ने बताया कि हाजी सुलतान तहसीनी की तरफ से लंगर बांटा गया। दोपहर बाद चादरों के जुलूस देवचारा, बाकरगंज, सुरखा बानखाना, रहपुरा चौधरी, सूफी टोला, चक महमूद, हाजिया पुर, रबड़ी टोला, शाहदाना, कांकर टोला, कोट आदि इलाकों से खानकाह पहुंचे। आरिफ तहसीनी और जहीर अहमद नूरी ने दरगाह पर चादरपोशी की। मगरिब की नमाज बाद मौलाना डॉ. शकील मिस्बाही ने हलका-ए-जिक्र की रूहानी महफिल सजाई। ईशा की नमाज के बाद इत्तेहाद-ए-अहले सुन्नत और रद्दे सुलह कुल्लियत कॉन्फ्रेंस हुई, जिसकी निजामत कारी नाजिर रजा तहसीनी ने की।

### दो पासपोर्ट मामले में नहीं पहुंचा गवाह, सुनवाई टली

**रामपुर।** अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में सोमवार को गवाह कोर्ट नहीं पहुंचा। इसके चलते सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में 31 जनवरी को सुनवाई होगी। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में सिविल लाइंस थाने में अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पासपोर्ट रखने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। यह मामला एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में विचाराधीन है। सोमवार को इस मामले में गवाह को सफाई साक्ष्य के लिए कोर्ट आना था, लेकिन उसके नहीं पहुंचने के कारण सुनवाई टल गई। अब इस मामले में बुधवार को सुनवाई होगी। वादी के अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि दो पासपोर्ट मामले में अब्दुल्ला आजम की तरफ से सोमवार को कोई गवाह सफाई साक्ष्य देने कोर्ट नहीं आया।

### भाजपा राज में सनातन ध्वज वाहक शंकराचार्य भी सुरक्षित नहीं: अजय राय

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि भाजपा के शासन में सनातन ध्वज वाहक शंकराचार्य भी सुरक्षित नहीं हैं। यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को उनके ही मठ में पुलिस ने चारों तरफ से घेर लिया है। स्वामी सोमवार को अपरान्ह तीन बजे मूल विश्वनाथ मंदिर की परिक्रमा व ज्ञानवापी जाना चाहते थे। प्रशासन ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को वहां जाने से मना किया और धारा 144 लागू होने का हवाला दिया। इस पर स्वामी अकेले ही जाने को तैयार थे पर प्रशासन ने हठधर्मिता व निरंकुशता का परिचय देते हुए सोनारपुरा स्थित विद्यामठ में उन्हें नजरबंद कर दिया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1125 बोल्ड 1165 डीएमओ 838।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1865, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1735, रविन्द्रा 1770, फॉर्चुन लीo 1595, जय जवान 1435, सचिन 1435, सूरज 1460, अवसर 1510, राग गोल्ड 1525, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो.) 1655, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–10000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 15000–20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 600–800, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500–14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 6950–7700, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650–10400, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल) उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000–11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000–13800, सच्चा हीरा 13700, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 11900, अरहर पटका मोटा 12400, अरहर कोरा मोटा 12700, अरहर पटका छोटा 14200–14600, अरहर कोरी छोटी 15500, **चीनी**–डालमियां 4050, पीलीभीत 4010, नवाबगंज 4000, बहेड़ी (नई) 4010 रुपये।

# 27% कंपनियों ने जेएआई का इस्तेमाल रोका

## संचार कंपनी सिस्को के सर्वे के मुताबिक निजता, डेटा सुरक्षा जोखिम की वजह से लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

निजता और डेटा (निजी सूचना) सुरक्षा जोखिमों के चलते चार में से एक संगठन ने जनरेटिव-कृत्रिम मेधा (जेन-एआई) पर प्रतिबंध लगा दिया है। संचार कंपनी सिस्को की एक शोध रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकला है।

शोध रिपोर्ट 'सिस्को 2024 डेटा प्राइवेसी बेंचमार्क स्टडी' भारत, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, मेक्सिको, स्पेन, ब्रिटेन और अमेरिका में 2,600 निजता एवं सुरक्षा पेशेवरों से बातचीत पर आधारित है। अध्ययन से पता चलता है कि अधिकांश कंपनियां डेटा गोपनीयता और सुरक्षा मुद्दों पर जेन-एआई के उपयोग को सीमित कर रही हैं और 27 प्रतिशत ने इसके उपयोग पर कम से कम अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका की कंपनी सिस्को की शोध रिपोर्ट के अनुसार-चार में से एक से अधिक संगठनों ने गोपनीयता और डेटा सुरक्षा जोखिमों के कारण जेन-एआई के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया। रिपोर्ट में जेनएआई के साथ बढ़ती गोपनीयता चिंता, एआई के उपयोग पर संगठनों के सामने आने वाली भरोसे संबंधी चुनौतियों और सूचनाओं को बेचने आदि का उल्लेख किया गया है। इस सर्वेक्षण के सातवें संस्करण में पाया गया कि निजता नियामकीय अनुपालन से कहीं आगे का मामला है।

कंपनियों की प्रमुख चिंताओं में कानूनी और बौद्धिक संपदा अधिकार (69 प्रतिशत) को जोखिम और जनता या प्रतिस्पर्धियों के सामने जानकारी साझा करने का जोखिम (68 प्रतिशत) शामिल है।

सिस्को ने कहा कि अधिकांश संगठन इन जोखिमों के बारे में जानते हैं और इसे सीमित करने के लिए नियंत्रण स्थापित कर रहे हैं। इनमें 63 प्रतिशत ने सीमाएं स्थापित की हैं कि कौन सा डेटा दर्ज किया जा सकता है, 61 प्रतिशत ने सीमाएं निर्धारित की हैं कि जेन-एआई माध्यम का उपयोग कर्मचारियों द्वारा किया जा सकता है, और 27 प्रतिशत ने कहा उनके संगठन ने कुछ समय के लिए जेन-एआई अनुप्रयोगों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया था। फिर भी, कई व्यक्तियों ने ऐसी जानकारी दर्ज की है जो चिंता बढ़ा सकती है। इसमें कर्मचारी जानकारी (45%) या कंपनी के बारे में गैर-सार्वजनिक जानकारी (48%) शामिल है।

### उत्तरदाताओं का मानना जोखिम को प्रबंधित करने के लिए नई तकनीक की जरूरत



सिस्को के मुख्य विधि अधिकारी देव स्टालकॉफ ने कहा कि संगठन जेन-एआई को मौलिक रूप से भिन्न तकनीक के रूप में देखते हैं, जिसमें विचार करने के लिए नई चुनौतियां हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 90 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि जेन-एआई को डेटा और जोखिम को प्रबंधित करने के लिए नई तकनीक की जरूरत है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
| --- | --- |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,900–48,100 |

**लखनऊ**

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,500 |
| चांदी तैयार | 73,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
| --- | --- |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 727 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
| --- | --- |
| सोना 24 कैरेट | 64,000 |
| चांदी आभूषण | 73,750। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**–शरबती 84–86 मसूरी 65 1121 बासमती 99, **दाल दलहन**–काला चना 96–116 साबुत चना दाल 63–64 मूंग साबुत 94 राजमा 180–202 दाल उड़द 115–118 साबुत मसूर दाल 72 मसूर दाल 71–72 उड़द साबुत 100–116 काबुली चना 115–165 अरहर साबुत 93–132 अरहर दाल155–157 लोबिया/करमानी 74 सोयाबीन 41–42 मूंगफली 75–77 मटर (सूखी) 55–61 मक्का 25 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपये मलका: 82 से 85 रुपये अरहर: 118 से 125 रुपये उड़द: 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104–106 रुपये मूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी: 80 रुपये चना कावली: 145 से 160 राजमा लाल: 155 लोबिया लाल: 94 रुपये लोबिया सफेद: 98 रुपये।

# देर से मिलेगा उत्तर प्रदेश के आलू का स्वाद

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** देश-विदेश को उत्तर प्रदेश के आलू का स्वाद इस बार देर से मिलेगा। आलू बेल्ट में मुख्य फसल फरवरी अंत तक तैयार होगी। क्योंकि अक्टूबर में समय से बोई गई फसल अधिक तापमान से तो कुछ जगह बारिश से पिछड़ गई थी।

इसलिए ज्यादातर क्षेत्रों में किसानों ने अक्टूबर की बजाय नवंबर में बोवाई की थी। जबकि मुख्य फसल मौसम अनुकूल होने पर 15 से 25 अक्टूबर तक की जाती है। इसकी 25 फरवरी से खोदाई शुरू हो जाती है। आलू की तमाम प्रजातियां पकने में 100-110 दिन तक लगते हैं। ऐसी स्थिति में मार्च शुरुआत में ही बाजार में आलू आने की संभावना है। फसल पिछड़ने से इस बार प्रदेश से निर्यात भी देर से होगा।



- **अक्टूबर में बारिश और अधिक तापमान के कारण देर से हुई थी बोवाई**
- **फरवरी अंत में आलू तैयार होने की संभावना, निर्यात पर पड़ेगा असर**

**आगरा व कन्नौज बेल्ट से 200 टन करना है निर्यातः** लखनऊ के रहमान खेड़ा स्थित मंडी परिषद के मैंगो पैक हाउस से पहली बार आलू का निर्यात परीक्षण के तौर पर फरवरी से ओमान, बहरीन व दुबई होना है। इसके लिए कन्नौज बेल्ट से 200 टन चिप्स सोना और कुफरी बहार 3792 प्रजाति किसानों से खरीदी जानी है। जो तैयार न होने के कारण किसान तय समय पर नहीं दे पाएंगे। इससे निर्यात में देरी होगी और असर पड़ेगा। वैसे इन देशों को ईरान आलू की पूर्ति करता आ रहा है। वहीं इस संबंध में अकरब बेग (जीएम मैंगो पैक हाउस) ने बताया कि मैंगो पैक हाउस को पहली बार फरवरी से निर्यात करना है। इसी आधार पर आगे मांग आएगी। लेकिन, फसल तैयार न होने के कारण मार्च में ही निर्यात कर पाएंगे।

### प्रदेश में आलू का रकबा

बोआई : 700 लाख हेक्टेयर में
अनुमानित पैदावार : 250 लाख एमटी

> अक्टूबर में बारिश के कारण समय पर आलू की बोवाई नहीं हो पाई। इस बीच की गई फसल बर्बाद हो गई थी। इस कारण मौसम सामान्य होने पर देर से बोवाई की गई और देर से खोदाई होगी।
>
> **-डॉ. अखिलेश कुमार दुबे,** वरिष्ठ कृषि विज्ञानी, कृषि विज्ञान केंद्र, लखनऊ।

# सेंसेक्स में जोरदार उछाल से निवेशकों की पूंजी छह लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी लिवाली और एशियाई बाजारों में तेजी के चलते बीएसई सेंसेक्स में करीब दो प्रतिशत के उछाल के साथ सोमवार को निवेशकों की संपत्ति छह लाख करोड़ रुपये बढ़ गई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,240.90 अंक यानी 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,941.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,309.55 अंक तक उछल गया था। दिन में कारोबार सेंसेक्स 1,309.55 अंक या 1.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,010.22 अंक तक पहुंचा था। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,08,556.11 करोड़ रुपये बढ़कर 3,77,20,679.19 करोड़ हो गया। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलांयस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ गया। बाजार में तेजी में इसका सबसे ज्यादा योगदान रहा। इसके अलावा टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

## चीनी का उत्पादन 2023 24 सीजन में चार प्रतिशत कम होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश में चीनी का उत्पादन 2023-24 सीजन (अक्टूबर-सितंबर) में सालाना आधार पर करीब चार प्रतिशत घटकर 3.16 करोड़ टन रहने का अनुमान है। चीनी व्यापार संगठन अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) ने सोमवार को अपना पहला उत्पादन अनुमान जारी करते हुए कहा कि 3.16 करोड़ टन के अनुमानित चीनी उत्पादन और 57 लाख टन के शुरुआती भंडार के साथ देश में चीनी की उपलब्धता 3.73 करोड़ टन होने की संभावना है। यह अनुमानित घरेलू खपत 2.9 करोड़ टन से अधिक है।

# सरकार तय कर सकती है वित्तीय संस्थानों से 70,000 करोड़ के लाभांश का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार अगले वित्त वर्ष में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और वित्तीय संस्थानों से लाभांश के तौर पर लगभग 70,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने की उम्मीद कर रही है। चालू वित्त वर्ष में आरबीआई से मिले अच्छे लाभांश के बाद यह उम्मीद की जा रही है।

सूत्रों ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट में वित्तीय संस्थानों से लाभांश प्राप्त करने का जो लक्ष्य रखेंगी, वह चालू वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 48,000 करोड़ रुपये से कहीं अधिक होगा। चालू वित्त वर्ष का अनुमान पहले ही बजट लक्ष्य से अधिक हो चुका है। इसका कारण आरबीआई का 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों का तिमाही वित्तीय परिणाम अच्छा रहा है। ऐसे में आने वाले वर्ष में उनकी तरफ से लाभांश भुगतान चालू वित्त वर्ष की तुलना में अधिक होगा। सूत्रों ने कहा कि इसीलिए, वित्त वर्ष 2024-25 में आरबीआई और वित्तीय संस्थानों से लाभांश भुगतान के रूप में लगभग 70,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने की उम्मीद करना उपयुक्त है।



## एक नजर

### प्रबीर, अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज एक मामले में समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक और मुख्य संपादक प्रबीर पुरकायस्थ तथा मानव संसाधन विभाग के प्रमुख अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत सोमवार को बढ़ा दी। उन पर चीन के समर्थन में प्रचार के लिए धन प्राप्त करने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुरकायस्थ मामले में आरोपी हैं जबकि पूर्व सह-आरोपी चक्रवर्ती हाल में मामले में सरकारी गवाह बन गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने सोमवार को उनकी न्यायिक हिरासत 17 फरवरी 2024 तक बढ़ा दी।

### तेजस्वी यादव को बयान दाखिल करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव को उनकी उस कथित टिप्पणी को वापस लेते हुए एक उपयुक्त बयान दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं। न्यायमूर्ति ए.एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्ल भुइयां की पीठ ने तेजस्वी के पूर्व के हलफनामे को लेकर शिकायतकर्ता द्वारा आपत्ति जताये जाने के बाद एक नया बयान दाखिल करने के लिए राजद नेता को एक हफ्ते का वक्त दिया है।

### 500 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ब्यूरो की सिरसा यूनिट ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-9 पर अंडरब्रिज गांव सिकन्दरपुर से एक कार में सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 501 ग्राम हेरोईन पकड़ने में सफलता हासिल की है। ब्यूरो इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 50 लाख 10 हजार रुपये आंक रहा है। आरोपियों के खिलाफ सदर थाना सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के सिरसा स्थित पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह ने गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी।

## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित, माता-पिता व शिक्षकों को दी सलाह

# अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अभिभावक अपना विजिटिंग कार्ड न मानें: नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अभिभावकों को अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड नहीं मानने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि दबाव से निपटने में बच्चों की मदद करने के लिए उनमें दृढ़ता पैदा करना महत्वपूर्ण है और माता-पिता व शिक्षकों को सामूहिक रूप से छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना चाहिए। दसवीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व छात्रों के मानसिक तनाव को कम करने के उद्देश्य से मोदी ने छात्रों को दूसरों से नहीं बल्कि खुद से प्रतिस्पर्धा करने और अभिभावकों को अपने बच्चों में प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के बीज ना बोने का भी सुझाव दिया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में 'परीक्षा पे चर्चा 2024' के दौरान छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत की। ● एजेंसी

अपने वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा-हमारे बच्चों में दृढ़ता पैदा करना और दबावों से निपटने में उनकी मदद करना महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को हमेशा ऐसे दोस्त बनाने का सुझाव दिया जो अधिक बुद्धिमान हों और कड़ी मेहनत करते हों। उन्होंने कहा-आपको ऐसे दोस्तों से प्रेरित होना चाहिए। पढ़ाई और परीक्षा के दबाव को खुद पर हावी न होने दें। मोदी ने कहा कि भले ही प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां प्रेरणा के रूप में काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। उन्होंने कहा-बहुत से माता-पिता अपने बच्चों को दूसरे बच्चों का उदाहरण देते रहते हैं। माता-पिता को इन चीजों को करने से बचना चाहिए।

# मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की परंपरा बंद हो : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालती मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा बंद होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को भी इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया कि उच्च न्यायालयों या अधीनस्थ अदालतों के समक्ष दाखिल किसी भी याचिका में पक्षों के मेमो में वादी की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं होना चाहिए। पीठ ने कहा-हमें इस अदालत के समक्ष या किसी भी अधीनस्थ अदालत के समक्ष किसी वादी की जाति या धर्म के उल्लेख का कोई कारण नजर नहीं आता। इस तरह की परिपाटी रुकनी चाहिए और तत्काल बंद होनी चाहिए।

- **सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल रोक लगाने का दिया निर्देश**



शीर्ष अदालत ने राजस्थान की एक कुटुम्ब अदालत में लंबित एक वैवाहिक विवाद में मामले को स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए आदेश सुनाया। शीर्ष अदालत ने इस बात पर हैरानी जताई के पक्षों के मेमो में पति और पत्नी दोनों की जातियों का उल्लेख किया गया है।

### कोर्ट ने मजिस्ट्रेट को उपयुक्त प्रशिक्षण दिलवाने को कहा

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने अग्रिम जमानत हासिल कर चुके एक व्यवसायी की पुलिस रिमांड को अदालत की घोर अवमानना करार देते हुए सोमवार को कहा कि वह गुजरात उच्च न्यायालय को दंडाधिकारियों (मजिस्ट्रेट) को उपयुक्त प्रशिक्षण देने के लिए कहेगा। गुजरात के व्यवसायी की पुलिस रिमांड को लेकर अत्यधिक नाखुशी जाहिर करते हुए शीर्ष अदालत ने 10 जनवरी को व्यक्ति की अवमानना याचिका पर सूरत के कुछ पुलिस अधिकारियों और एक न्यायिक मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत को सूचित किया गया कि पिछले साल 8 दिसंबर को याचिकाकर्ता तुषारभाई रजनीकांतभाई शाह को अग्रिम जमानत दी गई थी।

# राकांपा विधायकों की अयोग्यता संबंधी याचिका पर निर्णय लेने की समयसीमा बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- **फैसला करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने दिया निर्देश**

उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से जुड़े राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर फैसला करने के लिए राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को दी गई समयावधि सोमवार को 15 फरवरी तक बढ़ा दी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 30 अक्टूबर को राकांपा के शरद पवार गुट के नेता जयंत पाटिल की इस याचिका पर फैसला करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को 31 जनवरी तक का समय दिया था।

पाटिल की याचिका में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार का हिस्सा बनने के लिए पाला बदलने वाले राकांपा विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने का अनुरोध किया गया है। न्यायालय ने उसी दिन नार्वेकर को निर्देश दिया था कि वह शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी गुटों की ओर से दाखिल उन याचिकाओं पर भी 31 दिसंबर तक फैसला करें जिनमें दोनों ने एक-दूसरे के विधायकों को सदन की सदस्यता से अयोग्य ठहराने का अनुरोध किया है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला व न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की इन दलीलों पर गौर किया कि याचिका पर आदेश पारित करने के लिए तीन और सप्ताह की आवश्यकता है। मेहता ने प्रतिद्वंद्वी शिवसेना गुटों द्वारा दायर याचिकाओं पर अध्यक्ष द्वारा हाल में पारित आदेश का उल्लेख किया और कहा कि प्रतिवादियों की जिरह अभी पूरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यह 31 जनवरी तक पूरी हो जाएगी तथा आदेश पारित करने के लिए तीन सप्ताह का समय और दिए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष प्रतिद्वंद्वी शिवसेना गुटों द्वारा दायर याचिकाओं के निपटारे में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि राकांपा के मामले में कार्यवाही वैसे समाप्त हो चुकी है और अध्यक्ष को आदेश लिखने के लिए वास्तव में कुछ और समय की आवश्यकता है।

# नीतीश कुमार जल्द करेंगे मंत्रिमंडल का विस्तार

पटना, एजेंसी

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ गठबंधन कर सरकार बनाने के एक दिन बाद विधानसभा अध्यक्ष पद और अन्य विधायकों को मंत्रिपरिषद में शामिल करने के लिए जोरदार गोलबंदी शुरू हो गई है।

कुमार ने विभागों के बंटवारे के लिए अपने नये मंत्रिमंडल की सोमवार को बुलाई गयी बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के बाद विभागों के बंटवारे को लेकर राजग के घटक दलों के नेता चुप्पी साधे रहे। सूत्रों के मुताबिक कैबिनेट सचिवालय सोमवार शाम तक विभागों के बंटवारे से संबंधित अधिसूचना जारी कर सकता है। कैबिनेट बैठक में रविवार को शपथ लेने वाले सभी आठ मंत्री शामिल हुए। नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा के अलावा भाजपा के प्रेम कुमार, जद-यू के विजेंद्र यादव, श्रवण कुमार और विजय कुमार चौधरी, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय विधायक सुमित कुमार सिंह ने मंत्री के तौर पर रविवार को शपथ ली थी।

## हनुमान ध्वज हटाए जाने के बाद कर्नाटक के गांव में तनाव बरकरार

**मांड्या (कर्नाटक)।** कर्नाटक में मांड्या जिले के केरागोडु गांव में 108 फुट ऊंचे स्तंभ से हनुमान ध्वज उतारे जाने को लेकर कड़े विरोध और पुलिस कार्रवाई के एक दिन बाद सोमवार को भी स्थिति तनावपूर्ण किंतु नियंत्रण में रही। प्राधिकारियों द्वारा ध्वज उतारे जाने के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), जनता दल सेक्युलर (जद-एस) और बजरंग दल के सदस्यों के साथ-साथ गांव और उसके आसपास के क्षेत्रों के लोगों का प्रदर्शन जारी है। ऐसे में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को एहतियातन तैनात किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने ध्वज उतारे जाने के विरोध में भगवा झंडे लेकर उपायुक्त कार्यालय तक मार्च निकालना शुरू किया है।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण से संबंधित कानून की वैधता बरकरार रखी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण (एनएए) से संबंधित कानूनी प्रावधानों की वैधता को बरकरार रखा। यह फैसला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने फिलिप्स इंडिया, रेकिट बेंकिजर, जिलेट इंडिया और प्रॉक्टर एंड गैंबल होम प्रोडक्ट्स आदि सहित कई संस्थाओं की 100 से अधिक याचिकाओं वाले मामलों की सुनवाई के दौरान दिया था। अदालत ने कहा-हमने (सीजीएसटी अधिनियम की) धारा 171 के साथ-साथ 2017 के (सीजीएसटी) नियमों के नियम 122, 124, 126, 127, 129, 133 और 134 की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है।

# उच्च शिक्षण संस्थानों में एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण को खत्म करने की साजिश : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का मसौदा दिशानिर्देश उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म करने की साजिश है।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, यूजीसी के नए मसौदे में उच्च शिक्षा संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को मिलने वाले आरक्षण को ख़त्म करने की साजिश हो रही है। आज 45 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में लगभग 7,000 आरक्षित पदों में से 3,000 रिक्त हैं, और जिनमें सिर्फ 7.1 प्रतिशत दलित, 1.6 प्रतिशत आदिवासी और 4.5 प्रतिशत पिछड़े वर्ग के प्रोफेसर हैं। उन्होंने दावा किया-आरक्षण की समीक्षा तक की बात कर चुकी भाजपा-आरएसएस अब ऐसे उच्च शिक्षा संस्थानों में से वंचित वर्ग के हिस्से की नौकरियां छीनना चाहती है।

- **कांग्रेस नेता ने यूजीसी का मसौदा दिशा-निर्देश को लेकर लगाया आरोप**



### अगर मोदी फिर जीते, तो भारत में आ सकती तानाशाही



**भुवनेश्वर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को दावा किया कि 2024 का लोकसभा चुनाव लोगों के लिए लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका है, क्योंकि अगर भारतीय जनता पार्टी फिर से जीतती है, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तानाशाही की तरफ बढ़ सकते हैं। उन्होंने लोगों से भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से दूरी बनाने का आग्रह किया और आरोप लगाया कि वे जहर के समान हैं। खरगे ने कांग्रेस की सभा में कहा-यह भारत में लोकतंत्र को बचाने के लिए लोगों के पास आखिरी मौका होगा। अगर नरेन्द्र मोदी एक और चुनाव जीतते हैं, तो देश में तानाशाही होगी। भाजपा भारत में उसी तरह शासन करेगी जैसे पुतिन रूस में कर रहे हैं। खरगे ने भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार राज्यों और विपक्ष के नेताओं को डरा-धमका कर चल रही है।

# भारतीय टीम को इस्लामाबाद में राष्ट्र प्रमुख जैसी सुरक्षा

## 60 साल बाद पाकिस्तान में डेविस कप खेलने पहुंची है टीम, खिलाड़ियों की सुरक्षा में किए गए कड़े इंतजाम

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

डेविस कप मुकाबले के लिए करीब 60 साल में पहली बार पाकिस्तान दौरे पर गई भारतीय टेनिस टीम को इस्लामाबाद में राष्ट्र अध्यक्ष जैसी सुरक्षा मुहैया कराई गई है। खिलाड़ियों के लिए लागू सुरक्षा योजना के तहत एक बम निरोधक दस्ता हर सुबह इस्लामाबाद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जांच करेगा और यात्रा के दौरान भारतीय टीम दो एस्कॉर्ट वाहन की निगरानी में रहेगी। भारतीय खिलाड़ी ज्यादातर आयोजन स्थल और होटल तक ही सीमित रहेंगे।


पाकिस्तान रवाना होने से पहले भारतीय टेनिस खिलाड़ी और सहयोगी दल।

पाकिस्तान टेनिस महासंघ (पीटीएफ) के महासचिव कर्नल गुल रहमान ने कहा कि भारतीय टीम 60 साल के बाद पाकिस्तान आई है इसलिए हम अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। भारतीय टीम के चारों ओर सुरक्षा की चार से पांच परतें हैं। वह इस आयोजन के सुरक्षा प्रबंधक है। यात्रा के दौरान टीम के साथ रहेंगे। भारतीय दल रविवार रात इस्लामाबाद पहुंचा, जिसमें पांच खिलाड़ी, दो फिजियो और अखिल भारतीय टेनिस संघ के दो अधिकारी हैं।

### 4-5 सुरक्षा घेरे में रहेगी भारतीय टीम

### बम निरोधक दस्ता करेगा जांच, एस्कॉर्ट वाहन रहेंगे साथ

पीटीएफ महासचिव ने कहा कि यात्रा के समय एस्कॉर्ट वाहन टीम के साथ रहेंगे। टीम वीवीआईपी प्रवेश द्वार से होटल में प्रवेश करेगी, जो राज्य के प्रमुखों के लिए आरक्षित है। बम निरोधक दस्ते हर सुबह आयोजन स्थल की गहन जांच करेंगे और कार्यक्रम स्थल में किसी को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह प्रक्रिया पूरे मुकाबले के दौरान जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद एशिया के सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, ऐसे में सुरक्षा पहले से ही कड़ी है। यहां लगातार हवाई निगरानी हो रही है, शहर में लगभग 10,000 कैमरे लगे हैं। भारतीय खिलाड़ियों की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस काम में पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड (पीएसबी), इस्लामाबाद पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और अन्य की टीमें सहयोग कर रहीं हैं।

### मेजबानी सम्मान की बात

पीटीएफ महासचिव ने कहा कि भारतीय टीम की मेजबानी करना न केवल पीटीएफ के लिए बल्कि पाकिस्तान के लिए भी सम्मान की बात है। हम खेल कूटनीति में विश्वास करते हैं। पाकिस्तान के बेहतरीन टेनिस खिलाड़ियों में से एक अकील खान ने कहा कि भारतीय टीम अगर सहज है तो उसे शहर में घूमना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं और शहर नहीं देख सकते हैं तो रेस्त्रां में जाएं। वह उन्हें रात्रिभोज के लिए ले जाना चाहेंगे।

# मंदीप ने अमेरिका में इंटरकॉटिनेंटल खिताब जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा ने वाशिंगटन के टॉप्पेनिश सिटी में गेरार्डो एसक्विवेल को हराकर अमेरिका की नेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (एनबीए) का इंटरकांन्टिनेंटल सुपर फेदरवेट खिताब जीता है। 30 साल के मंदीप ने अमेरिका के मुक्केबाज के खिलाफ शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा के लिए अपने पिछले 75 किलोग्राम भार वर्ग को छोड़कर कम भार वर्ग में उतरना पड़ा।

उन्होंने कहा कि यह जीत सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि हर उस व्यक्ति की है, जिसने इस पूरी यात्रा में मेरा साथ दिया। इसमें कोच, परिवार, प्रशंसक और साथ खड़े रहने वाले शामिल हैं। वह यह खिताब अपने देश को समर्पित करते हैं। देश के लिए भविष्य में भी इसी तरह का सम्मान और खिताब हासिल करने की कोशिश करेंगे। मंदीप जांगड़ा ने 2021 में पेशेवर मुक्केबाजी में पदार्पण किया था। एसक्विवेल को हराने से पहले उन्होंने अपने छह मुकाबलों में से चार में नॉकआउट जीत दर्ज की है। उन्होंने अमेच्योर सर्किट में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2014 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था।



# जडेजा और राहुल के बाहर होने से भारत को झटका, सरफराज का इंतजार खत्म

## चोट के कारण विशाखापत्तनम में दो फरवरी से शुरू हो रहे मैच में नहीं खेल सकेंगे

**हैदराबाद, एजेंसी**

भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और बल्लेबाज लोकेश राहुल विशाखापत्तनम में दो फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे, जिससे मेजबान टीम को शृंखला के पहले टेस्ट में हार के बाद दोहरा झटका लगा है। जडेजा को रविवार को पहले टेस्ट के दौरान तेजी से रन लेते हुए पैर की मांसपेशियों में चोट लगी थी, जबकि राहुल ने जांघ में दर्द की शिकायत की है। राहुल को पिछले साल मई में आईपीएल के दौरान भी जांघ में चोट लगी थी और उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी, इस कारण वह चार महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे।



### सौरभ और वाशिंगटन सुंदर भी टीम में शामिल

बीसीसीआई ने कहा कि चयन समिति ने मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान, स्पिनर सौरभ कुमार और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया है। घरेलू क्रिकेट में ढेरों रन बनाने वाले सरफराज को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने हाल में इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ भी शानदार प्रदर्शन किया था। विराट कोहली निजी कारणों से शुरुआती दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध हैं, जबकि जडेजा और राहुल की चोट ने भारत की मुसीबत बढ़ा दी है।

### रजत पाटीदार के खेलने की संभावना ज्यादा

सरफराज टीम में जगह पाने के हकदार हैं लेकिन विशाखापत्तम में रजत पाटीदार के पदार्पण करने की संभावना अधिक है जो पहले ही भारत की 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं। अहमदाबाद में इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ गुरुवार से होने वाले तीसरे और अंतिम मुकाबले के लिए वाशिंगटन सुंदर के विकल्प के तौर पर सारांश जैन को भारत ए टीम में शामिल किया गया है। आवेश खान मध्य प्रदेश की अपनी रणजी टीम के साथ रहेंगे और जरूरत पड़ने पर टेस्ट टीम से जुड़ेंगे।

### पहले टेस्ट में राहुल और जडेजा ने किया था प्रभावी प्रदर्शन

पहले टेस्ट में राहुल और जडेजा दोनों ने प्रभावी प्रदर्शन किया था लेकिन बाद में इंग्लैंड ने वापसी करते हुए 28 रन की जीत के साथ शृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई। जडेजा ने पांच विकेट चटकाने के अलावा पहली पारी में 87 रन बनाए, जबकि राहुल ने 86 रन की पारी खेली। जडेजा की ऑलराउंड क्षमता टीम के लिए काफी अहम है। अपने चार टेस्ट के करियर के दौरान प्रभावित करने वाले ऑफ स्पिनर वाशिंगटन अंतिम एकादश में जडेजा की जगह ले सकते हैं। पिछले साल सितंबर में एशिया कप में चोट के बाद वापसी करते हुए राहुल ने एकदिवसीय और टेस्ट प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया।

### दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वाशिंगटन सुंदर और सौरभ कुमार।

# ओली पोप के रास्ते में आने पर जसप्रीत बुमराह को फटकार

**दुबई, एजेंसी**

जसप्रीत बुमराह को हैदराबाद टेस्ट के दौरान रन लेते समय इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप के रास्ते में आने और अनुचित शारीरिक संपर्क के कारण फटकार और एक डिमेरिट अंक दिया गया है। बुमराह का अपराध आईसीसी आचार संहिता के तहत लेवल एक का है। 24 महीने में यह उनका पहला अपराध है। आईसीसी ने कहा कि यह घटना इंग्लैंड की दूसरी पारी के 81वें ओवर में हुई जब बुमराह जान बूझकर ओली पोप के रास्ते में आ गए जब वह रन ले रहे थे, जिससे अनुचित शारीरिक संपर्क भी हुआ।

**आईसीसी ने रन लेते समय बीच में आने पर एक डिमेरिट अंक भी दिया**



बुमराह को आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया। बुमराह ने सजा स्वीकार कर ली, जिससे मामले की औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायरों पॉल रीफेल और क्रिस गाफानी, तीसरे अंपायर मराइस इरास्मस और चौथे अंपायर रोहन पंडित ने बुमराह पर आरोप लगाया था।

## भारत डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में पांचवें पायदान पर पहुंचा

दुबई। इंग्लैंड से मिली 28 रनों की हार के बाद भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में तीन स्थान नीचे खिसक कर पांचवें पायदान पर पहुंच गया है। भारत पहले तालिका में दूसरे स्थान पर था। इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद भारत तालिका में दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश से नीचे चला गया है। ऑस्ट्रेलिया तालिका में शीर्ष पर है। दक्षिण अफ्रीका को केपटाउन टेस्ट में दो दिन के भीतर हराने के बाद भारत कुछ समय के लिए तालिका में शीर्ष पर भी था लेकिन इसके ठीक दो दिन बाद ही पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने क्लीन स्वीप किया और वह पहले स्थान पर पहुंच गया। हालांकि भारत को हराने के बावजूद इंग्लैंड भी तालिका में एक पायदान नीचे खिसक गया। इसकी वजह गाबा में ऑस्ट्रेलिया पर वेस्टइंडीज की ऐतिहासिक जीत रही। वेस्टइंडीज अब तालिका में सातवें स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड आठवें पायदान पर है।

**अंक तालिका में भारत से ऊपर दक्षिण अफ्रीका न्यूजीलैंड और बांग्लादेश**

## खेल डायरी

### अविनाश साबले और पारुल अमेरिका में लेंगे प्रशिक्षण

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने एशियाई खेलों के पदक विजेता लंबी दूरी के धावक अविनाश साबले और पारुल चौधरी के अमेरिका के कोलोराडो में प्रशिक्षण के अनुरोध को सोमवार को मंजूरी दे दी। सरकार ने इसके साथ ही पहलवान अंशु मलिक को जापान और और सरिता मोर अमेरिका में प्रशिक्षण के लिए भी हामी भर दी है। साबले और पारूल कोच स्कॉट सिमंस की देख रेख में कोलोराडो स्प्रिंग्स में उच्च ऊंचाई वाले केंद्र में अभ्यास करेंगे। सरिता अमेरिका में अभ्यास करेंगी। टेबल टेनिस खिलाड़ी पायस जैन भी मंत्रालय के खर्च पर कोच किउ जियान की देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जापान के ओसाका जाएंगे। मंत्रालय ने इसके साथ ही भारतीय पैरा-तीरंदाज शीतल देवी, सरिता और राकेश कुमार के लिए धनुष, तीर, साइट स्केल सहित अन्य उपकरणों की खरीद के अनुरोध के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी।

### पीसीबी को मिलेगा अगले माह पूर्णकालिक अध्यक्ष

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने बताया है कि अगले महीने तक बोर्ड के पास पूर्णकालिक अध्यक्ष होगा और पंजाब प्रांत के कार्यवाहक मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी दौड़ में सबसे आगे हैं। दिसंबर 2022 से बोर्ड का कामकाज देख रही अंतरिम समिति का कार्यकाल 4 फरवरी को खत्म हो रहा है। उसके बाद पीसीबी के गवर्निंग बोर्ड का नया अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया शुरू होगी। सूत्र ने बताया कि पीसीबी के पास एक नया अध्यक्ष 8 फरवरी को आम चुनाव के बाद होगा।

### सैफ चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच सुक्ला दत्ता ने सोमवार को बांग्लादेश के ढाका में दो से आठ फरवरी तक होने वाली सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। भारतीय टीम मंगलवार को बांग्लादेश रवाना होगी। सभी मुकाबले ढाका के मुस्तफा कमाल स्टेडियम में खेले जाएंगे। वर्ष 2021 की उपविजेता रही भारतीय टीम दो फरवरी को भूटान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगी।

### चेन्नई करेगा रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग की मेजबानी

नई दिल्ली। रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग का तीसरा संस्करण 15 फरवरी से चेन्नई में खेला जाएगा, जिसमें ट्राफी के लिए नौ टीमें एक दूसरे का मुकाबला करेंगी। अहमदाबाद डिफेंडर्स, बेंगलुरु टॉरपीडो, कालीकट हीरोज, चेन्नई ब्लिट्ज, दिल्ली तूफान्स, हैदराबाद ब्लैक हॉक्स, कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स, कोलकाता थंडरबोल्ट्स और मुंबई मेटियर्स के बीच कड़ी जंग होने के आसार हैं, जबकि फाइनल मुकाबला एसडीएटी मल्टी-पर्पज इंडोर स्टेडियम में 21 मार्च को खेला जाएगा।

### गुकेश दूसरे स्थान पर रहे, मेंडोंका ने खिताब जीता

**विज्क आन जी (नीदरलैंड्स)।** ग्रैंडमास्टर डी गुकेश चीन के वेई यी से अंतिम टाई-ब्रेकर में हारने के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। भारतीय ग्रैंडमास्टर लियोन ल्यूक मेंडोंका ने अंतिम दौर में हमवतन दिव्या देशमुख को हराकर चैलेंजर्स वर्ग का खिताब अपने नाम किया। यह गुकेश के लिए मुश्किल दिन रहा। फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें 13वें गेम में ईरान के परहम माघसूदलू के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद पिछले साल के विजेता अनीश गिरी के खिलाफ तीन टाई-ब्रेक गेम में बेहतर साबित होना था। उन्होंने इन दोनों खिलाड़ियों को शिकस्त देने के बाद खिताबी मैच में वेई यी के साथ पहला मुकाबला ड्रा खेला। चीन के खिलाड़ी ने अगले मुकाबले को जीतकर खिताब अपने नाम किया। वहीं मेंडोंका ने आखिरी चरण के मुश्किल मैच में दिव्या को हराया। यह मुकाबला बराबरी पर चल रहा था लेकिन दिव्या की एक चूक का फायदा उठा कर मेंडोंका ने शानदार जीत दर्ज की।



# सोनम मासकर ने आईएसएसएफ विश्व कप में जीता रजत पदक

**काहिरा, एजेंसी**

**निशानेबाजी विश्वकप में पदार्पण करते हुए किया कमाल**

पहली बार आईएसएसएफ विश्व कप खेल रही सोनम मासकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीत लिया।

सोनम ने आठ महिलाओं के फाइनल में 252.1 स्कोर किया। वह जर्मनी की अन्ना जांस्सेन से 0.9 अंक पीछे रही। पोलैंड की अनेता स्टानकीविच को कांस्य पदक मिला। इससे पहले दिव्यांश सिंह पंवार ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।



विश्व कप में भारत दो स्वर्ण और तीन रजत के साथ शीर्ष पर है। सोनम ने 633.1 और नैंसी ने 632.7 के स्कोर के साथ पांचवां और चौथा स्थान लेकर फाइनल में प्रवेश किया था।

# क्रिकेटरों के पास शराब मिलने की जांच कराएगा एससीए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) ने चंडीगढ़ से राजकोट वापस जाते हुए अपने अंडर-23 क्रिकेटरों के पास से शराब की बोतलें बरामद होने के बाद सोमवार को जांच शुरू करने का फैसला किया।

एससीए सूत्रों के अनुसार यह घटना 25 जनवरी को सीके नायडू ट्रॉफी में मेजबान चंडीगढ़ पर सौराष्ट्र की जीत के बाद हुई। क्रिकेटरों को जिस विमान में चढ़ना था उसके कार्गो क्षेत्र में बड़ी मात्रा में शराब पाई गई। बाद में चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर अधिकारियों ने शराब जब्त कर ली। एससीए ने कहा कि चंडीगढ़ में एक घटना हुई है जिसे सौराष्ट्र क्रिकेट संघ के संज्ञान में लाया गया है। घटना दुर्भाग्यपूर्ण और असहनीय है। अनुशासनात्मक समिति और शीर्ष परिषद घटना की गहराई से जांच करेगी और उचित कार्रवाई करेगी।

# भारत जमैका को रौंदकर क्वार्टरफाइनल में

**मस्कट, एजेंसी**

**एफआईएच हॉकी-5 विश्वकप मुकाबले में 13-0 से दी करारी शिकस्त**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम सोमवार को एफआईएच हॉकी-5 एस पुरुष विश्वकप के अपने तीसरे और अंतिम पूल बी मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जमैका को 13-0 से रौंदकर टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है।

मुकाबले में भारत ने शुरू से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे ही मिनट में दो गोल दाग दिए। ये दोनों गोल मनिंदर सिंह ने किए। इसके बाद उत्तम सिंह और मंजीत ने भी एक-एक गोल किया। खेल के पहले छह मिनट के भीतर भारत ने 4-0 का स्कोर कर मैच पर मजबूत बढ़त बना ली। इसके बावजूद भारत ने लगातार हमलावर रुख अख्तियार करते हुए जमैका पर लगातार दबाव बनाए रखा। इसका फायदा उठाते हुए पवन राजभर ने नौवें मिनट और गुरजोत सिंह ने 14वें मिनट में गोल कर हाफ टाइम ब्रेक तक स्कोर 6-0 कर दिया।

दूसरे हाफ में भी भारत ने आक्रामक रणनीति बनाए रखी। इस दौरान मोहम्मद राहील ने 16वें, 27वें, मनदीप मोर ने 23वें, 27वें, मंजीत ने 24वें और मनिंदर सिंह ने 28वें, 29वें मिनट में गोल कर स्कोर 13-0 कर मुकाबला जीत लिया। क्वार्टरफाइनल 30 जनवरी को खेला जाएगा।

# बॉलीवुड हलचल

## मुनव्वर फारुकी बनें बिग बॉस 17 के विनर

सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 17 में स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी विजेता बन गए हैं। सलमान खान ने बिग बॉस 17 के विनर का एलान मुनव्वर फारूकी के रूप में किया। मुनव्वर फारूकी को बिग बॉस की ट्रॉफी के अलावा इनाम में 50 लाख रुपये की प्राइज मनी और एसयूवी कार भी मिली है। मुनव्वर फारूकी ने फिनाले में अंकिता लोखंडे, मन्नारा चोपड़ा, अरुण माशेट्टी और अभिषेक कुमार जैसे मजबूत दावेदारों को हराया। अभिषेक कुमार इस शो के रनरअप बने हैं।





### नोरा फतेही का म्यूजिक वीडियो आई एम बॉसी रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही का म्यूजिक वीडियो आई एम बॉसी रिलीज हो गया है। इस म्यूजिक वीडियो की कोरियोग्राफी जोजो गोमेज ने की है। इसमें नोरा फतेही ने अपने शानदार डांस कौशल का प्रदर्शन किया है। फैंस इस गाने के ऑडियो रिलीज के बाद से वीडियो का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

### 22 मार्च को रिलीज होगी पंजाबी फिल्म मजनू

पंजाबी फिल्म मजनू 22 मार्च को रिलीज होगी। इसमें गुरमीत सिंह ने संगीत दिया है। हशमत सुल्ताना, कमाल खान, नछतर गिल, जैस्मिन अख्तर, सिमरन भारद्वाज और शाहिद माल्या ने गाने गाए हैं। तिलोक कोठारी द्वारा निर्मित एवं सुजाद इकबाल खान द्वारा निर्देशित फिल्म मजनू में प्रीत बाठ, किरण शेरगिल, सब्बी सूरी, निर्मल ऋषि, गुरप्रीत भंगू, मलकीत रौनी, शिवेंद्र महल, जुगनू शर्मा और बब्बर गिल सहित कई कलाकार हैं। सह निर्माता जुगनू शर्मा हैं, लेखक सभा वर्मा हैं।

## रणबीर-आलिया को सर्वश्रेष्ठ कलाकार का पुरस्कार

रणबीर कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और आलिया भट्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर अवार्ड मिला। 69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड समारोह गुजरात के गांधी नगर में संपन्न हुआ। फिल्म एनिमल के लिए रणबीर कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, जबकि आलिया भट्ट को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। फिल्म 12 वीं फेल को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार दिया गया। विधु विनोद चोपड़ा को 12वीं फेल के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विक्की कौशल को फिल्म डंकी के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड मिला, जबकि शबाना आजमी को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में सपोर्टिंग रोल के लिए अवॉर्ड मिला। बेस्ट प्लेबैक (मेल) का अवॉर्ड अर्जन वैली के लिए भूपिंदर बब्बल को मिला। बेस्ट प्लेबैक (फीमेल) का अवॉर्ड बेशरम रंग के लिए शिल्पा राव को दिया गया। बेस्ट म्यूजिक एल्बम का अवॉर्ड एनिमल के लिए प्रीतम, विशाल मिश्रा, मनन भारद्वाज, श्रेयस पुराणिक, जानी, भूपिंदर बब्बल, आशिम केमसन, हर्षवर्द्धन रामेश्वर और गुरिंदर सीगल को मिला। बेस्ट डायलॉग का अवॉर्ड रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए इशिता मोइत्रा ने जीता। बेस्ट फिल्म (क्रिटिक्स) का अवॉर्ड मनोज वाजपेयी की फिल्म जोरम को मिला। विक्रांत मेस्सी को बेस्ट एक्टर मेल (क्रिटिक) का अवार्ड दिया गया। रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्टर फीमेल (क्रिटिक) दिया गया। बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर का अवॉर्ड तरुण डुडेजा को धक धक के लिए मिला।



## माता सीता की भूमिका निभाकर रोमांचित हैं प्राची

सोनी टेलीविजन पर प्रसारित शो श्रीमद् रामायण में माता सीता की भूमिका निभाकर प्राची बंसल रोमांचित है। इसमें भगवान राम की कालजयी यात्रा को दर्शाया गया है। शो में मर्यादा पुरुषोत्तम राम का किरदार सुजय रेऊ, जबकि माता सीता का किरदार प्राची बंसल ने निभाया है। प्राची बंसल ने कहा कि माता सीता की भूमिका के लिए कई ऑडिशन और मॉक शूट के बाद, जैसे ही मुझे पता चला कि यह भूमिका मिल गई है, आंखों में आंसू आ गए। यह सब काफी स्वप्निल लग रहा था। बाल, मेकअप और पोशाक के लिए लुक को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हमने कई लुक टेस्ट किए, हर लुक पर 10-12 घंटे खर्च किए। लगभग 8-10 टेस्ट्स के बाद, हम वर्तमान स्वरूप पर सहमत हो गए।



### व्हाट द हेल नव्या का नया सीजन फरवरी में

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की नाती नव्या नवेली नंदा के शो व्हाट द हेल नव्या के दूसरे सीजन का टेलर रिलीज कर दिया गया है। अमिताभ बच्चन की नाती और श्वेता बच्चन की बेटी नव्या नवेली नंदा जल्द अपने शो व्हाट द हेल नव्या के दूसरे सीजन के साथ वापसी कर रही हैं। इस पॉडकास्ट में नव्या अपनी मां श्वेता बच्चन और नानी जया बच्चन के साथ दिखाई देने वाली हैं। इंस्टाग्राम पर नव्या ने अपने अपकमिंग पॉडकास्ट का ट्रेलर शेयर किया है। इस वीडियो की शुरुआत में देखा जा सकता है कि नव्या अपनी नानी जया से कहती हैं कि क्या आप जानती हैं कि जया-इंग नाम का एक शब्द है। इसके बाद नव्या जवाब देते वक्त जोर से हंसती हैं और कहती हैं ओह्ह। इसके आगे जया ने नव्या से कहा कि तुम लोग बात-बात में बहुत गालियां देती हो। इसके बाद नव्या ने श्वेता से बात की और कहा कि वह आपका सेंस ऑफ ह्यूमर समझ गई हैं। इसके जवाब में श्वेता कहती हैं नहीं आप मेरा सेंस ऑफ ह्यूमर नहीं समझ सकतीं। व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 एक फरवरी से साप्ताहिक स्ट्रीम होगा।

### कुछ खट्टा हो जाए से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे गुरु रंधावा

जानेमाने गायक गुरु रंधावा फिल्म कुछ खट्टा हो जाए के साथ बॉलीवुड में बतौर अभिनेता डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म में गुरु रंधावा और सई एम मांजरेकर मुख्य भूमिका में हैं। इसमें अनुपम खेर और इला अरुण भी हैं। यह पारिवारिक कॉमेडी फिल्म है। इसका निर्देशन जी अशोक ने किया है, अमित और लवीना भाटिया द्वारा यह निर्मित है। कुछ खट्टा हो जाए 16 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

